देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



पीएम हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहे... 12

द्वितीय चरण में भी 8 सीटों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण...05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 192
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
शुक्रवार | 26 अप्रैल, 2024

**प्रधानमंत्री मोदी ने आगरा में विशाल जनसभा को किया संबोधित, बोले, कांग्रेस आये दिन बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करती है**

# कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी : पीएम

- सपा कर रही है यादवों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात: मोदी
- ओबीसी का हक छीनकर अपने वोटबैंक को देना चाहता है इंडी गठबंधन: प्रधानमंत्री
- शहजादे की एक्स-रे मशीन बहन-बेटियों के अलमारी की जांच करेगी: मोदी
- विरासत पर भी डाका डालने की तैयारी में कांग्रेस और इंडी गठबंधन: प्रधानमंत्री




**जन एक्सप्रेस | आगरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग ओबीसी को मिले आरक्षण के हक पर डाका डालने की तैयारी में है। पीएम मोदी ने कहा कि वे खुद भी ओबीसी समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस षड्यंत्र में समाजवादी पार्टी का भी पूरा साथ मिला है। सपा यादवों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात कर रही है। पीएम मोदी गुरुवार को कोठी मीना बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे की एक्स-रे मशीन अब बहन बेटियों की आलमारी की जांच करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस वाले हमारे परिजनों द्वारा हमें दी गई संपत्ति पर भी डाला डालने की तैयारी में हैं। मोदी ने कहा है कि वो विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं।

### दो लड़कों में दोस्ती का आधार भी तुष्टिकरण की राजनीति

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इरादा यूपी में भी यही खेल खेलने का है, देश में जहां जहां मौका मिलेगा ये पिछले दरवाजे से चोरी छिपे से ओबीसी का हक लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इसमें सपा का भी पूरा साथ मिल रहा है। कांग्रेस और सपा का ये खतरनाक खेल ओबीसी भाइयों, दलितों, वंचितों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में हमारे कुर्मी, मौर्या, कुशवाहा, यादव, जाट, गुर्जर, राजभर, तेली, पाल जैसी अनेक ओबीसी जातियों को भारत के संविधान के अनुसार हक है। इनसे उनका हक छीनकर कांग्रेस और सपा अपने चहेते वोट बैंक को देना चाहते हैं। सपा अपने वोट बैंक के लिए यादवों और पिछड़ों से सबसे बड़ा विश्वासघात कर रही है। यूपी में दो लड़कों में दोस्ती का आधार भी तुष्टिकरण की राजनीति है। दोनों मिलकर भाषण में ओबीसी ओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं।

### जमीन कब्जा करने वालों को योगी सरकार ने सही जगह पहुंचा दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी के मुख्यमंत्री बनने से पहले यहां इंडी गठबंधन वालों का नारा होता था, कि जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है। उस वक्त ऐसे लोगों को लखनऊ में वोट बैंक वाली सरकार का आशीर्वाद प्राप्त होता था। मगर योगी सरकार ने ऐसे लोगों को सही जगह पर पहुंचा दिया है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों का नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस के शहजादे की एक्सरे मशीन अब बहन बेटियों के अलमारी में पहुंचेगी। शहजादे की एक्सरे मशीन लॉकर में पहुंचेगी। किसी गरीब मां ने अपनी बेटी के लिए बचाकर रखा है, कांग्रेस की एक्सरे मशीन वहां भी पहुंचेगी। मंगलसूत्र और गहनों पर सपा और कांग्रेस की सरकार आएगी तो उसपर डाका डालेगी। ये खुद शहजादा और उनके बड़े बड़े लीडर कह रहे हैं। माताएं बहनें सर कटवा देगी मगर स्त्रीधन कभी लेने नहीं देंगी। ये इंडी गठबंधन वालों को मालूम नहीं है।

### हथियारों के दलाल और उनके सहयोगी बौखला गये हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगरा में बन रहे डिफेंस कॉरीडोर से ऐसे लोग बौखला गये हैं, जो दुनियाभर के हथियारों के दलालों से सांठ गांठ करके मलाई खाते थे। उन्होंने कहा कि हथियारों के दलाल पिछली सरकारों में घूस देकर अपना काम कराते थे। पीएम ने कहा कि देश के अंदर बैठे ऐसे लोग नाराज हैं क्योंकि मोदी अब यहां शस्त्र बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहता है। वो नाराज है कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बन रही है। इसलिए वो सभी मोदी के विरोध में एकजुट हो गये हैं।

### इंडी गठबंधन के लिए देश से भी पहले उनका वोट बैंक है

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लिए देश से भी पहले उनका वोट बैंक है। मगर हमारा मॉडल शत प्रतिशत लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का है। हमारे लिये यही सेक्युलरिज्म है। यही सच्चा सामाजिक न्याय है। फ्री राशन, मुफ्त इलाज, पक्का घर, शौचालय, नल से जल जैसे लाभ हर लाभार्थी को बिना भेदभाव के मिले ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए मेहनत कर रहे हैं और उनकी हर योजना को जमीनी धरातल पर ले जाने में मुख्यमंत्री योगी पूरी मेहनत कर रहे हैं।

### यूपी का भाग्य बदल रहा है: मोदी

पीएम ने कहा- आने वाले 5 साल नारी शक्ति को और मजबूत बनाएंगे। हम खेत से लेकर इसरो तक नारी शक्ति का विस्तार देखेंगे। यह मोदी की गारंटी है। योगी और उनकी पूरी टीम मेहनत कर रही है। यूपी का भाग्य बदल रहा है। यह मेरे लिए गर्व का विषय है। आपके हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे। आज बरेली बदायूं के किसानों को 600 करोड रुपए मिल चुके हैं। विकास सर्वोपरि है।

**मुख्यमंत्री ने आगरा और मैनपुरी लोकसभा के लिए विशाल जनसभाओं को किया संबोधित**

# जेवर मां-बहनों की अमानत, कांग्रेस उसे छीनना चाहती है: सीएम योगी



- योगी ने सपा-कांग्रेस के कुकर्मों को गिनाया, विधवाओं के मंगलसूत्र का मांगा हिसाब
- सीएम योगी ने आगरा और फतेहपुर सीकरी के बीजेपी प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट
- मैनपुरी लोकसभा सीट की रैली में मुख्यमंत्री ने डिंपल यादव के खिलाफ खोला मोर्चा
- सीएम का सपा पर हमला, अलका राय, पूजा-जया पाल के मंगलसूत्र का हिसाब दें

**जन एक्सप्रेस | आगरा, इटावा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आगरा और इटावा में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। आगरा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ इसी सीट से बीजेपी प्रत्याशी एसपीएस बेघल और फतेहपुर सीकरी सीट से प्रत्याशी राजकुमार चाहर के लिए वोट की अपील की। वहीं इटावा में मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा नेत्री और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री और यहीं से पार्टी प्रत्याशी जयवीर सिंह के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की। आगरा की रैली में मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर जहां कांग्रेस और इंडी गठबंधन रहा, वहीं मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए रैली में मुख्यमंत्री पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। सीएम योगी ने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल व अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस तरीके से की गई हत्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी।

### सपा नेत्री कब देंगी विधवाओं के मंगलसूत्र पर जवाब

समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी लोकसभा सीट पर रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने पूरे तेवर में दिखे। उन्होंने सपा सरकार में हुई हत्याओं का हिसाब मांगा। सीएम योगी ने दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय, राजू पाल व अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस तरीके से की गई हत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अलका राय, पूजा पाल, जया पाल और कारसेवकों की पत्नियों के मंगलसूत्र का हिसाब समाजवादी पार्टी कब देगी। सपा नेत्री जवाब दें,माफिया के द्वारा गाजीपुर में भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय के साथ मारे गए छह लोगों की विधवाओं का क्या हुआ।

### ये लोग गरीबों के हक पर डाल रहे डाका

सीएम योगी ने कहा कि देश के आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पंच प्रण का आह्वान किया था। यह भारत के अंदर गुलामी के अंशों को समाप्त करने, विरासत का सम्मान करने, आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रत्येक भारतवासियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान करता है तो दूसरी ओर भारत के प्रति नफरत की भावना के साथ खड़े कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन के लोग हैं, जिनका इतिहास देश के खिलाफ गद्दारी और अतीत जाति, क्षेत्र व भाषा के आधार पर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। सत्ता में आने पर उन लोगों ने अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति व गरीबों के हकों पर डकैती डालने का कुत्सित प्रयास किया है।

### नफरत की भावना के साथ खड़े हैं कांग्रेस और सपा

आगरा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व पर किए गए आपके विश्वास का परिणाम है कि दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत आतंकवाद व नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। जनता को बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ताकत के रूप में उभरता दिख रहा है। जिन्हें गरीब कल्याणकारी व विकास की योजनाएं और सुरक्षित भारत अच्छा नहीं लग रहा है, वे फिर से षडयंत्र करने आपके बीच आए हैं।

### कई कार्यकर्ताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

सपा सरकार में पाले गए माफिया ने विहिप के अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा की अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी विधवा का क्या हुआ। सपा ने अपने कृत्यों पर कभी पश्चाताप नहीं किया। यह देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं और भाजपा देश के लिए राजनीति करती है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जिन रामभक्तों का लहू सपा सरकार ने बहाया था। उन नौजवानों की विधवाओं के मंगलसूत्र पर सपा नेत्री जवाब कब देंगी। उन्होंने सपा के परिवारवाद पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या परिवार के बाहर सपा को कोई यदुवंशी कार्यकर्ता नहीं मिला, जिसे वे सदन में भेज सकें। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### कांग्रेस के मेनीफेस्टो पर मुस्लीम लीग का ठप्पा

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन घोर तुष्टिकरण में जुटा है। 24 के चुनाव में कांग्रेस ने जो मेनीफेस्टो जारी किया है उसपर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा हुआ है। पूरा मेनीफेस्टो सिर्फ वोट बैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हमारा मेनीफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है। संविधान भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण की सहमति नहीं देता। फिर भी कांग्रेस आये दिन बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करती है। संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की धज्जियां उड़ा देती है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू किया है। एससी, एसटी, ओबीसी की आंख में धूल झोंककर ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। वो ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण में से छीनकर धर्म के आधार पर अपने वोट बैंक को आरक्षण देगी। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने रातों रात वहां की सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी बना दिया। उन्होंने 27 परसेंट के ओबीसी के हक पर डाका डाला है।

### मोदी आपका चौकीदार बनकर खड़ा है

उन्होंने कहा कि आपसे आपकी संपत्ति छीनने की कांग्रेस और इंडी गठबंधन की योजना यहीं नहीं रुकती। उनका कहना है कि वो आपकी विरासत पर भी लूट करेंगे। जो आपके पिता ने आपके लिए मेहनत करके रखा है, उसके 55 प्रतिशत पर सरकार कब्जा कर लेगी। आज जो संपति आने वाली पीढ़ियों के लिए आप जोड़ रहे हैं उसपर भी ये लोग आधे से ज्यादा टेक्स लगाकर लूटने का प्लान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को दीवार पर लिखा पढ़ लेना चाहिए और कान खोल कर सुन लेना चाहिए कि जबतक मोदी जिंदा है ऐसा कोई भी पाप करने से पहले आपको मोदी से निपटना पड़ेगा। मोदी आपका चौकीदार बनकर खड़ा है। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री बेबीरानी मौर्या, योगेंद्र उपाध्याय, धर्मवीर प्रजापति, आगरा के सांसद व भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर आदि मौजूद रहे।

## गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, पारा 43 डिग्री के पार पहुंचा



**जन एक्सप्रेस | प्रयागराज**

गुरुवार को जिले में तापमान इस साल के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 29.1 रहा। सड़कों पर सन्नाटा रहा और आसमान से आग बरसती रही। हीट वेब के चलते लोग मुंह में रूमाल बांधकर सड़कों पर देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक इसी तरह की गर्मी और लू चलने की संभावना है। सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गर्मी से लोग बेहाल रहे। दिन में चल रही हल्की हवा सूरज के तेवर के आगे फेल रही। सुबह नौ बजे के बाद सड़कों पर लोग निकलने से परहेज करने लगे। जो लोग जरूरी काम से निकले उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह ढककर रखा। मौसम के जानकारों के अनुसार अभी पारा और चढ़ने का अनुमान है।

### प्रयागराज सहित 30 जिलों में हीट वेब का अलर्ट

अप्रैल माह में पांचवी बार प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला साबित हुआ है। जिसके चलते बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें प्रयागराज का नाम भी शामिल है। यह अलर्ट 25 व 26 अप्रैल के लिए किया गया है। मौसम विभाग ने भी अनुमान जताया है कि मंगलवार यानि 30 अप्रैल तक तापमान में निरंतर वृद्धि होगी। इसके अलावा मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव के खतरे को देखते हुए अपनी सभी तैयारियां कर ली है।

### अमेठी से नामांकन कर सकते हैं राहुल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** दावा है कि 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड में मतदान होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश का रूख करेंगे। वह एक मई और प्रियंका गांधी दो मई को नामांकन कर सकती हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेठी और महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा तेज हो गई है। वे नामांकन से पहले अयोध्या दर्शन के लिए भी जा सकते हैं। हालांकि अभी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास पार्टी की ओर से लिखित में कोई कार्यक्रम नहीं आया है। लखनऊ पहुंचे कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा भी इस सवाल पर चुप हैं। अभी तक कांग्रेस के पास सिर्फ रायबरेली सीट ही है।

## मुख्यमंत्री से मिले यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के रहने वाले आदित्य श्रीवास्तव ने देश की प्रतिष्ठित एवं मुश्किल परीक्षाओं में सम्मिलित यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल करके कीर्तिमान स्थापित किया है।नौकरी के साथ यूपीएससी की तैयारी की तथा सफलता हासिल की। उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार का मान बढ़ा है बल्कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की ।लखनऊ के यूपीएससी टॉपर आदित्य श्रीवास्तव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। इस अवसर पर आदित्य के भाई अकुल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने आदित्य को हमेशा ईमानदारी के पथ पर चलने के लिए कहा तथा यूपीएससी परीक्षा में टॉप करने के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए मुलाकात की खबर दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आदित्यश्रीवास्तव एवं उनके भाई अकुल श्रीवास्तव ने आज लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आप लोक सेवा के सुपथ पर लगातार चलते रहें। हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अखिलेश यादव ने किया कन्नौज सीट से नामांकन, बोले यहां के विकास के लिए करूंगा काम

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने चार सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद हैं। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि कन्नौज लोकसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारी को लेकर मचा सस्पेंस एक दिन पहले तक जारी था। बुधवार की शाम यह तय हुआ था कि यहां से सपा के उम्मीदवार अखिलेश यादव ही होंगे। उनके पहले यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवकर बनाया गया था।

### कार्यकर्ताओं में थी नाराजगी

दरअसल, दो दिन पहले अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया गया था। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी, ये बात पार्टी आलाकमान तक पहुंची। मंगलवार की शाम से ही यह तय माना जा रहा था कि अब अखिलेश यादव ही यहां से चुनाव लड़ेंगे।

### रुझान देखकर भाजपा के नेताओं की भाषा बदली

अखिलेश ने कहा-चुनाव रुझानों को देखकर भाजपा नेताओ की भाषा बदल गई। कन्नौज की क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान-पाकिस्तान की बातें करने वाले लोग बेरोजगारों की बात नहीं कर रहे। पेपर लीक करवा रहे हैं ताकि नौकरी न देनी पड़े। भाजपा के लोग टैक्स के नाम पर पैसा वसूल रहे हैं। जीएसटी देने वालों को जीएसटी चोरी करना इन लोगों ने सिखाया। देर से नाम घोषित करने के सवाल पर बोले कि हथौड़ा तब मारना चाहिए, जब लोहा गर्म हो और हमने वही काम किया है। अखिलेश ने कहा-मैं अभी नामांकन करके आ रहा हूं। पार्टी, नेता, कार्यकर्ता, और सभी की भावनाएं यह थी कि मुझे यहां से चुनाव लड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। मैं कन्नौज के विकास के लिए काम करूंगा। यहां का व्यापारी जिस सड़क पर चलता है, वो समाजवादी पार्टी की देन है। अखिलेश ने कहा-पांडु नदी, काली नदी और ईशन नदी पर समाजवादियों ने पुल बनाने का काम किया था। हमने रसूलाबाद में हवाई पट्टी बनवाई थी। जिस ओर महज एक बार हवाई जहाज उतारा गया भाजपा की ओर से। गंगा पार हमने रनवे बनवाया था सुरक्षा के लिहाज से। उस पर भी भाजपा ने कोई काम नहीं किया।

### अब भी कन्नौज सपा का गढ़

रामगोपाल यादव ने कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के बयान पर कहा-अब भी कन्नौज सपा का गढ़ है, जो जीत गया वह उसकी पहली और आखिरी जीत थी। उनके (सुब्रत पाठक) दिमाग में फितूर हो गया है। सुब्रत पाठक ने कहा था कि सपा सांप्रदायिकता, जातिवाद और परिवारवाद की पाठशाला से निकली है।

### शिवपाल ने भतीजे को जीत का आशीर्वाद दिया

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नामांकन से पहले अखिलेश ने सोशल मीडिया पर 24 साल पहले किये गए कन्नौज से अपने नामांकन की फोटो एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, फिर इतिहास दोहराया जाएगा। अब नया भविष्य बनाया जाएगा। इसके बाद चाचा शिवपाल ने भतीजे अखिलेश की पोस्ट को शेयर कर लिखा- विजय भवः सर्वदा।

### सपा ने 7 सेट में खरीदा था नामांकन पत्र

कन्नौज के लिए मंगलवार को सपा के 4 कार्यकर्ताओं ने 7 सेट में नामांकन पत्र खरीदा था। सूत्रों ने बताया कि इसमें अखिलेश यादव के नाम का भी पर्चा था। सामान्य तौर पर एक प्रत्याशी 4 सेट में ही नामांकन पत्र खरीदता है। ऐसे में वहां से 7 सेट खरीदने के बाद अखिलेश के चुनाव लड़ने की चर्चा शुरू हो गई थी।

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराएंगे लोकसभा चुनावः डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट एवं विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर के सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण गुरुवार को दो पालियों में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में विकास भवन के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि यह तीसरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि 20 मई को जनपद चित्रकूट में मतदान संपन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो मतदान प्रतिशत संकलन एप लागू किया गया है, उसी के अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड करके दिया जाना है। कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट का रजिस्ट्रेशन एआरओ द्वारा किया जाएगा तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। कहा कि मतदान के दिन कोई समस्या न हो, जो रूट चार्ट दिया गया है, उसी के अनुसार सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर ले। गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदान के एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियां रवाना होगी, इससे पहले सभी बूथों का निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं को देखें तथा अगर कोई समस्या है, तो तत्काल उसका निस्तारण संबंधित एआरओ के माध्यम से कराएं। मांक पोल के दौरान एवं मतदान के दौरान अगर कोई मशीन खराब होती है, तो भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही उसे बदला जाए। कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। सभी लोग एक बार अपने मतदान क्षेत्र का भ्रमण अवश्य कर ले और संवेदनशील बूथों पर विशेष ध्यान दे। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई हैं, वह प्रपत्र 12 क तत्काल भर कर भेजें ताकि उनका मतदान ईडीसी के माध्यम से कराया जा सके तथा वह अधिकारी-कर्मचारी, जो दूसरे जनपद के है और जनपद चित्रकूट में नौकरी कर रहे हैं, वह प्रपत्र 12 भरेंगे तथा उसमें निर्वाचन ड्यूटी की छाया प्रति व ईपिक की छाया प्रति लगाकर भेजेंगे। जिसे संबंधित जनपदों पर भेज कर उनके भी मतदान कराने की प्रक्रिया कराई जा सके। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों से कहा कि जो प्रशिक्षण दिया गया है, उसका अच्छी तरह से अध्ययन कर ले ताकि मतदान के दौरान कोई समस्या न हो। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो एप लागू किया गया है, उसी पर मतदान प्रक्रिया की सूचना भेजना है। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जो बुकलेट दी गई है, उसका भी अच्छी तरह से अध्ययन करें ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो। अपर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह तथा शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला द्वारा दो पालियों में विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट एवं विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र क्रम, पोलिंग पार्टियों की निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, माक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू का पावर ऑफ करना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियां, एएसडी मतदाता, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, पीठासीन अधिकारी की डायरी सहित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित, कोर्ट का फैसला तय करेगा राजनैतिक भविष्य

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। कोर्ट का फैसला धनंजय सिंह का राजनीतिक भविष्य तय करेगा। क्योंकि धनंजय पर जो आरोप लगे हैं उसमें कम से कम सात साल की सजा का प्रावधान है। गुरुवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चली सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। उम्मीद है कि अगले हफ्ते तक फैसला आ जाएगा। गौरतलब है कि अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# टॉप 10 अपराधियों के खिलाफ न्यायालयों में समय से पेश कराएं गवाहः डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन तथा नारकोटिक्स के संबंध में बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कुछ वाद चिन्हित कर उस पर कार्यवाही करें। उन्होंने टॉप टेन अपराधियों के गवाहों के संबंध में कहा कि उनको सम्मन देकर प्रगति कराएं एवं ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को निर्देशित किया कि इसकी मॉनिटरिंग करते रहें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित लिपिक फाइलों में आनाकानी करें, तो उसके खिलाफ कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को निर्देशित किया कि फाइलों में जो कमी है, उस पर विचार कर प्रगति कराए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि आप लोगों को सरकारी पद पर रखा है कि मुकदमों में कमी कराएं। आप लोग हर मीटिंग में बहाना बनाते हैं ऐसे कार्य नहीं होगा। उन्होंने पास्को एक्ट के संबंध में कहा कि पहले आप लोग लिस्ट बनाकर कार्य करते थे। जिसमें प्रगति होती रही, उसी तरह से कार्य करें। जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि किसी प्रकार की समस्या है, तो बताएं। आप लोग कार्य योजना बनाकर कार्य करें, तभी प्रगति हो पाएगी। बैठक में एससी/एसटी एक्ट, महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध, आईपीसी धारा, सत्र न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालय, अन्य अधिनियम, समन तामीला, गवाहों की उपस्थिति, जमानत, एनडीपीएस एक्ट आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**




स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ब्लॉक सभागार पहाड़ी में खंड विकास अधिकारी पहाड़ी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम गुरुवार को आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की दूत बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही दस्तक अभियान में जब आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री साथ में घर-घर भ्रमण पर जाएंगी, तब वह अपने विभागीय कार्य के साथ ही सभी परिवारों व महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने लिए प्रेरित करने का कार्य करें। आयोजित कार्यक्रम में सभी उपस्थित महिलाओं-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई गई एवं सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया एवं मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। कार्यक्रम में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाओं द्वारा सहभागिता की गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी पहाड़ी दिनेश मिश्रा, सीडीपीओ वीरेंद्र कुशवाहा, सीडीपीओ पहाड़ी महेन्द्र पटेल, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदयप्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, बीपीएम, बीसीपीएम, बीएमएम सहित समस्त मुख्य सेविका आदि मौजूद रहे।

## युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में झांसी कानपुर रेल मार्ग पर ग्राम पिंडारी रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदनी निवासी राजेंद्र वर्मा का 25 वर्षीय पुत्र सचिन वर्मा बुधवार शाम को मंदिर जाने की बात कह कर घर से निकला था, जहां वह अक्सर अपने दोस्तों के साथ बैठा करता था। बताया गया है कि जब वह समय रहते घर नहीं लौटा तब रात करीब 10 बजे घरवालों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो पुलिस ने फोन उठाया। जिन्होंने बताया की सचिन की झांसी कानपुर रेल मार्ग स्थित पिंडारी रेलवे लाइन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, और शव के पास से ही उसका मोबाइल मिला है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

# चोरी की 14 बाइकों के साथ दबोचा गया वाहन चोर गैंग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में एसओजी/सर्विलांस एवं थाना राजापुर की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुये चार आरोपियों को चोरी की 14 बाइक, चार तमंचे-कारतूस, आठ मोबाइल फोन व लूट की घटना के पैसों के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजापुर एवं एसओजी/सर्विलांस प्रभारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर कस्बा राजापुर स्थित तुलसी ढ़ाबा के पास से आरोपी अंकित सिंह निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, बउआ सिंह निवासी ग्राम छीबो थाना राजापुर व उत्तम कुमार निवासी लुधौरा बरेठी थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक बाइक, तीन तमंचे-कारतूस, सात मोबाइल फोन व लूट के पैसे बरामद किए गए। आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया गया कि बीते सोमवार की रात्रि में उनके द्वारा राजापुर नगर पंचायत कार्यालय से सामने से एक व्यक्ति के साथ लूट की थी, जिसमें एक मोबाइल फोन व पैसे शामिल थे। इस लूट की घटना के सम्बन्ध में राजापुर थाने में अभियोग भी पंजीकृत है। साथ ही बताया कि ये तीनों आरोपी अपने एक अन्य आरोपी साथी नवनीत के साथ मिलकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बाइक सवार की रैकी करके बाइकों को चुराते हैं। बताया कि चोरी की बाइकें पशु मेले के टीन सेड के नीचे आरोपी साथी नवनीत की देखरेख में छिपा रखीं है। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा पशु मेले के टीन सेड के पास से आरोपी नवनीत निवासी ग्राम छीबो थाना राजापुर को तमंचा-कारतूस व एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया तथा टीन सेड के नीचे से 13 बाइके बरामद की गई। आरोपियों ने यह भी बताया कि ये लोग शंकरगढ़, प्रयागराज, बांदा तथा चित्रकूट के विभिन्न क्षेत्रों से बाइकों को चुराकर उनके चेचिस नम्बर घिसकर/रगड़ कर उनके नम्बर प्लेट बदल कर उन्हें बेच देते हैं तथा जो भी पैसा मिलता है, उसे आपस में बांट लेते हैं।

गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों के विरुद्ध थाना राजापुर में अभियोग पंजीकृत किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी अंकित सिंह के विरुद्ध जनपद चित्रकूट, फतेहपुर व बांदा के विभिन्न थानों में एक दर्जन, आरोपी बउवा उर्फ सत्यांशु सिंह, उत्तम कुमार व नवनीत के विरुद्ध जनपद चित्रकूट के विभिन्न थानों में कई अभियोग पंजीकृत है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओजी/ सर्विलांस टीम के प्रभारी एम.पी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा व थाना राजापुर टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार, निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, उपनिरीक्षक कन्हैया बक्स, इमरान खान, उपनिरीक्षक यूटी अखिलेश सिंह यादव, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी लवकुश यादव, उज्ज्वल पाण्डेय, प्रकाश मिश्रा, वीरपाल व शुभम मिश्रा शामिल रहे।

## डीएनए रिपोर्ट के बाद मामले ने बदली करवट, हुआ बड़ा खुलासा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी लक्ष्मण सिंह का लड़का राहुल डंपर ड्राइवर था। जो मंगलवार तड़के नेशनल हाईवे के एट टोल प्लाजा के पास दो डंपरों में भिड़ंत के बाद आग लगने का शिकार हुआ था। जिस डंपर में राहुल था उसकी ड्राइविंग सीट पर पुलिस को कुछ ऐसे अवशेष मिले थे। जिससे माना जा रहा था कि राहुल की जिंदा जलकर मौत हो गई है। जबकि दूसरे डंपर में पुलिस को कुछ नहीं मिला था और माना जा रहा था कि उसका ड्राइवर कूदकर भाग गया है। पुलिस ने राहुल वाले डंपर से मिले अवशेषों को समेट कर पोस्टमार्टम और डीएनए टेस्ट के लिए भेज दिया था। इसके अलावा राहुल के घरवालों को पुलिस ने घटना की जानकारी दी थी। लेकिन बुधवार रात को अचानक राहुल सही सलामत अपने घर पिरोना पहुंचा। जहां उसको देखकर पिता लक्ष्मण सिंह, मां उषा देवी और छोटे भाई अजय को यकीन ही नहीं हुआ। जब उन्होंने राहुल को अपने हाथों से गले लगाया, तब उनको पता चला की जो वह देख रहे हैं, वह बिल्कुल सही है। फिलहाल इस बारे में पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। जिसमें पुलिस ने राहुल से पूछताछ की जिसमें पता चला की घटना के वक्त राहुल डंपर में अकेला था और उसके साथ कोई नहीं था। अब पुलिस इस बात की जांच पड़ताल कर रही है कि ड्राइविंग सीट पर जो अवशेष मिले वह किसके हैं और क्या है। उधर राहुल ने बताया कि घटना के बाद वह डंपर से कूद गया था और डर की वजह से भाग गया था।

# सड़क हादसे में पिता की मौत पुत्र व उसकी प्रेमिका घायल

* बाइक पर सवार होकर कोर्ट मैरिज के लिए न्यायालय जा रहे थे तीनों लोग, अज्ञात ट्रक की टक्कर से हादसा

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ग्राम उसरगांव के समीप बाइक में टक्कर मारी मार दी। जिसमें बाइक पर सवार तीन लोगों में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोगो को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कालपी के ग्राम पड़री निवासी रामआसरे अपने पुत्र रितिक व उसकी 21 वर्षीय प्रेमिका पुष्पा निवासी मुजफ्फरपुर बिहार के साथ गुरुवार को बाइक पर सवार होकर कोर्ट मैरिज के लिए न्यायालय उरई जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम उसरगांव के समीप स्थित आस्था ढाबा के पास पहुंची। तभी अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहे पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र व उसकी प्रेमिका घायल हो गए। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लिया।

### रितिक और पुष्पा के बीच दिल्ली में हुआ था प्रेम प्रसंग

कालपी। घटना में घायल हुये रितिक ने बताया कि वह दिल्ली में नौकरी कर रहा था। वहीं पर पुष्पा भी काम करती थी, तभी हम दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हुआ था। काफी मान मनव्वल के बाद परिवार शादी के लिए मान गया था। इसी कारण से पिता के साथ मैं और मेरी प्रेमिका कोर्ट मैरिज करने जा रहे थे। तभी रास्ते मे यह हादसा हो गया।

## सवारियों से भरी बस पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल, ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** ब्रेक फेल हो जाने के कारण सवारियों से भरी प्राइवेट बस पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसा सरायअकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव के सामने हुआ। हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। बस कौशाम्बी से प्रयागराज आ रही थी। पलटने के पहले चालक चलती बस से नीचे कूद गया। सरायअकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में शनिवार को सुबह करीब दस बजे सवारियों से भरी प्राइवेट बस पलट गई। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में दर्जन भर से अधिक यात्रियों को चोटे आई हैं। सभी को स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण बस की बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। पश्चिम शरीर से सवारियों को भरकर प्रयागराज जा रही प्राइवेट बस सरायअकिल इलाके के जयंतीपुर में कमानी टूटने से पलट गई। इससे चीख पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

# 13 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्राधिकरण सचिव ने जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के चलते आगामी 11 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि का परिवर्तन कर दिया गया है। जिसके तहत अब आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिसमें जिला एवं पुलिस प्रशासन की अतिव्यस्तता को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा अब आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने के निर्देश दिए गए है।

प्रभारी सचिव ने बताया कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम एवं जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, चकबन्दी, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, राजस्व वसूली, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही ऐसे मामले, जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए है, उनका प्रीलिटिगेशन के माध्यम से विशेषकर पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसी प्रकार उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए।

# तालाब में डूबने से चचेरे भाई-बहनों की मौत, आम बीनते समय पैर फिसलने से हादसा

**जन एक्सप्रेस । कौशांबी**

रहीमपुर मौलानी गाव में शारदा व तीरथ सगे भाई हैं। गांव में वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। परिवार में बच्चे अभी छोटे हैं। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मोलानी गांव में मंगलवार की शाम आम बिनने गए चचेरे भाई बहन तालाब में डूब गए। कुछ देर बाद खोजते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों को तालाब से निकाल कर जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चों की मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है। रहीमपुर मौलानी गाव में शारदा व तीरथ सगे भाई हैं। गांव में वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहते हैं। दोनों परिवार के मुखिया मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। परिवार में बच्चे अभी छोटे हैं। शारदा का बेटा अंधू (7) व तीरथ की बेटी उर्मिला (6) मंगलवार शाम पढ़ाई के बाद गांव के बाहर तालाब किनारे लगे आम के पेड़ से कच्चे आम तोड़ने गए। अंधू पेड़ में पत्थर मारकर आम तोड़ कर नीचे गिरा रहा था। जिसे उर्मिला उठा कर एक जगह एकत्रित कर रही थी। इसी दौरान पास में तालाब में अचानक शिवानी का पैर आम उठाने के चक्कर में फिसल गया। वह तालाब में गिरकर डूबने लगी। चचेरी बहन उर्मिला को डूबता देख अंधू उसे बचाने की कोशिश में खुद भी तालाब मे उतर गया। ठोस सहारा न मिलने के चलते दोनों तालाब मे दलदल मे फंस कर डूब गए। देर शाम होने के बाद भी बच्चे जब घर नहीं पहुंचे। बच्चों के अचानक लापता होने से घबराए परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। देर रात रात तालाब में उर्मिला का फ्रॉक दिखाई पड़ा। ग्रामीणों ने शोर मचा कर परिवार के लोगों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने तालाब में उतर कर बच्चों की तलाश कर दोनों को बाहर निकाला। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। दोनों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि गांव के लोगों के जरिए तालाब मे शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर आग का गोला बना डंपर, चालक ने कूदकर बचाई जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के खम्मा नंबर 174 पर बांदा की ओर से आ रहा गिट्टी लदा डंपर में अचानक आग लग गई। घटना से एक्सप्रेस वे पर हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। फिलहाल चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। चालक ताविन बंदा से डंपर में गिट्टी लादकर इटावा जा रहा था। डंपर जैसे ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के खम्मा नंबर 174 पर पहुंचा। तभी अचानक उसके टायरों में आग लग गई। चालक कुछ समझ पाता तब तक आग पूरे डंपर मे फैल गई थी। आग का गोला बनकर दौड़ रहे डंपर को देखकर राहगीरों में अफरातफरी मच गई। वहीं डंपर में लगी आग देखकर चालक घवरा गया और उसने किसी तरह रोड किनारे डंपर खड़ा किया और कूदकर अपनी जान बचाई। फिलहाल हादसा देखकर राहगीरों ने जानकारी दमकल कर्मियों को दी गई।

# जागरूकता अभियान के जरिए किया मतदान के प्रति जागरूक

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



राजापुर कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलिज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रंगोली तथा भाषण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

आगामी 20 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलिज की प्रधानाचार्या पार्वती देवी ने बताया कि छात्राओं पलक, उर्मिला, दिव्यांशी, उमा, जागृति, सुचेता, प्रियांशी, शोभा, गंगा के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षित और अशिक्षित मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान का महत्व और मतदान से लोकतंत्र की मजबूती पर प्रस्तुति करण करते हुए प्रकाश डाला। रंगोली कार्यक्रम में शिक्षिका दीक्षा त्रिपाठी ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लोगो को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली छात्राएं खुशी, साक्षी, शिखा, आंचल, खुशबू आदि छात्राओं ने शिक्षिका अंजना सिंह के मार्गदर्शन में पहले मतदान फिर जलपान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साथ ही मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रियांशी, सलोनी, प्रियदर्शनी, राधा आदि छात्राओं ने चित्रकला के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं उर्मिला, दिव्यांशी, पलक, नेहा तिवारी आदि छात्राओं ने शत-प्रतिशत मतदान करने व लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता डॉ गौरी ने कहा कि सभी छात्राएं अपनी पड़ोस की महिलाओं द्वारा 20 मई को मतदान कराने का दायित्व का निर्वाह करें, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आँधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है।

**मौसम पूर्वानुमान**

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.4 (-1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 44 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# क्या कानपुर लोकसभा चुनाव में डूब रही है रमेश अवस्थी की चुनावी नैय्या?






**काफी कार्यकर्ता वर्तमान प्रत्याशी से दिख रहे थे नाराज, कार्यकर्ताओं की नाराजगी के बाद ही बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक ने पीएम मोदी को लिखा था पत्र**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** कानपुर लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया का कल गुरुवार को अंतिम दिन था। लेकिन बजरंग दल के 10 वर्षों तक राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे प्रकाश शर्मा के द्वारा प्रत्याशी के रूप में नामांकन कराने को लेकर भाजपाइयों में हड़कंप मच रहा। जिसके बाद प्रकाश शर्मा ने खुद एक प्रेस वार्ता कर यह स्पष्ट किया कि शीर्ष के बड़े नेताओं के कहने पर वह नामांकन नहीं करा रहे हैं। इस दौरान प्रकाश शर्मा ने रमेश अवस्थी के चयन को लेकर जमकर निशाना भी साधा, जैसे ही प्रकाश शर्मा के द्वारा की गई प्रेस वार्ता का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर वायरल हुआ तो जनता के बीच भी यह चर्चा आम हो गई कि क्या इस बार कानपुर की सीट पर कमल को खिलने में दिक्कत होगी ?

ज्ञातव्य हो कि अभी बीते दिनों ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भाजपा के कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के चयन को लेकर अपना संपूर्ण जीवन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भाजपा को समर्पित करने वाले प्रकाश शर्मा ने पीएम मोदी को पत्र लिखा था। प्रकाश शर्मा ने पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा था कि कानपुर नगर में भाजपा से जो प्रत्याशी रमेश अवस्थी चयनित कर भेजे गए हैं उन्हें रेलवे स्टेशन पर खुद पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही नहीं पहचान पाए और वह सभी ऐसे व्यक्ति की ओर दौड़ पड़े और उसका माल्यार्पण कर दिया जो रमेश अवस्थी थे ही नहीं। प्रकाश शर्मा ने कई विभिन्न मुद्दों पर पत्र लिखते हुए कानपुर लोकसभा सीट पर पुनर्विचार करने की याचना की थी। जब मामले में काफी गर्माहट आई तो रमेश अवस्थी को चुनाव लड़ा रहे लोगों के द्वारा यह बयान बाजी करते हुए कहा गया कि प्रकाश शर्मा इसलिए नाराज है क्योंकि रमेश अवस्थी उन्हें भाव नहीं दे रहे हैं।लेकिन प्रकाश शर्मा के द्वारा पीएम मोदी को लिखे गए पत्र का मामला शांत हो गया था और जनता यह भूल गई थी कि रमेश अवस्थी को लेकर भारतीय जनता पार्टी में अंदर ही अंदर विरोधा भास है जिसका जिक्र फिर नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन बोतल से निकलकर के बाहर आ गया।

### रमेश अवस्थी के चयन को लेकर नाराज लोगों की सूची में हो रहा है इजाफा

कानपुर लोकसभा के दर्जनों ऐसे भाजपा के कद्दावर कार्यकर्त्ता हैं जिनके एक इशारे पर लाखों वोट इधर से उधर हो सकते हैं। कई ऐसे कर्ता थे जिन्होंने जन एक्सप्रेस संवाददाता को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रमेश अवस्थी नामक प्रत्याशी ने उन्हें कभी तवज्जो नहीं दी, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं से ज्यादा वह अपने साथ चाटुकारों को लेकर चल रहे हैं। यह भी कहा कि उन्हें बड़ा घमंड है कि वह आसानी से चुनाव जीत लेंगे।

### कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर उठा गंभीर सवाल

प्रकाश शर्मा के द्वारा कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के चयन पर जो उंगली उठाई गई है उसे दबी जुबान में पूरे कानपुर का भाजपाई समर्थन दे रहा है। प्रकाश शर्मा ने खुलकर के यह कहा कि भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता चाय बेचने वाला जब प्रधानमंत्री बन सकता है, ऐसे में कानपुर लोकसभा सीट पर किसी समर्पित कार्यकर्ता को तवज्जो क्यों नहीं दिया गया ?

### इशारों इशारों में प्रत्याशी को कह डाला सेटिंग गेटिंग वाला

प्रकाश शर्मा ने पत्रकार बंधुओ से वार्ता करने के समय इशारों इशारों में कर डाला कि कार्यकर्ता बहुत मेहनत करता है। अगर कार्यकर्ता भी पार्टी का हित छोड़कर सेटिंग गेटिंग में लग जाए, हीरो हीरोइन बन जाए क्रिकेटर बन जाए और वहां से अकूत संपत्ति बनाकर वापस आ जाए तो क्या उसी को टिकट दे दिया जाएगा जो समर्पित कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन भाजपा में दे डाला क्या उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने इशारों इशारों में वर्तमान प्रत्याशी को लेकर बहुत कुछ कह डाला।

### लाखों लोगों की जुबान पर रहता है प्रकाश शर्मा का नाम

कानपुर नगर के जिस प्रकाश शर्मा नाम के शख्स ने रमेश अवस्थी के चयन को लेकर उंगली उठाई है, उनके बारे में कानपुर नगर की जनता का यह कहना है कि यह वही प्रकाश शर्मा है जिन्होंने उस समय विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भाजपा के लिए काम किया जब भाजपा अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही थी। उन जगहों पर यात्रा लेकर गए जहां पर लोग यात्रा और आंदोलन करने से डरते थे। प्रकाश शर्मा राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर कई आंदोलन में अपने साथियों संग सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। अभी भी प्रकाश शर्मा का दावा है कि भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों के पार जाएगी लेकिन उनका यह कहना है कि कानपुर लोकसभा सीट पर जो रमेश अवस्थी का चयन हुआ है वह चयन कहीं ना कहीं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के 400 पार के नारे को खंडित करने वाला है ऐसे में उन्होंने पार्टी हित में यह आवाज उठाई थी और वह उठाते रहेंगे क्योंकि उनका पूरा जीवन पार्टी के हित में समर्पित है।

## 28 अप्रैल को ग्लोबल एजुकेशन फेयर का द लैंडमार्क टावर्स में होगा आयोजन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

एईसी ओवरसीज ग्लोबल एजुकेशन फेयर 28 अप्रैल 2024 (रविवार) को 12ः00 बजे से 5ः00 बजे तक कानपुर के द लैंडमार्क टावर्स में आयोजित होगा। हर साल की तरह यह आयोजन कानपुर का सबसे बड़ा स्टडी अब्रॉड इवेंट होने का वादा करती है। और खुशखबरी यह है कि स्टूडेंट्स तथा पेरेंट्स के लिए प्रवेश बिल्कुल मुफ्त है। 50+ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों और 8+ शीर्ष विदेश अध्ययन स्थलों (यूके, कनाडा, अमेरिका, आयरलैंड, दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी) के एक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ, यह एक महाआयोजन होने का वादा करती है। इस साल के ग्लोबल एजुकेशन फेयर 15ह्वद्ध एडिशन में, हर साल की तरह, छात्रों को न केवल उनके विदेश में अध्ययन के सभी सवालों को स्पष्ट करने का मौका मिलेगा, बल्कि विश्वविद्यालय और कोर्स चयन, एप्लीकेशन प्रक्रिया, वीज़ा सहायता, स्कॉलरशिप के अवसर और ऑन स्पॉट ऑफर लेटर के सभी पहलुओं पर एक्सपर्ट काउन्सलर परामर्श भी प्राप्त करेंगे। एईसी ओवरसीज जो साल 2006 में स्थापित किया गया था, भारत के प्रमुख स्टडी अब्रॉड कंसल्टेंट्स में से एक है। इस मौके पर बोलते हुए, श्रीमती अंजली अग्रवाल निदेशक एईसी ओवरसीज कानपुर ने कहा, हम ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन करके उत्साहित हैं, शीर्ष ग्लोबल विश्वविद्यालयों और आकांक्षी स्टडी अब्रॉड छात्रों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए। एईसी ओवरसीज भारत की प्रमुख विदेशों में अध्ययन कंसल्टेंट संगठनों में से एक है और जानता है कि कैसे किसी भी छात्र के विदेश में अध्ययन के सपने को सफल बनाया जाए। हम विदेशों में शिक्षा सेवा कन्सल्टन्सी में करीब 18 साल से हैं और 29,000+ छात्रों को भेजने और 500+ विश्वविद्यालयों के साथ सीधा डायरेक्ट साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। मिसेज अंजली अग्रवाल कानपुर की प्रमुख शिक्षाविद और स्टडी अब्रॉड कन्सल्टन्ट हैं। वैसे ही, एईसी ओवरसीज के डायरेक्टर मिस्टर पीयूष अग्रवाल और मिस्टर मोहित अग्रवाल, दोनों प्रतिष्ठित ब्रिटश यूनिवर्सिटीज से ग्रेजुएट है।

संगठन का हेड ऑफिस दिल्ली में है और 4 शाखा हैः हैदराबाद, रायपुर, पुणे और नोएडा। यह संगठन एएरी, पीआईईआर, ब्रिटिश काउंसिल, और नाफ्सा प्रमाणित है।

## मकान के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मुक़दमा दर्ज









जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना चौबेपुर क्षेत्र स्थित ग्राम पचोर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो पक्षों में मकान के विवाद को लेकर झगड़ा हो, इस दौरान खूनी संघर्ष देखने को मिला कुछ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं. साथ ही झोपड़े भी जलाए गए थे. जिसका वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।आरोप है कि नरेश की चाची ने अपना मकान चौबेपुर निवासी हनुमान गौतम को बेच दिया था. गुरुवार को जब हनुमान अपने समर्थकों संग मकान खाली कराने पहुंचे, तो नरेश राजपूत व अन्य परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हो गया. इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई. मारपीट में पांच से अधिक लोग लहूलुहान हो गए. आरोप था कि आरोपियों में से किसी ने मकान में आग भी लगी दी. मिली जानकारी के अनुसार झगड़े की शुरुआत इस लिए हुई जब अनीता ने घर हनुमान को बेच दिया बसंत जो अनीता का चचिया ससुर है उसका कहना है कि पैतृक संपत्ति का बटवारा हुए बिना अनीता को मकान बेचने का हक़ नहीं था, पड़ोसी हनुमान ने सारी बातें और विवाद जानते हुए भी मकान खरीदा है. इस मामले में कुछ दिन पहले शांति भंग की आशंका में चौबेपुर पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद भी किया था। गुरुवार दोनों पक्ष ने फिर लड़ना शुरू कर दिया। दोनों के बीच लड़ाई इस कदर चली की कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की जांच में निकाल कर सामने आया है कि खुद ही दोनों पक्षों ने अपने अपने ख़ाली छप्परों में आग लगा ली ताकि पेशबन्दी में मज़बूत मुक़दमा लिखा जाए। पुलिस ने हिरासत में चार लोगों को लिया है. साथ ही साथ चौबेपुर पुलिस ने दोनों पक्ष से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

## जच्चा-बच्चा की आधा दर्जन स्टाफ नर्सों को वाया, विली की करवाई गई ट्रेनिंग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत में गर्भाशय के मुख के कैंसर की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रतिवर्ष लगभग 25000 नए सर्वाइकल कैंसर के केस रिपोर्ट किए जाते हैं। स्त्री रोग विभाग जीएसवीएम के जच्चा बच्चा अस्पताल में अब तक लगभग 5000 मरीजों की सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इसी क्रम में गुरुवार को कॉलेज ऑफ नर्सिंग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर के साथ संयुक्त तत्वाधान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की 50 स्टाफ नर्स को वाया, विली की ट्रेनिंग करवाई गई। यह टेस्ट स्वास्थ्य केंद्रों पर सीमित संसाधनों के साथ किया जा सकता



है। जिसमे कैंसर सरविक्स के प्रारंभिक स्टेज के बारे में पता लगाया जा सकता है। इस टेस्ट के द्वारा एसिटिक एसिड तथा, लुगोल आयोडीन लगाकर सीधे बच्चेदानी के मुहाने अर्थात सर्विस की जांच की जाती है व प्री कैंसर एरिया को पहचानकर एब्नार्मल होने पर रेफर किया जाता है।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं कैंसर ओपीडी इंचार्ज जच्चा बच्चा अस्पताल डॉ.नीना गुप्ता एवं डॉ.पाविका लाल द्वारा ट्रेनिंग में आए हुए लगभग 60 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ कानपुर नगर डॉ.आलोक रंजन एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर डॉ.संजय काला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.करेश प्रसाद, सचिव नमिता बत्रा, डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.सुमन लता वर्मा, डॉ.चयनिका काला, डॉ.लुबना खान, डॉ.सीमा द्विवेदी, डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ.शैली अग्रवाल, डॉ. वंदना शर्मा सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## कैसे बचा सकते हैं हरे पौधे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

एस एन सेन बालिका महाविधाय पीजी कॉलेज में चल रहे 8 दिसवीय व्याख्यान के अंतर्गत गुरूवार को वनस्पति विज्ञान विभाग में दलहन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डा0 काली कृषण हजारा द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होने कहा कि ग्रीन हाउस गैस को जैसे ही वायुमण्डल अब्सोर्ब करता है टेम्परेचर बढ़ जाता है।

उन्होने विशेष बल देते हुए कहा कि कार्बन सिक्रेस्ट्रेशन की आवश्यकता है और इसके लिए सबसे ज्यादा आवश्यकता है अधिक से अधिक पौधे उगाने की जो कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा को नियंत्रित करते है।

## खुले मेनहोल मामले में निरीक्षण करने घटनास्थल पर खुद पहुंचीं महापौर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र में एक खुले मैनहोल में गिरकर एक युवक की मौत हो गयी थी। अज्ञात लाश बुधवार को पुलिस द्वारा निकाली गई थी। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए महापौर प्रमिला पाण्डे जलकल महाप्रबन्धक आनन्दकुमार त्रिपाठी के साथ विनायकपुर बंबा रोड खुद पहुंची थीं। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने मौके पर पाया कि मैनहोल खुला हुआ है और मेनहोल नगर निगम या जलकल द्वारा निर्मित नही किया गया है, बल्कि आस-पास के लोगों द्वारा निजी तौर पर अवैधा तरीके से इसका निमार्ण



किया गया है। महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही करने को कहा साथ ही कहा कि घटना दुखद है। बताया कि मैनहोल प्राइवेट है नगर निगम का नही है, फिर भी हम जिन्होने प्राइवेट मैनहोल बनाए है, उन पर कार्रवाई करवायेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक कर उनको दिशा निर्देश देंगे कि जितने भी मैनहोल खुले हैं उनको जल्द से जल्द ठीक कराया जाये।

## सीएम योगी भी हैरिसगंज आ जाएं तो भी नहीं कटेगा अवैध विद्युत कनेक्शन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर को विद्युत आपूर्ति करने वाले विभाग केस्को में कनेक्शन (बिजली मीटर) के लिए लोगों को महिनों चक्कर लगाने पड़ते हैं तब जाकर बड़ी मुश्किल से कनेक्शन मिल पाता है। अगर किसी के पास एक भी कोई छोटा सा भी प्रपत्र उपलब्ध न हो तो केस्को के उच्च अधिकारी उसे कतई कनेक्शन नहीं देते हैं। लेकिन अगर वहीं दूसरी ओर अगर आपके केस्को विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों से दोस्ताना संबंध है अथवा आप मोटी रकम सुविधा शुल्क के रूप में उन्हें चढ़ावे में दे सकते हैं तो आप के पास विभाग द्वारा मांगे गए प्रपत्र ना भी हों आपको कनेक्शन घर बैठे मिल जाएगा। फिर चाहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ जाएं तो आपको केस्को के द्वारा दिया गया अवैध कनेक्शन कभी भी नहीं हट पाएगा इसकी गारंटी खुद विभाग के अधिकारी लेते हैं।

केस्को विभाग में कैसे विद्युत विभाग के नियमों और सरकार के आदेशों की अनदेखी हो रही है इसका जीता जाता उदाहरण हम आपके सामने ला रहे हैं। मामला केस्को के हैरिसगंज विद्युत स्टेशन से जुड़ा हुआ है। इस विद्युत स्टेशन में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने जहां वैद्य रूप से कनेक्शन का आवेदन करने वालों के आवेदन को एक रसूखदार समाजवादी पार्टी के नेता के कहने पर ठुकरा दिया तो वहीं दूसरी ओर इस सपा नेता के अवैध कनेक्शन को स्वीकृति दे डाली। खुद विभाग के लीगल सेल अधिवक्ता द्वारा अपनी रिपोर्ट सपा नेता को दिए गए विद्युत कनेक्शन को वैध ठहराया गया लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अभी तक अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर अवैध कनेक्शन पर अपनी कृपा बरसाए रखी है। यहां तक भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी अरुण पाठक के फोन को भी अधिशाषी अभियंता ने दरकिनार कर सपा नेता के वजूद को बनाए रखा।

### अवैध कनेक्शन के निरस्तीकरण के लिए लगातार पीड़ित लिख रहा पत्र

शहर के मकान न0-307, फेथफुल गंज कैन्ट मे निवास करने वाले राजेन्द्र प्रसाद यादव पुत्र मैकूलाल द्वारा केस्को विभाग के हैरिसगंज विद्युत स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर केस्को एम डी सहित मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर श्रीमति सुषुमलता जो सपा नेता निखिल की माता हैं उनके दिए गए विद्युत कनेक्शन को अवैध बताते हुए निरस्त किए जाने की याचना की गई थी। शिकायतकर्ता राजेंद्र यादव ने यह भी लिखा था कि मकान में भूमितल में बने गोदाम का ताला तोड़कर श्रीमती सुषुमलता व उनके लड़के निखिल यादव ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। आरोप है कि केस्को ने महज विक्रय अनुबंध पत्र के आधार पर उन्हें कनेक्शन दे दिया जो गैरकानूनी है।

## बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए जे. टी. अटॉर्नी एलायंस के संग समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को बौद्धिक संपदा अधिकार के लिए जे टी अटॉर्नी एलायंस के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। विश्वविद्यालय की तरफ से कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव एवं जे टी अटॉर्नी एलायंस की तरफ



से तुषार श्रीवास्तव द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय के अध्यापक एवं शोधार्थियों को पेटेंट कराने में सहयोग एवं जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, डीन इनोवेशन डॉ. शिल्पा कायस्था, फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्र एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापक तथा शोधार्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पेटेंट रजिस्ट्रीकरण के लिए एक विस्तारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार विशेषज्ञ के रूप में तुषार श्रीवास्तव पेटेंट एटर्नी एवं जिग्नेश मुंगलपारा पेटेंट एटर्नी द्वारा विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं संबद्ध महाविद्यालय के अध्यापकों एवं शोधार्थियों के 25 पेटेंट प्रस्ताव विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संयोजन असिस्टेंट प्रो. दिव्यांश शुक्ला एवं अनिल कुमार त्रिपाठी इनक्यूबेशन मैनेजर द्वारा पूर्ण किया गया।

### पेट के मरीजों की बढ़ रही है संख्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। उर्सला अस्पताल में हजारों की संख्या में पेट की तकलीफों से जुड़े मरीजो कि संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डॉक्टर गौतम जैन ने इस संबंध में बताया कि उल्टी, बदहजमी, भूख कम हो जाना, पतली लैट्रिन आना, इस तरह के अनेकों लक्षण पेट के मरीज में पाए जाते हैं। बताया की पेट से जुड़ी बीमारियों के लिए गंदा पानी सबसे ज्यादा जिम्मेदार है, ज्यादातर लोग गंदी जगह से खुला या पाउच वाला पानी पीते हैं खुला हुआ सामान सड़कों पर खाते हैं।

### फसलों की कटाई एवं मड़ाई इत्यादि कार्य के लिए जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने गुरुवार को किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने कहा कि किसान अपने खेतों पर कार्य करने वाले लोगों के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए फसलों की कटाई एवं मड़ाई इत्यादि कार्य संपन्न करें। उन्होंने कहा है कि गेहूं आदि के फसल की कटाई मड़ाई करते समय अपना मुंह मास्क या अंगोछे से ढक कर रखें। उन्होंने बताया कि किसान कंबाइन मशीन, रीपर या अन्य कृषि यंत्रों जैसे हंसिया द्वारा गेहूं की कटाई करते हैं कृषि यंत्रों के प्रयोग करते समय कभी-कभी चिंगारियां निकलती है या फसल कटाई करते समय कार्य करने वाले लोगों द्वारा धूम्रपान का प्रयोग किया जाता है।

जिसकी चिंगारी से फसल जलकर राख हो सकती है इसलिए ऐसे में धूम्रपान न करें। उन्होंने किसानो को फसल मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट के बोरे आदि को पूर्ण रूप से पानी में डुबोकर थ्रेशिंग कार्य करते समय आसपास जरूर रखने की सलाह दी। जिससे आग लगने की दशा में गीले बोरों को डालकर आग बुझाने के साथ बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। डॉ. खान ने किसानो को थ्रेसर पर कार्य करते समय शरीर पर ढीले कपड़े, घड़ी, कड़ा इत्यादि पहनकर कार्य न करने को कहा। उन्होंने बताया कि फसल थ्रेसर में लगाते समय हाथ को उचित दूरी पर ही रखें तथा थ्रेशिंग कार्य करते समय आपस में बातें न करें। डॉ. खलील ख़ान ने कहा कि थ्रेसर में किसी प्रकार का समायोजन तभी करें जब इंजन या मोटर बंद हो व थ्रेसर को चलाने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि थ्रेसर की सभी घूमने वाली वस्तुएं बिना रुकावट के घूम रही हो।

# स्मृति ने राहुल-प्रियंका पर किया जुबानी हमला

**✻ चुनाव मैदान में आना है, तो राहुल को रामलला याद आ रहे हैं: ईरानी**

जन एक्सप्रेस | अमेठी



केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा क्षेत्र अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी पिछले कुछ दिनों से अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में हैं। वे लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। अमेठी लोकसभा सीट की पांचों विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर चुनाव प्रचार कर रहीं हैं। मोदी सरकार में हुए विकास कार्यों को अमेठी की जनता के बीच जाकर बता रही हैं। अपने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही हैं। सामाजिक कार्यक्रम के मंच से वे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर जुबानी हमला कर रहीं हैं।

## तीन साल बनाम तीस साल

सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि पांच सालों में एक सत्य यह भी रहा कि दो साल कोरोना के रहे। मेरे पास काम करने के लिए सिर्फ तीन साल ही रहे। उन तीन सालों में मैंने इतना काम किया। उतना कांग्रेस ने तीस सालों में नहीं किया। अमेठी का वह बाईपास की मांग तीस साल से थी। जो की तीन साल में ही बन गया। आपने मुझे सांसद बनाया। अमेठी में आप भी गवाह हैं कि तीस साल पहले मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए गांधी परिवार ने जमीन ले ली थी। उन्होंने छः सौ रुपए देकर मुंशीगंज अमेठी में तीस एकड़ जमीन ले ली। और लोगों से झूठा वादा किया कि जनता और गरीब बच्चों के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज बनवाएंगे। स्मृति ईरानी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज कब बन रहा है,जब आपने मुझे सांसद बनाया।

राहुल और प्रियंका पर निशाना साधते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि कितनी किसकी कमाई है? यह राहुल और प्रियंका गिनवाएंगे! उन्होंने कहा कि जो मैं कह रही हूं। वह राहुल और प्रियंका का बयान है। हिंदुस्तान में किसकी कितनी कमाई है, यह गिना जाएगा। घर में कितना गहना है, खेत है, ये सब कांग्रेस के दो नेता राहुल और प्रियंका बैठकर गिनवाएंगे। फिर हर हिंदुस्तानी की संपत्ति ले जाएंगे। और उनकी इच्छा के अनुसार कमाई बाटेंगे। लेकिन अमेठी के एक-एक लोग जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने गरीबों को कभी कुछ दिया नहीं, गरीब का लिया है। स्मृति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह ऐलान कर दिया, कि अगर व्यक्ति की मृत्यु हो जाए तो उसकी आधी विरासत कांग्रेस ले जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि वे पहले देश की तिजोरी लूटते थे। अब जनता को लूटने आ रहे हैं। लोगों से सवाल करते हुए स्मृति ने पूछा कि कोई अपने परिवार की ज़मीन कब्जा करता है कांग्रेस ने अमेठी से ज़मीन छीनी। मैंने अमेठी में घर बनाया। गरीबों के आवास बने हैं। उन्होंने कहा कि ये वही राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी है, जिन्होंने रामलला का दर्शन का निमंत्रण ठुकरा दिया था। अब उत्तर प्रदेश चुनाव में आ रहे हैं, तो अयोध्या दर्शन करने जा रहे हैं। ये प्रभु श्रीराम की लीला है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**वोटिंग के दिन अपने क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट करते रहेंगे भ्रमण: जिला निर्वाचन अधिकारी**

जन एक्सप्रेस | अमेठी



लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बृहस्पतिवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। जिसमें उन्हें पोलिंग पार्टी रवानागी के समय क्या करना है। बीयू, सीयू और वीवीपैट को चेक करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है।मतदान के दिन की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएम कनेक्शन की प्रक्रिया, माकपोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए सीयू, सीयू व वीवीपैट को सील करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के साथ ही उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहेंगे। तथा किसी भी बूथ पर मतदान से संबंधित कोई समस्या आने पर तत्काल वहां पहुंचकर उसका निराकरण निश्चित करायेंगे।

आप लोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पार्टियां समय से अपने-अपने बूथों पर पहुंच जाएं। इसके साथ ही आप लोग स्वयं ईवीएम मशीन को जोड़ने एवं मशीन में आने वाले एरर की जानकारी के साथ ही सभी मास्टर ट्रेनरों के नंबर भी अपने पास सुरक्षित सेव कर लेवें। जिससे मतदान के दिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क किया जा सके।उन्होंने कहा कि आप लोग आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर ले उसी के अनुसार निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी सहायक प्रशिक्षण अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## आग में महिला झुलसी, दो मवेशियों की जलकर मौत

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर

छप्परनुमा घर में लगी आग ने बुधवार को कहर बरपा दिया। आग की चपेट में आकर जहां एक महिला झुलस गई वहीं दो मवेशियों की भी जलकर मौत हो गई। इसके अलावा एक बाइक व दो साइकिल समेत लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। भीटी विकासखंड के सहमलपुर गांव में बुधवार को रामप्रसाद पांडेय के कच्चे घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। जब तक गुहार पर ग्रामीण वहां पहुंचकर आग पर काबू पाते तब तक आग पूरे घर में फैल गई। इससे वहां रखे सामान जलने लगे। बगल पशुशाला में बंधी दो गायों को जब तक लोग सुरक्षित निकल पाते तब तक दोनों की झुलसकर मौत हो चुकी थी। इसके अलावा आग में एक बाइक तथा दो साइकिल, चारपाई व अन्य सामान जल गए। आग बुझाने के प्रयास में राम प्रसाद की पुत्रवधू नीलू पांडेय भी झुलस गईं। उन्हें निजी वाहन से सीएचसी भीटी ले जाया गया जहां भर्ती कर लिया गया। उनकी स्थिति सामान्य बताई जाती है।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर हुआ भव्य कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर



लोकतंत्र के महापर्व पर सभी लोग हों शामिल। और निडर होकर करें मतदान। जनपद के राजेसुल्तानपुर के समीप में स्थित चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा श्रीमती सुषमा सिंह ने किया। संचालन डा प्रियंका तिवारी जिला संगठन आयुक्त एवं एकता सिंह ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में तहसील आलापुर के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, गीत, प्रहसन प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि युवाओं का एक सपना होता है और सब अपने सपने पूरा करना चाहते हैं यह तभी संभव होगा जब आप एक अच्छी सरकार चुनेंगे और उसके लिए आपको मतदान आवश्य करना चाहिए। आगामी 25 मई को मतदान अवश्य करें मतदाता ही भारत के भाग्य विधाता है प्रशासन एवं भारत निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को मतदान में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए घर पर ही मतदान कर सकते हैं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने बच्चो द्वारा बनाई गई मनमोहक रंगोली, एवं मेंहदी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाई गई मेंहदी एवं रंगोली को देखा और प्रतिभाग करने वाले बच्चो का उत्साहवर्धन किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रदेश में चौथा एवं जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली नमिता वर्मा, इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली आकांक्षा यादव प्रदेश में सातवां और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने कर एवं अन्य आधा दर्जन बच्चो ने जिले की मेरिट सूची में नाम शामिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया जिनका सभी लोगों ने उत्साहवर्धन करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार आलापुर राजकपूर, सहायक विकास अधिकारी योगेन्द्र नाथ सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, चन्द्रमा यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी देवेन्द्र यादव,अनूप मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव विधालय के अध्यापक ज्ञानेन्द्र सिंह,अर्चना त्रिपाठी, पुष्पा सिंह,इंद्रेश यादव,सिद्धार्थ श्रीवास्तव, बब्लू सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरयू स्नान घाट पर डूब रहे दो बच्ची व एक बच्चे को जल पुलिस द्वारा किया गया रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

सरयू स्नान घाट पर श्रेया पुत्री राजेश सिंह व माही पुत्री अशोक सिंह और अनुराग सिंह पुत्र राज कमल सिंह निवासी ग्राम-रसुल्हा थाना-लम्भुआ जनपद- सुल्तानपुर के है जो अयोध्या स्नान के लिए आये थे। जो जल बैरिकेटिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान अचानक जल के तेज बहाव से गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे और बचाव बचाव की आवाज सुनते ही जो ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य,कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, हेड कांस्टेबल विदेशी प्रसाद, कांस्टेबल विनय कुमार मिश्र, कांस्टेबल बृजेश विक्रम मौर्य, कांस्टेबल अभिषेक शुक्ला व स्थानीय निवासी गुड्डू मौर्य शामिल रहें जल पुलिस की टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू कर तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और उनके परिवार को सुपुर्द किया जिसके कार्य को देखकर उनके परिवार के साथ स्थानीय लोगों ने जल पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया अयोध्या में जल पुलिस की तैनाती से अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलता है।

## स्क्रूटनी के लिए आवेदन 14 तक

**जन एक्सप्रेस/आलापुर (अंबेडकरनगर)।** यूपी बोर्ड परीक्षा से जुड़े छात्र-छात्राएं आगामी 14 मई तक स्क्रूटनी फॉर्म के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को दी। बताया कि बोर्ड परीक्षा में मिले अंक से असंतुष्ट छात्र-छात्राओं के लिए परिषद की ओर से स्क्रीटनी फॉर्म भरने की व्यवस्था है। जिन बच्चों को अपने अंक कम लग रहे हैं, वे इस व्यवस्था का लाभ ले सकते हैं।

## वैवाहिक कार्यक्रम में फूड पॉइजनिंग से 140 बीमार

**जन एक्सप्रेस/अंबेडकरनगर।** वैवाहिक आयोजन में मिठाई व फास्ट फूड खाने के बाद 140 लोग बीमार पड़ गए। इसमें बराती व घराती दोनों शामिल रहे। एक के बाद एक लोगों को उल्टी, पेट-दर्द व चक्कर आने से वहां अफरातफरी मच गई। 50 से अधिक बरातियों ने अपना उपचार जलालपुर में कराया, जबकि 70 लोगों का उपचार जिला अस्पताल में भर्ती कर किया गया। 20 लोगों ने स्थानीय स्तर पर ही उपचार करा लिया। इन सबके बीच जैसे-तैसे वैवाहिक रस्म भी निपटाई गई। बेवाना थाना क्षेत्र के अटंगी गांव निवासी सीताराम प्रजापति की पुत्री चांदनी का मंगलवार को विवाह था। कटका थाना क्षेत्र के रतना निवासी रामनयन प्रजापति अपने पुत्र विनोद की बरात लेकर गांव पहुंचे। देर शाम वहां नाश्ते व भोजन का दौर चला। इन सबके बीच द्वारपूजा व जयमाल आदि की रस्म निभाई गई। इसी बीच देर रात 11 बजे करीब एक-एक कर लोगों की तबीयत खराब होने लगी। किसी को पेट दर्द तो किसी को उल्टी व चक्कर आना शुरू हो गया। पहले तो लोगों ने इसे नजरअंदाज किया लेकिन जब ज्यादा लोग पीड़ित होने लगे तो वहां हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर करीब 30 बराती शादी छोड़कर वापस चले गए। इन सभी ने जलालपुर सीएचसी समेत अन्य जगहों पर अपना उपचार कराया।

# पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय का भाजपा लोक सभा चुनाव कार्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लखनऊ कार्यालय पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सोमवार को उन्हें भाजपा में शामिल कराया था। पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने 51 किलो की माला पहना कर सभी का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शिता के कारण भारत विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है। इसी भावना के साथ सरकार ने जनकल्याण हेतु योजनाओं की श्रंखलाओं से सभी का कल्याण किया है। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सराकर ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा व उनका सशक्तिकरण किया। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। अयोध्या के सर्वांगीण विकास से रामनगरी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभर रही है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा पार्टी में शामिल सभी लोगों का स्वागत है। चुनाव प्रबंधन में सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी अन्त्योदय के सिद्धान्त पर कार्य करते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है।पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करूणाकर पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की जनकल्याण कारी नीतियों तथा राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए है।

चार जून को लोकसभा क्षेत्र को भगवामय करने के संकल्प के साथ पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन हम सभी करेंगे। भाजपा ज्वाइन करने वालों में रवि शंकर मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख मसौधा, निदानंद मिश्र उपभोक्ता भण्डारण के सभापति, राम सुभन मिश्र गब्बर अध्यक्ष ब्राहमण स्वाभिमान मोर्चा, पूर्व प्रधान अनिल विश्वकर्मा, बसपा सेक्टर प्रमुख धनश्याम गौतम, इन्द्र कुमार पासवान, सत्य प्रकाश द्विवेदी, मकरंद पाण्डेय, अविनाश कुमार, रणंजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों को भाजपा का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया गया। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, प्रदीप तिवारी, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, दिवाकर सिंह, नरेश गुप्ता, परमानंद स्वामी, बब्लू मिश्र सहित पार्टी पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी: जेपी सिंह

जन एक्सप्रेस | मयाबाजार, अयोध्या



ग्रामीण क्षेत्र में बच्चो को बेहतर शिक्षा के लिए स्थापित सी0बी0एस0 इंटर कॉलेज मया बाजार के छात्र-छात्राओ ने बेहतर परिणाम देकर नाम और मान बढ़ाया है द्य उक्त बाते सी0बी0एस0 इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जे0 पी0 सिंह ने कहा। आज सी0बी0एस0 इंटर कॉलेज मया बाजार अयोध्या में मेधावी छात्र एवं छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा एक समारोह का आयोजन कर छात्र एवं छात्राओ को सम्मानित किया गया। श्री सिंह ने कहा कि जिन छात्र एवं छात्राओं ने बोर्ड की परीक्षा में खूब मेहनत की है उनका रिजल्ट बहुत ही अच्छा आया है। जिन छात्र एवं छात्राओं का रिजल्ट किसी कारणवश कम आया अच्छा नही आया है उनको और मेहनत करने की जरूरत है द्य ताकि वे छात्र एवं छात्राएं किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर घर परिवार के साथ विद्यालय का नाम रोशन कर सके द्य इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे0 पी0 सिंह, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं में हरिकृष्ण उपाध्याय, दिनेश, अंकित, अखिलेश कुमार मौर्या, लाजो, रश्मि यादव, आकांक्षा दुबे, ज्योती विश्वकर्मा, शालू मौर्य, रुबी मौर्य, प्रिया वर्मा, राजलक्ष्मी सिंह, आंचल यादव, मेधावी छात्र एवं छात्राएं इंटरमीडिएट में मौसमी, पलक गुप्ता, राजू, रामसुत, अभिषेक, महिमा, हाईस्कूल में निष्ठा सिंह, उत्कर्ष स्वरूप, आशीष कुमार, राजन, अंशिका शर्मा, कुनाल सिंह आदि ने इंटर कालेज के साथ अपने घर परिवार का मान बढ़ाया है।

# पूर्व महंत विजय रामदास को दी गई श्रद्धांजलि, बाल योगी रामदास बने महंत

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम



अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में संत तुलसीदास घाट स्थित सिद्ध पीठ करतालिया बाबा आश्रम में पूर्व महंत विजय रामदास के स्वर्गवासी हो जाने पर तीर्थ धाम के वरिष्ठ संत महंतों व गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मत से स्वर्गीय विजय रामदास के चित्र पर फूल माला अर्पित कर विजय रामदास जी के कृपा पात्र शिष्य बाल योगी रामदास को कंठी चद्दर ओढ़कर सिद्ध पीठ करतालिया आश्रम का महंत नियुक्त कर सनातन धर्म के अनुसार मंदिर व्यवस्था संचालित होने पर का दायित्व सौंपा वर्तमान महंत ने आश्रम में आए सभी संतो महंतों को अंग वस्त्र व दक्षिण भेंट कर स्वागत सत्कार किया साथ में भोजन प्रसाद ग्रहण कर लोग कृतार्थ किए। सिद्ध पीठ करतालिया आश्रम के महंत रामदास ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया की गुरु जी के बताए रास्ते पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा, गौ सेवा, संत सेवा, बंदर सेवा, अभ्यागत सेवा का प्रमुख उद्देश्य रहेगा साथ ही आश्रम की व्यवस्था में कोई कमी नहीं आने पाएगी।

## लोकसभा चुनाव में 29 से शुरू होगा नामांकन

जन एक्सप्रेस | अंबेडकरनगर

लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को जिला प्रशासन ने विधिवत कार्यक्रम की घोषणा कर दी। 29 अप्रैल से प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे तो नौ मई को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। 25 मई को होने वाले मतदान को सकुशल व बेहतर ढंग से निपटाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां और तेज कर दी हैं।

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा। इसे लेकर बुधवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्त ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इसमें कहा गया कि 29 अप्रैल से छह अप्रैल तक प्रत्याशी कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय में नामांकन कर सकेंगे। 29 से ही प्रत्याशियों को नामांकन पत्र दिए जाएंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक प्रत्याशी कलेक्ट्रेट के जिला मजिस्ट्रेट कक्ष में नामांकन कर सकेंगे।

कहा गया कि नामांकन स्थल पर प्रत्याशी समेत पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। निर्दलीय व बगैर मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी के साथ दस प्रस्तावकों में से बारी-बारी से चार-चार की संख्या में लोग नामांकन कक्ष में प्रवेश करेंगे। नामांकनस्थल के 100 मीटर परिधि में मात्र तीन चार पहिया वाहन को ही प्रवेश करने की अनुमति होगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नौ मई को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे।

# सरयू में शुरू होने जा रही है सौर ऊर्जा से संचालित मोटर बोट

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाली है। ये बोट जल्द सरयू नदी में शुरू होने जा रही है। देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। यह बोट पूरी तरह से स्वदेशी है और इसे मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, सरयू नदी में इलेक्ट्रिक चार्ज बेस्ड वर्किंग वाली बोट्स का भी जल्द ही संचालन शुरू हो जाएगा।नेवाल्ट इको मरीन टेक कंपनी के सीईओ सैंडिथ थंडाशेरी व व्यवसाय विकास प्रमुख दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि हमारी कम्पनी सौर विद्युत जहाज/नावों के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है। नेवाल्ट के पास 100 से अधिक परियोजनाओं के साथ 50 से अधिक सरकारी और निजी ग्राहक और 150 से अधिक कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि नेवाल्ट टॉप मैनेजमेंट के पास समुद्री उद्योग में 22 वर्षों से अधिक का अनुभव है। नेवाल्ट वैश्विक पुरस्कार विजेता है। बताया कि अबतक उन्होंने 3000 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होने से बचाया गया है। नेवाल्ट ने गैर एसी और पूरी तरह से वातानुकूलित विभिन्न आकारों के 20 से अधिक प्रकार के इलेक्ट्रिक जहाज/नावों का निर्माण किया है। उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। इस सोलर बोट में नाव निर्माता कंपनी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से पहला निर्यात ऑर्डर मिला है। इस बोट को बनने में 8 महिने लगे हैं। इस बोट को 20 कारीगरों ने बनाया है। यह केरला के कोच्चि में बना है। इस बोट को लाने में 10 दिन लगें हैं। बोट के ऊपर 3 किलो वाट के सोलर पैनल लगें हैं। एक बार चार्ज करने पर 40 से 50 किलोमीटर की दूरी यह तय कर सकती है। यह बोट 30 सीटर हैं। जो 4 से 5 घंटे में चार्ज हो जायेगा। इस बोट की लंबाई 10.600 मीटर है। बोट की लागत लगभग 1 करोड़ रुपए है। सरयू नदी में 1 हफ्ते में इसका संचालन शुरू हो जायेगा। 20-20 किलोवॉट की दो बैटरियां बैंक लगी हैं। यह पूरा प्रोजेक्ट यूपी नेडा विभाग का है।

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 27°C |
| कानपुर | 42°C | 26°C |
| देहरादून | 35°C | 21°C |
| नई दिल्ली | 39°C | 26°C |

# कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां : सीएम योगी

- मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर बरसे उप्र के मुख्यमंत्री
- देश की कीमत पर राजनीति करती रही है कांग्रेस : योगी
- अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के हकों में लूट मचाना चाहते हैं कांग्रेस के लोग : योगी
- अपील : कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का करें सही प्रयोग
- योगी बोले, सैम पित्रोदा ने जो बात कही, पी. चिदम्बरम ने भी मंत्री रहते उन चीजों की वकालत की थी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट, असम व देश के अन्य भागों में करोड़ों घुसपैठिए, रोहिंग्या आए हैं, इनके पीछे कांग्रेस के वोट बैंक की पॉलिसी है। यह पहले से ही देश की कीमत पर राजनीति करते रहे हैं। विरासत टैक्स भी उसी का हिस्सा है।



### आमजन की संपत्तियों को कब्जा कर घुसपैठिए को देगी कांग्रेस

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। यह तो अच्छा हुआ कि 2014 में कांग्रेस की विदाई हो गई, वरना कांग्रेस तभी लागू कर चुकी होती। सैम पित्रोदा की बात वही है, जो पी. चिदंबरम कह चुके हैं और कांग्रेस कर चुकी है।

### अपील : इंडी गठबंधन के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का करें सही प्रयोग

सीएम योगी ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने कहा है कि हम मुसलमानों को 32 फीसदी आरक्षण देंगे। यह चीजें सच उजागर करती हैं। कांग्रेस के सांसद पद के प्रत्याशी भी सैम पित्रोदा की बातों का समर्थन कर रहे हैं। यह चीजें दिखाती हैं कि इनकी मंशा देश के प्रति अच्छी नहीं है। अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के लोगों को मिले संवैधानिक अधिकारों से यह लोग वंचित करना चाहते हैं। उनके अधिकारों को जबरन लूटना और विरासत टैक्स के आधार पर देश को तबाह करना चाहते हैं। आमजन को इनके प्रति सतर्क रहना होगा। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करना होगा।

### भारत को विभाजन की ओर ढकेलने की चेष्टा का हिस्सा है

एक सवाल के जवाब में सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का वक्तव्य बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के इस्लामीकरण करने व विभाजन की ओर ढकेलने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा है। यूपीए सरकार आने के बाद कांग्रेस ने उस समय भी कुत्सित प्रयास किए थे। पहले जस्टिस रंगनाथ मिश्रा के नेतृत्व में कमेटी गठित की थी। रंगनाथ कमेटी ने प्रयास किया था, उस कमेटी की रिपोर्ट भी ध्यान आकर्षित करती थी कि ओबीसी वर्ग को मिलने वाला 27 फीसदी आरक्षण है, उसमें छह फीसदी आरक्षण मुस्लिम को दे दिया जाए। उस कमेटी की रिपोर्ट में यह भी था कि जो लोग कन्वर्ट हो चुके हैं। मुस्लिमों का एक तबका ऐसा है, जिसे दलितों का हिस्सा बनाया जाए। दलितों को मिलने वाली सुविधाओं के अनुरूप उन्हें ट्रीट किया जाए। उस समय भारतीय जनता पार्टी ने बहुत बड़ा आंदोलन किया था। जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट हो या सच्चर कमेटी की रिपोर्ट, यह ओबीसी, एससी-एसटी के अधिकार पर डकैती डालने की कांग्रेस की कुत्सित मंशा का प्रयास था।

## सीएम योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया नमन

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस दौरान योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को याद किया। सीएम योगी ने लिखा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन।



### नौ मई से शुरू होंगी हज यात्रियों की उड़ानें

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** हज हेतु लखनऊ उड़ान स्थल के हज यात्रियों की उड़ानें 09 मई से आरम्भ होंगी। यह उड़ान 24 मई तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों का हज हाउस आगमन 07 मई से आरमभ हो जायेगा। हज यात्रियों की सुविधार्थ उड़ान स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं समयन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट कैसरबाग लखनऊ में आज डीएम लखनऊ सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलिस, नगर निगम, विद्युत, जल निगम, वक्फ विकास निगम, उर्दू अकादमी, सूडा व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## लोकसभा चुनाव : लखनऊ उत्तरी डीसीपी ने विकास नगर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस के ठहरने वाले स्थानों को जेक कर लिया जायज़ा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को देखते हुए लखनऊ कमिश्नरेट डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर.शंकर ने विकास नगर थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस के ठहरने वाले स्थानों को स्वयं जाकर कमरे व अन्य जगहों को चेक कर जायजा लिया। वहीं डीसीपी ने उन सभी स्थानों में किसी भी प्रकार की असुविधा व लापरवाही न हो इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बता दे कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन तैयारीयों में लगा हुआ है बूथ व ठहरने के स्थानों का निरीक्षण अधिकारी लगातार कर रहे हैं। पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक सफल बनाने के लिए चेकिंग के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखी हैं तथा अन्य चीजों का बारीकी से परीक्षण कर जायज़ा लिया जा रहा है।



## खुले नाले से हो रही है लोगों को परेशानी, नागरिक बदबू व गंदगी से परेशान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत महोना वार्ड नंबर 4 गोविन्दपुरी में नाले पर पत्थर ना लगे होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना कर पड़ा रहा है। जिससे नाले के बगल में रहने वाले नागरिकों को नाले में रात के अंधेरे में गिरने व नाले के बगल से दुपहिया वाहन निकालने पर खतरा बना रहता हैं।नाले में गंदा पानी व गंदगी से दुर्गंध व बदबू नाले के बगल रहने वाले नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं महोना वार्ड नंबर 4 गोविन्दपुरी निवासी विनय शर्मा, अर्जुन, राकेश ने संवाददाता से बात करने पर बताया कि इस नाले से घर के बच्चों व बुजुर्ग लोगों को खतरा बना रहता है नाला खुला होने से रात के अंधेरे में कभी भी हादसा हो सकता हैं,वही नाले के बगल सड़क थोड़ी सी कटी हुई है जिससे की रात के अंधेरे में कभी-कभी दुपहिया वाहन भी इस नाले की चपेट में आ सकते हैं उन्होंने बताया कि नाले में गंदा पानी व गंदगी बहनें से नाले से गंदी दुर्गंध आती रहती हैं जिससे कि हमारे व बगल के घरों में खाना-पीना व रहना दुश्वार रहता हैं। आखिर पता नहीं कब यह नाला पर पत्थर ढाका जायेगा।



### क्या बोले जिम्मेदार

इस मामले पर महोना नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी शरद जैन ने बताया कि कुछ वार्डों में नाले पर पत्थर से ढका गया था और गोविंदपुरी वार्ड नंबर 4 का नाला भी जल्द ही पत्थर से ढकने का काम किया जायेगा जिससे की दुर्गंध व अन्य ख़तरे से लोगों को निजात मिलेगी।

# दूसरे चरण में भी भाजपा और एनडीए को मिलेगी भारी बढ़त

- सभी 8 लोकसभा सीटों पर भाजपा और घटक दल के उम्मीदवारों की दावेदारी मजबूत, विपक्ष होगा चारों खाने चित
- योगी सरकार ने 2017 से अब तक राज्य और केंद्र की योजनाओं का बिना भेदभाव लोगों तक पहुंचाया है लाभ
- दूसरे चरण की सभी लोकसभा सीटों पर सीएम योगी कर चुके हैं तूफानी रैलियां, अधिक से अधिक मतदान की अपील

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी भाजपा और एनडीए को यूपी में बड़ी बढ़त की उम्मीद है। पहले चरण की तरह ही इस चरण में भी शुक्रवार को प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश की इन 8 सीटों (अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा) पर एनडीए की ओर से भाजपा के 7 और आरएलडी का एक (बागपत) प्रत्याशी मैदान में है। इन उम्मीदवारों के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा जमकर चुनाव प्रचार किया गया है। इन रैलियों व जनसभाओं में सीएम योगी ने राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पा रहे लोगों से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। पीएम किसान सम्मान निधि हो या गन्ना मूल्य भुगतान, पीएम स्वनिधि योजना से लेकर उज्ज्वला योजना तक दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतरीं, जिनका लाभ सीधा आम लोगों तक पहुंच रहा है। बिना लीकेज जन-जन तक पहुंची योजनाओं के लाभार्थियों का रुझान भी एनडीए की ओर है। शुक्रवार को यह रुझान ईवीएम पर वोट की चोट में तब्दील होगा।

### 3 लाख से ज्यादा महिलाओं को निराश्रित पेंशन का लाभ

प्रदेश में योगी सरकार ने निराश्रित, वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। इसी क्रम में इन 8 सीटों पर 3,04,794 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिसमें एक हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह, 4,31,116 वृद्धजनों को सरकार की ओर से इन सीटों पर वृद्धावस्था पेंशन का लाभ भी मिल रहा है। वहीं 90,420 दिव्यांगों को दिव्यांगजन पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त इन 8 लोकसभा सीटों पर 23,545 बेटियों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया गया है। इसी तरह, 1,58,447 बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिला है, जिसके तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक विभिन्न चरणो में धनराशि प्रदान की जाती है। अभी तक इस योजना के तहत कुल 15 हजार रुपए मिलते थे, जिसे हाल ही में योगी सरकार ने बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया है।

### 45.5 लाख से ज्यादा को मिल रहा मुफ्त राशन

इसके अतिरिक्त इन 8 सीटों पर योगी सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के अंतर्गत 65,13,996 लोगों के बैंक खाते खुलवाने में सफलता मिली है। वहीं, 45,52,134 लोगों के आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। इसी तरह इन 8 लोकसभा क्षेत्रों में 45,53,989 राशन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2,32,981 रेहड़ी पटरी वालों को बिना गारंटी लोन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को 12,02,163 मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

### करीब 11.5 लाख शौचालयों का कराया गया निर्माण

यदि सिर्फ इन 8 लोकसभा सीटों की बात करें तो किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओं का बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। इसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि के तहत यहां 17,76,105 किसानों के खातों में धनराशि हस्तांतरित की गई है। वहीं, मथुरा को छोड़कर बाकी 7 लोकसभा सीटों पर किसानों को 58,576.94 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। मथुरा में चीनी पेराई 2008 से बंद है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इन 8 सीटों पर कुल 1,30,811 आवास वितरित किए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास भी शामिल हैं। यही नहीं,इन 8 लोकसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 11,44,391 शौचालयों का निर्माण कराया गया है, जिनमें व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय सम्मिलित हैं।

### एनबीएफजीआर में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के कर्मचारी और शोधकर्ताओं द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाने के लिए नवीन विचारों को बढ़ावा देने और अपरंपरागत दृष्टिकोणों की खोज करने के उद्देश्य से आकर्षक ,विचारोत्तेजक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शोधकर्ता, उद्यमी और परिवर्तनकारी व्यक्ति सीमैप के पूर्व निदेशक, डॉ एसपीएस खनूजा थे, जिन्होंने एक बहरे मेंढक के बारे में एक मनोरम कहानी साझा की, जो नवाचार के प्रति दृढ़ता और सकारात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने वैज्ञानिक प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए बाधाओं पर काबू पाने और अद्वितीय गुणों का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिवर्तनकारी अनुसंधान और किसानों के साथ संबंध बनाकर चुनौतियों पर काबू पाने के बारे में बात की। प्रयोगशाला में काम करने, अनुसंधान से लेकर प्रयोगशाला तक के आउटपुट के साथ किसानों से जुड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। नई तकनीक को अपनाने और नए कौशल के साथ खुद को अपग्रेड करने के महत्व को भी व्यक्त किया। उन्होंने एक ऐसे उत्पाद के साथ नए चुनौतीपूर्ण विचारों पर काम करके मानव मन की रचनात्मकता को उजागर करने के बारे में बात की, जो पेटेंट की क्षमता के साथ नवीन और उपयोगी हो। उपयोगकर्ताओं के लिए प्रासंगिक अनुसंधान में समाधान खोजने और चुनौतियों को बौद्धिक संपदा के अवसरों में बदलने की अंतर्दृष्टि दी। संस्थान के निदेशक डॉ यू के सरकार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों तथा अनुसन्धान प्रगति के विषय में जानकारी दी। डॉ. पूनम जयंत सिंह, ओआईसी आईटीएमयू के नेतृत्व में एक इंटरैक्टिव स्टूडियो सत्र ने प्रतिभागियों को आउट-ऑफ-द-बॉक्स विचारों को उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया और रचनात्मक विचारों को उत्पन्न करने और प्राकृतिक दुनिया से प्रेरणा लेकर समस्या-समाधान के अद्वितीय दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए थिंकिंग आउट ऑफ द बॉक्स पर एक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति अनुसंधान और विकास में रचनात्मकता और नवाचार की गहरी समझ को बढ़ावा देने के लिए शोधकर्ताओं, छात्रों के साथ प्रतिध्वनित हुई।

# द्वितीय चरण में भी 8 सीटों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयार उत्तर प्रदेश

- शुक्रवार को दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों में प्रातः 7 बजे शुरू होगा मतदान
- निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने किए व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था
- द्वितीय चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग
- 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 91 प्रत्याशी मैदान में, 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से की अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया 26 अप्रैल शुक्रवार को संपन्न होगी। दूसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ तथा मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहा है। यह लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के 9 जिलों में अवस्थित हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान से पूर्व प्रत्याशियों और पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल भी कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि द्वितीय चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता हैं, जिसमे 90,26,051 पुरुष मतदाता तथा 77,50,356 महिला मतदाता एवं 791 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी गौतम बुद्ध नगर एवं मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 6 प्रत्याशी बुलंदशहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में कुल 17704 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 7797 मतदान केंद्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3472 क्रिटिकल हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 03 विशेष प्रेक्षक, 08 सामान्य प्रेक्षक,



05 पुलिस प्रेक्षक तथा 12 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 4213 भारी वाहन, 3251 हल्के वाहन तथा 79338 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। चुनाव में मतदान के लिए 17230 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 17331 बैलट यूनिट तथा 17443 वीवीपैट तैयार किए गए हैं।

- चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। द्वितीय चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों/पुलिस बलों के व्यवस्थापन के दृष्टिगत आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 25 व 26 अप्रैल को अलीगढ़ में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 26 अप्रैल, 2024 को मेरठ में रहेगी।
- उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (8852 मतदेय स्थल) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 967 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है ।द्वितीय चरण में कुल 148 आदर्श मतदेय स्थल, 53 समस्त महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 35 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल तथा 32 समस्त दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाए गए हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6:00 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप निर्वाचकों को वितरित कराई गई है, जिसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। द्वितीय चरण में कुल 1,66,20,359 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप, भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकार प्राप्त कर सकते हैं।
- द्वितीय चरण के जनपदों में 32,48,729 वोटर गाइड वितरित की गई हैं। 27 अक्टूबर 2023 से 23 अप्रैल 2024 तक कुल 10,94,701 मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित कराए गए हैं। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर एवं जगह-जगह पर वॉलन्टियर की व्यवस्था की गई है।
- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र (आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों / डाकघरों द्वारा जारी किये गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किए जाने हेतु मान्य होंगे।
- मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001801950 पर कॉल करके दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त सी-विजिल, एनजीएसपी/वीएचए पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। द्वितीय चरण में सी-विजिल पर 16 मार्च 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक कुल 536 शिकायतें दर्ज हुई हैं। उनमें 238 शिकायतें सही पाई गई हैं तथा 298 शिकायतें गलत पाई गई हैं। कुल सही 238 शिकायतों में से 213 शिकायतें 100 मिनट के अंदर निस्तारित की गई हैं। अभी तक पूरे प्रदेश में शिकायत निस्तारणों का औसत समय 55:17 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मुस्लिम अपराधियों और माओवादी हिसकों से राजनीतिक सद्भाव के मायने

**आतंकवादियों ने 8 अप्रैल को शोपियां जिले के पदपावन में ड्राइवर परमजीत सिंह की हत्या की, 17 अप्रैल को अनंतनाग में बिहार के प्रवासी मजदूर शंकर शाह की गोली मारकर हत्या की और इसी सप्ताह राजौरी में एक सिपाही के भाई की हत्या की। कश्मीर में ऐसी हत्याओं के पीछे किसका हाथ है और कौन कर रहा है, इन हत्याओं का उद्देश्य क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है । इसके तार सीमापार पाकिस्तान से जुड़े माने जाते हैं । ये गतिविधियां देश के सद्भाव, संविधान और मानवता के विरुद्ध तो हैं हीं ये देश विरोध की सीमा में भी आती हैं।**

*लुटेरों और अपराधी कबीलों को सेना से जोड़कर कर सत्ता तक पहुंचने का काम मध्यकाल में आक्रांताओं ने किया। लेकिन स्वतंत्रत भारत में भी एक चिंतनधारा ऐसी है जो मुस्लिम समाज में केवल अपराधियों और वनवासियों में माओवादी हिसकों के प्रति सहानुभूति या सद्भाव दिखाकर अपने राजनीतिक लाभ का आकलन करती है । ऐसी झलक किसी एक प्रांत में नहीं अपितु लगभग पूरे भारत में दिखती है। भारत विविधताओं से भरा देश है । यह विविधता भाव, भाषा, भूषा और भोजन में ही नहीं, लोकजीवन की परंपराओं में भी है । यह हम कश्मीर, केरल, कर्नाटक, बंगाल, उत्तर प्रदेश और सुदूर वनवासी अंचल बस्तर के समाज जीवन से समझ सकते हैं। किन्तु इस विविधता के बीच एक सूत्र है जो इन सभी प्रांतों में बिल्कुल एक जैसा दिखाई देता है, वह है माओवादी हिंसक आंतकियों और मुस्लिम समाज से संबंधित अपराधियों के अपराध की गंभीरता को कम करने लिये विषयान्तर करने संबंधी राजनीतिक वक्तव्य। ऐसा करने वाले कोई दर्जन भर राजनीतिक दल हैं जो इन दोनों विषयों से संबंधित घटनाओं और अपराध पर ऐसे वक्तव्य देते हैं जिनसे लोग अपराध पर नहीं अपितु राजनीति पर चर्चा करने लगते हैं । ऐसे कुछ दलों में तो आपसी राजनीतिक तालमेल भी नहीं है । पर इन दोनों विषयों पर सबकी शैली एक है, एक दूसरे के स्वर में स्वर मिलाते हैं। पता नहीं क्यों इन दलों को अपना हित अपराधियों के प्रति सद्भाव प्रदर्शित करने में क्यों दिखता है। मुस्लिम समाज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिक, केके मोहम्मद जैसे पुरातत्व विशेषज्ञ और अब्दुल हमीद जैसे बलिदानी भी हुए। किन्तु इन विभूतियों के लिये वैसी लामबंदी नहीं होती जैसी माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और शाहजहां शेख, दो मासूम बच्चों के हत्यारे साजिद, लव जिहाद में हत्या के आरोपी फैयाज और बस्तर के एनकाउंटर में मारे गये नक्सलियों के प्रति देखी गई । मुस्लिम समाज से संबंधित किसी अपराधी या माफिया डान का नाम आते ही कुछ राजनीतिक दल के नेता ऐसे वक्तव्य जारी करने लगते हैं जिनसे या तो अपराध की गंभीरता कम होती है अथवा सुरक्षा बलों की लक्ष्य मूलक कार्रवाई पर प्रश्न उठने लगते हैं । यदि हम अतीत में घटी असंख्य घटनाओं को छोड़ दें, जिनमें गोधरा कांड के अपराधियों को बचाने का अभियान, बटाला हाउस एनकाउंटर में मारे गये आतंकवादी के लिये किसी नेता की आंख में आंसू आने की चर्चा, पाकिस्तान प्रायोजित कश्मीर के आतंकवाद में संलग्न आतंकवादियों को भटके हुये नौजवान कहना, पालघर में साधुओं की हत्या पर राजनीति करके हत्याओं की गंभीरता को कम करना, कुख्यात आतंकवादी अफजल की बरसी मनाने और उसमें भारत के टुकड़े होने के नारे लगाने जैसी घटनाएं घटीं हैं, केवल पिछले एक माह के भीतर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में घटी कुछ घटनाओं को देखें तो भी इस तथ्य को आसानी से समझा जा सकता है। इनमें कश्मीर की तीन टारगेट किलिंग, कर्नाटक में लव जिहाद किलिंग, केरल में लड़कियों के गायब होने और उन्हें धर्म विशेष का प्रचारक बनाने का विवरण सामने आना, बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के सामूहिक शोषण, बस्तर में नक्सलियों और बदायूं में दो मासूम बच्चों के हत्यारे के एनकाउंटर और माफिया डॉन मुख्तार की मौत पर जो राजनीतिक वक्तव्य आये, इन सबमें एक ही शैली है। जिससे अपराधियों और देश विरोधी तत्वों को राजनीतिक परदे में छिपने का अवसर मिला। कश्मीर में टारगेट किलिंग और वक्तव्य- अप्रैल में ही कश्मीर में टार्गेट किलिंग की तीन घटनाएं हुईं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जरा सोचिए कि सड़क हादसों में मरने वालों में 50 फीसद 14-35 साल की उम्र के होते। इनमें से बहुत सारे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होते हैं थे। यूं तो सड़क हादसों के तमाम कारण गिनाए जा सकते हैं। पर 66 फीसद हादसों का कारण तेज रफ्तार से और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। तो इस पर हर हाल में नियंत्रण करना होगा। इसके लिए तेज वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाना बिल्कुल सही माना जा सकता है। इस सवाल पर कोई बहस हो ही नहीं सकती। सड़क हादसों को रोकने के लिए नागरिकों और पुलिस को समान रूप से अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। सबका सहयोग नहीं रहेगा तो मौजूदा हालात में बदलाव संभव नहीं है।**



आर.के. सिन्हा

**एक बात और कहने का मन कर रहा है। जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है।**

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं। यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी



**पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता। लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है।**

चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं द्ध उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल. लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है। जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है। तो क्या इसलिए वो सड़क पर तड़प-तड़प कर मरने के लिए अभिशप्त है। क्या अमीरजादे सड़कों पर पैदलयात्रियों को कुचलते रहेंगे? पैदलयात्रियों का सड़कों पर कुचला जाना और यातायात के नियमों अनदेखी का सीधा संबंध है। कारों और दूसरे वाहनों की बिक्री को तो रोका नहीं जा सकता। लेकिन, सरकार कड़े उपाय करके पैदलयात्रिओं को राहत तो दे ही सकती है। फुटपाथों को फिर से कायम तो किया ही जा सकता है। सड़कों के किनारे जहाँ स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद आदि सार्वजनिक स्थान हों वहां तो अंडरपास या फुट ओवरब्रिज बनाये ही जा सकते हैं । कम से कम स्कूल की छुट्टी के समय एक ट्रैफिक का सिपाही तो तैनात हो ही सकता है। आज तो फुटपाथों की स्थिति यह हो गई है कि वहां पुलिस हफ्ते वसूल कर बाजार लगवा रही है। यह हर फुटपाथ पर आप देख सकते हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितीया 07:45 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 27:33 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | वरीघा, 28:12 |
| सूर्योदय: | 05:48 |
| सूर्यास्त: | 18:49 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 10:41-12:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:52-12:45 |

# जन एक्सप्रेस

### शुरू हुआ गुणगान !

*आया समय चुनाव का ।*
*शुरू हुआ गुणगान ।।*
*है गिनाते जाना ।*
*किया क्या महान ।।*
*जाकर जनदरबार में ।*
*शीश है नवाना ।।*
*यही हमारा काम है ।*
*आप ने भी माना ।।*
*आगे थोड़ा कर लेंगे ।*
*और भी सुधार ।।*
*काम की गुणवत्ता ।*
*बची कई प्रकार ।।*
*होगा देना मौका ।*
*इस पर करें विचार ।।*
*कर रहे विरोधी पर ।*
*पहले से प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,*
*तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का।*
*वह धंधा करता है मुखौटों का,*
*कारोबार है बहुत फायदे का।*
*अपने चलाते खंजर पीठ पर यारों,*
*यह चलन भी है बहुत कायदे का।*



*सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं*
*पुलिंदा लेकर बड़े गलत वायदे का।*
*सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव। क्या फायदा है विरासत, वायदे का।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***आपको जीवन में इतना मिलेगा कि आप सपने में भी नहीं सोच सकते, लेकिन उससे पहले अपने फील्ड के पक्के खिलाड़ी तो बनो***

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चक्र फूल के पानी से शरीर को करें डिटॉक्स, निकल जाएगी शरीर की सारी गंदगी



### आवश्यक सामग्री

- चक्र फूल - 4 से 5 साबुत
- पानी - 4 कप
- शहद और नींबू का रस - स्वादानुसार

### कैसे बनाएं

- गैस में पानी को चढ़ाएं।
- इसके बाद उबले हुए पानी में चक्र फूल को मिलाएं।
- इसे धीमी आंच पर उबलने दें।
- जब पानी आधा रह जाए तो गैस को बंद कर दें।
- इसके बाद पानी को छानकर एक कप में डालें।
- इसमें नींबू का रस और शहद को मिलाएं।

**मोटापा,** जंक फूड का नियमित सेवन और शारीरिक क्रियाओं में कमी के चलते लोगों को कई तरह की समस्याएं होने लगी है। जंक फूड से मोटापा बढ़ता है और इसका दबाव आपके अंगों की कार्यप्रणाली पर पड़ता है। ऐसे में अंगों की कार्य प्रणाली को बेहतर करने के लिए आप चक्र फूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। चक्र फूल का इस्तेमाल सालों से किया जा रहा है। इसके फायदों के कारण भारत सहित अन्य देशों में भी इस मसाले का उपयोग किया जाता है। आपको बता दें कि चक्र फूल के पानी से आप अपने शरीर को गंदगी को बाहर कर सकते हैं। बॉडी को आसानी से डिटॉकस करने के लिए आप चक्रफूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। .

**लिवर की सफाई करें:** लिवर को शरीर के गंदगी को दूर करने के लिए कार्य करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन से विषाक्त और अपशिष्ट पदार्थों को बाहर फिल्टर करने का कार्य करता है। इसके सपोर्ट करने के लिए आप चक्रफूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। चक्र फूल में फ्लेवोनोइड्स और पॉलीफेनोल्स जैसे कंपाउंड होते हैं, जो लिवर की हेल्थ को बेहतर करते हैं। इससे शरीर की गंदगी आसानी से बाहर होती है।

**पाचन में सहायक:** चक्र फूल में फाइबर व आवश्यक तेल होते हैं, जो पाचन संबंधी समस्या को दूर करते हैं। साथ ही, सूजन को कम करने में मदद करते हैं। चक्र फूल का पानी पाचन एंजाइम्स को बढ़ाता है। इससे पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद मिलती है। साथ ही, आपको कब्ज आदि की समस्या में आराम मिलता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर:** चक्र फूल विटामिन ए, विटामिन सी और क्रेरसेटिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर है। यह फ्री रेडिकल्स के प्रभावों को दूर करते हैं। चक्र फूल का पानी सेल्स को डैमेज करने से बचाता है। बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्या' का निहितार्थ



कुल भूषण उपमन्यु

**सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है। उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं।**

**अत: जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं।**

**आज** प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो (.2) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन- चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168.96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अत- उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं।

# प्रेस वालों आप अखबार के पन्नों पर बड़ा बड़ा लिखना कि मैंने जानता की आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह






**✻ जिस तरह का माहौल पूरे देश में है। फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनने जा रही है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें हम जीत रहे है**

जन एक्सप्रेस | सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' के नामांकन हेतु नामांकन सभा एवं नामांकन जुलूस का आयोजन विलोबी मेमोरियल मैदान,लखीमपुर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री, भारत सरकार रहे। भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' के नामांकन हेतु नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि पहले में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री था तब तो आप लोगों के साथ बराबर बात-चीत होती रहती थी संवाद होता रहता था लेकिन केन्द्र में जाने के बाद इसमें स्वाभाविक रूप से कमी आई है। लम्बे समय के बाद आने के बाद भी आप लोगों ने फूलों की माला पहनाकर और शब्दों के माध्यम से मेरा अभिनन्दन एवं स्वागत किया है। यह लखीमपुर-खीरी की धरती यह बहुत प्राचीन काल में लक्ष्मीपुर के नाम से जानी जाती थी एक से एक हस्तियां यहां पैदा हुई लेकिन आजादी हासिल होने के बाद उत्तर प्रदेश जो देश का सबसे बड़ा राज्य था उसको जिस ऊंचाई को हासिल करना चाहिए उस ऊंचाई को नहीं हासिल कर सका। लेकिन आज मैं डंके की चोट पर कह सकता हूं और मुझे गौरव की अनुभूति होती है यह कहते हुए कि जबसे यहां भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनी है और योगी आदित्यनाथ ने अपनी मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी सम्भाली है।उत्तर प्रदेश का नाम, सम्मान बढ़ा है उत्तर प्रदेश का स्तर बढ़ा है और सबसे बड़ा सवाल यह होता था उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति का। लेकिन केवल उत्तर प्रदेश की ही नही बल्कि पूरे देश की कानून व्यवस्था अब पहले की सरकार की कानून व्यवस्था से बहुत बेहतर हुई है।जब मैं यह सुनता हूं कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनने जा रहा है तो सौभाग्य रूप से मेरा सीना चौड़ा हो जाता है। हमारे देश प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी हिन्दुस्तान की अकेली राजनैतिक पार्टी है जो कहती है वह करती है। मैं पार्टी की बात कर रहा हूं व्यक्ति विशेष की बात नहीं कर रहा हूं। हमारे 1951 से जब हम जनसंघ के रूप में कार्य करते थे तब से लेकर आज तक हमारे चुनावी घोषणा पत्र को देखिए जो हमने कहा है अक्षरशः पालन किया है।हम लोगों ने कहा था कि जिस दिन भारत की संसद के दोनों सदनों में हमको स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा हम धारा 370 को खत्म करेंगे और आपने देखा कि हमने धारा 370 को खत्म किया हम लोगों ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी संसद में हमको बहुमत मिलेगा अयोध्या की धरती पर भव्य राम मंदिर बन कर रहेगा हम लोग उस समय जब कहते थे कि राम लला हम आएंगे मंदिर हम वही बनाएंगे तो सपा और कांग्रेस के लोग कहते थे भाजपा वाले रामलला हम आएंगे मंदिर वही बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं पता है। आप लोगों ने देखा कि तारीख 22 जनवरी भी आ गई हमारे प्रधानमंत्री ने धर्माचार्यो के नेतृत्व में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने और उन्हे तो ऐसा लगता है कि रामलला अपनी झोपड़ी से निकलकर अपनी छोटी सी कुटिया से निकल करके अपने राजमहल में प्रवेश कर चुके है। इसका मतलब की भारत में राम राज्य का आगाज हो चुका है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में योग को सारी दुनिया को अपनाना चाहिए योग को सारी दुनिया को करना चाहिए यही प्रस्ताव रखा था दुनिया के महानतम देशों के मध्य यह प्रस्ताव हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने रखा था और 21 जून को योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह का माहौल पूरे देश में है। फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनने जा रही है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें हम जीत रहे है।भाजपा सरकार नहीं देश बनाने के लिए राजनीति करती है।भाजपा ने कभी हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं की। हमनें मुस्लिम समाज की नाराजगी की परवाह किए बिना तीन तलाक की व्यवस्था समाप्त की। एक देश-एक चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक देश, एक चुनाव कई समस्याओं को हल करने का बहुत अच्छा साधन होगा। देश में संसद और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए, इससे खर्चों पर रोक लगेगी। वन नेशन-वन इलेक्शन के पीछे हमारे प्रधानमंत्री मोदी का विचार है कि देश में बार-बार चुनाव होते हैं और जनता चुनाव में समान रूप से लगी रहती है।इससे बार-बार खर्च होता है।साथ ही जब चुनाव होते हैं तो आचार संहिता लागू होती है और विकास कार्य भी रुक जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक देश, एक चुनाव इस समस्या को हल करने का बहुत अच्छा साधन होगा।

## कार्यक्रम में ये रहे मौजूद...

कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र, रेखा वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/प्रत्याशी 29 धौरहरा, आशीष पटेल तकनीकी शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, बाट एवं माप मंत्री उ0प्र0 सरकार, अवनीश वर्मा स्नातक एम0एल0सी0, योगेश वर्मा विधायक सदर, मंजू त्यागी श्रीनगर विधायक, लोकेन्द्र प्रताप सिंह विधायक मोहम्मदी, विनोद शंकर अवस्थी विधायक धौरहरा, वासुदेव मौर्या जिला प्रभारी, 28 खीरी लोकसभा, अचिन मेहरोत्रा प्रभारी 28 खीरी लोकसभा/पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सीतापुर, विनीत मनार संयोजक 28 खीरी लोकसभा/ अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लखीमपुर, सुनील सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा लखीमपुर, आशू मिश्रा जिला महामंत्री, संतोष कुमारी जिला उपाध्यक्ष, कुलभूषण सिंह जिला उपाध्यक्ष, रश्मि गुप्ता जिला मंत्री, नरेन्द्र सिंह प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत, पुष्पा सिंह पूर्व अध्यक्ष अर्बन को-आपरेटिव बैंक लखीमपुर, वीरेन्द्र शुक्ला ब्लाक प्रमुख पलिया, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहा, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख लखीमपुर, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़, अमनदीप सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख निघासन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोंटी पाल, कीर्ति महेश्वरी अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी,रिंकू शुक्ला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला, मीनाक्षी अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला,बद्री प्रसाद मौर्या अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन, मो0 कय्यूम अध्यक्ष नगर पंचायत सिंगाही (भेड़ौरा), के0बी0 गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पलिया,राम बहादुर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खीरी टाउन, अवधेश सिंह अध्यक्ष बार संघ लखीमपुर, मिथलेश सिंह जिला पंचायत सदस्य, अशोक अवस्थी मण्डल अध्यक्ष खीरी, संदीप मौर्या मण्डल अध्यक्ष नकहा, संतोष वर्मा मण्डल अध्यक्ष फरधान, शिवभगवान मौर्या मण्डल अध्यक्ष फूलबेहड़, अरविन्द सिंह संजय सांसद प्रतिनिधि, जितेन्द्र त्रिपाठी जीतू एड0 सांसद प्रतिनिधि, संजय मिश्रा सांसद प्रतिनिधि, मुन्ना लाल अवस्थी सांसद प्रतिनिधि, दीपक तलवार सांसद प्रतिनिधि, डा0 अभिमन्यु मिश्रा भाजपा युवा नेता, मुदित अग्रवाल, आर0पी0 कटियार, सतीश चौधरी, आर0डी0 राय, राजेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, जी0एस0 सिंह, कनकपाल सिंह राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, वीरेन्द्र मिश्रा, विकास मिश्रा, रतीराम लोधी, संजय गिरि, के0के0 तिवारी, चुन्नी लाल प्रधान, महेश गुप्ता, कीर्ति त्रिवेदी, विनोद गुप्ता, विकास शुक्ला, आचार्य अनूप मिश्रा, अनूप शुक्ला, अरविन्द गुप्ता, भैय्यालाल तिवारी, अरूण मिश्रा, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रेक्षकों ने किया स्ट्रांग रूम व प्रस्थान स्थल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | हरदोई। लोकसभा हरदोई के सामान्य प्रेक्षक एम सुन्दरेश बाबू, पुलिस प्रेक्षक, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने मंडी परिसर, सीएसएन कॉलेज व आईटीआई कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रेक्षकों को मतगणना स्थल व मतदान पार्टी रवानगी स्थल के बारे में प्रेक्षकों को जानकारी दी। प्रेक्षकों ने निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाएं। रवानगी स्थल पर व्यवस्था इस प्रकार की जाये जो मतदान कर्मियों के लिए सुविधाजनक हो। प्रेक्षक गण स्ट्रांग रूम व मतदान पार्टी रवानगी स्थल की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने की बूथों पर विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में बैठक



जन एक्सप्रेस | हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ मतदान बूथों पर विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में बैठक की। सभी खण्ड विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बूथों पर तत्काल विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। बूथों पर पर्याप्त प्रकाश व हवा की व्यवस्था की जाये। खण्ड विकास अधिकारी बूथों का नियमित निरीक्षण करें। सभी बूथों की साज सज्जा का ध्यान रखा जाये। मतदाताओं का स्वागत किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हज यात्रियों का टीकाकरण 30 अप्रैल को : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

जन एक्सप्रेस | हरदोई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने 2024 में हज पर हज यात्रियों से कहा है कि उनको क्वाड्रीवेलेन्ट मैनिनगोकॉकल मैनिजाईटिस वैक्सीन सिंगिल डोज तथा 65 वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों को सीजनल इन्फलुऐन्जा वैक्सीन के साथ ओर पालियों वैक्सीन/ टीकाकरण 30 अप्रैल 2024 को प्रातः 09 बजे से मदरसा अशरफुल मदारिस सिनेमा रोड पर किया जायेगा। उन्होने कहा है हज पर जाने वाले समस्त हज यात्री उक्त तिथि को मदरसा पहुंचकर टीकाकरण करना सुनिश्चित करें।

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

जन एक्सप्रेस | हरदोई। पाली। क्षेत्र के एक गावं की नाबालिग लड़की का अपहरण और उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पाली थाने के एक गांव की किशोरी बीती 29 मार्च 2024 को घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश की थी लेकिन कुछ पता नही चला था। बीती पांच अप्रैल को किशोरी के पिता ने गावं के ही लालू पर बेटी का अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने 23 अप्रैल को किशोरी को बरामद कर लिया था। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया मेडिकल परीक्षण व न्यायालय के समक्ष हुए किशोरी के बयान के आधार पर मुकदमे में युवक पर दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार की सुबह गर्रा पुल के पास से लालू को गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद उसे न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### व्यय लेखा परीक्षण 30 अप्रैल, 05 मई तथा 11 मई को किया जायेगा : सौम्या गुरूरानी

जन एक्सप्रेस | हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों से कहा है कि उनके व्यय लेखा परीक्षण प्रेक्षक की उपस्थित में 30 अप्रैल, 05 मई तथा 11 मई 2024 को प्रातः 10 बजे सायं 05 बजे तक विकास भवन सभागार में किया जायेगा। सीडीओ ने सभी अभ्यर्थीगणों से कहा है कि जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लोक सभा क्षेत्र 32 मिश्रिख के प्रत्यासी है, वो उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि व समय पर विकास भवन सभागार में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। उन्होने बताया है कि व्यय लेखा हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पास बुक, बाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां तीन सेट में देना होगा एवं लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को, एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत किया जायेगा और निर्धारित तिथि तक व्यय लेखा न प्रस्तुत करने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्व कार्यवाही करते हुए उनके जनसभा, जुलूस तथा वाहन की परमीशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की कार्यवाही की जायेगी।

### गेहूँ फसल की नीलामी 01 मई को

जन एक्सप्रेस | हरदोई। नायब तहसीलदार टड़ियावां ने बताया है कि ग्राम अहरापुर तहसील सदर स्थिति तालाब एवं जंगल श्रेणी की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से उगायी गयी गेहूँ फसल की नीलामी 01 मई 2024 को तहसील सदर के सभागार में अपरान्ह 021 बजे की जायेगी। उन्होने कहा है कि गेहूं फसल लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि नीलामी में भाग लेना सुनिश्चित करें।

## आग लगने से भाभी-ननद जिंदा जली : चाचा-भतीजे झुलसे

**✻ 24 घरों का गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख**

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



गुरुवार को घर में आग लगने से भाभी और ननद जिंदा जल गई। घर से सामान बाहर निकालते समय चाचा और भतीजे झुलस गए हैं। साथ ही 12 मवेशी जिंदा जल गए हैं। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चाचा भतीजे को अस्पताल में भर्ती कराया और महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।घटना निघासन तहसील के सिंगहा गांव की है। गांव में आग लगे की सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग की कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग 24 घरों को अपने चपेट में ले चुकी थी। आग लगने से 24 घरों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया और चारों तरफ चीख पुकार मच गई। आग लगने से करीब 50 लाख का नुकसान बताया जा रहा है। सिंगहा निवासी संतराम ने बताया कि दोपहर 12 बजे उसके घर से आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। आग लगने से पहले उनकी बुआ 35 वर्षीय संगीता, कमरे में अपने बेटे 13 वर्षीय सचिन के साथ सो रही थी। अचानक कमरे के पास बना बंगला जलने लगा। आग की लपटों से वह जाग गई और सचिन को कमरे से बाहर निकाल दिया। वह उसमें फंस गई और जलकर उनकी मौत हो गई।

सास ने बहू को बचाया 50 वर्षीय रामगुनी पत्नी भागीरथ और उनकी बहू पूजा पत्नी साहजराम छप्पर वाले घर में सो रही थी। अचानक आग देखकर वह पूजा को मिट्टी की डेहरी से पीछे की दीवार फांदकर बाहर निकाल दिया और खुद उसमें फंसकर जलकर मर गई।

दोनों को बचाने के लिए घर में घुसे 45 वर्षीय बांके पुत्र बाबूराम, 30 वर्षीय सहजराम पुत्र भागीरथ गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर है।

## युवक की मौत को लेकर हुआ हंगामा, दो घंटे हाईवे पर लगा रहा जाम

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



सदर कोतवाली के गांव बन्नी से करीब एक माह पूर्व उत्तराखंड के नैनीताल में मजदूरी करने गए राजेश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह वहां एक होटल में काम करता था। मंगलवार सुबह उसका शव होटल के नजदीक गटर से बरामद हुआ था।जानकारी मिलने पर बुधवार को परिजन शव लेकर घर ले आ गए। बृहस्पतिवार सुबह साढ़े सात बजे परिजनों ने शहर से आठ किलोमीटर दूर लखीमपुर-पलिया हाईवे पर शव।रखकर जाम लगा दिया। मृतक की पत्नी सुषमा ने बताया कि उसके पति राजेश के साथ नैनीताल जाने वाला युवक आठ दिन पहले ही घर आ गया था। उससे पूछा तो उसने कह दिया कि राजेश पहले ही गांव के लिए वहां से आ गया था। उसकी बात पर परिजनों को शक है।परिजनों ने उसी युवक पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर सुबह 9.15 बजे परिजनों ने शव हाईवे से हटाया। हंगामे के चलते हाईवे पर दो घंटे जाम लगा रहा। दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई थी।भीषण गर्मी में राहगीर परेशान दिखे।

## खेत मे कटी लगी गेंहू की फसल में आग लगाने का आरोप

**✻ आग लगने से फसल जलकर हुई राख, पीड़ित ने थाने पर दी तहरीर**

जन एक्सप्रेस | हरदोई



हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में खेत पर काटकर इकट्ठी की गई गेहूं की फसल में आग लग जाने से फसल जलकर राख हो गयी किसान व ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने की तमाम कोशिशें के गयी लेकिन उसे बचा नही पाया।पीड़ित ने एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के इस्माइल पुर गांव निवासी चेतराम ने लगभग तीन बीघा गेंहू की फसल काटकर खेत मे इकट्ठी की थी। गेहूं की फसल में बुधवार की रात आग लग गई जब तक किसान कुछ समझ पाता आग ने भीषण रूप ले लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई इस संबंध में किसान के पुत्र विकास द्वारा थाने पर लिखित सूचना दी गई जिसमें बताया गया कि टिकार गांव निवासी अतुल पुत्र मदन के द्वारा आग लगाई गई

विश्वस्त सूत्रों की माने तो बुधवार की रात अतुल जो की तांगा चलता है भूसा और अनाज का किराए पर काम करता है है इस्माइलपुर से काम करके बापस अपने घर टिकार जा रहा था इस्माइलपुर तिराहे पर साइड देने के विवाद के चलते ग्रामीणों द्वारा मारपीट की गई थी जिसकी सूचना अतुल द्वारा 112 को दी गई थी फिलहाल पुलिस घटना की सत्यता की जांच में जुटी।

## चोरी के सामान सहित चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | हरदोई

सांडी। थाना क्षेत्र के नेकपुर हतिमपुर निवासिनी परवीन पत्नी अवरार द्वारा अज्ञात चोर द्वारा छत पर लगी दो सोलर प्लेट चोरी करने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना के क्रम में विवेचक उपनिरीक्षक रामकुमार शुक्ला व उपनिरीक्षक प्रताप सिंह व हेड कांस्टेबिल रजनेश कुमार द्वारा मुखविर की सूचना पर साण्डी बिलग्राम मार्ग से मुरौली कठेरियान जाने वाली सडक पर मोड पर गुरुवार को समय करीव 12.05 बजे एक अभियुक्त रामलडैते पुत्र बटेश्वर निवासी ग्राम जुगापुरवा थाना हरपालपुर जिला हरदोई को गिरफ्तार किया गया।

## इन्वर्टिस जीरो प्वाइंट पर लोडर पलटा

जन एक्सप्रेस | बरेली

बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बड़ा बाईपास के इन्वर्टिस जीरो पॉइंट पर बुधवार रात तेज रफ्तार की वजह से एक लोडर वाहन पलट गया। हादसे में लोडर वाहन के नीचे दबकर रजऊ गांव निवासी अमित राजपूत नाम के किशोर की मौत हो गई। उसके चार साथी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमित और उसके साथी एक टेंट हाउस पर काम करते थे। पड़ोस के गांव में एक शादी समारोह में उनका टेंट लगा था। आधी रात के बाद टेंट का सामान लोडर में भरकर वह रजऊ की तरफ लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार और अंधेरे की वजह से यह हादसा हो गया।

## गाने बजाने को लेकर हुए विवाद में दुल्हे को भी पीटा

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर। पुवायां। निगोही रोड पर मंगलवार रात गीता सिटी कॉलोनी के पास बरात में डीजे पर मनपसंद गाने लगवाने को लेकर विवाद हो गया। लोगों ने बरातियों को जमकर पीटा। मारपीट में आठ बराती घायल हो गए। बाद में पुलिस की मौजूदगी में वरमाला कार्यक्रम संपन्न कराया गया। दूल्हे के पिता ने शादी से इन्कार कर दिया लेकिन दूल्हे की जिद के बाद शादी संपन्न हुई। गीता सिटी कॉलोनी के पास पुवायां के ही एक गांव से बरात आई थी।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-**

**01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: 01015 दादर से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और 01016 गोरखपुर से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन: 01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.) से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और 01428 गोरखपुर से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

चलने के दिन: 01411 पूणे से 27.04.2024 को और 01412 गोरखपुर से 28.04.2024 को |; स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन: 02250 दिल्ली जं. से 27.04.2024 को और 02249 पटना जं. से 28.04.2024 को।
स्थान: 3 टियर वाता. एकोनॉमी; ठहराव: कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

चलने के दिन: 09478 पटना जं. से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; ठहराव: आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

**08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

चलने के दिन: 08481 पुरी से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और 08482 आनन्द विहार(टर्मि.) से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहराव: साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

**04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

चलने के दिन: 04672 जम्मू तवी से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.; ठहराव: पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

**04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

चलने के दिन: 04221 वाराणसी से 27.04.2024 को
स्थान: 3 टियर वाता.,
ठहराव: भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1246/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के तीसरे दिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

- चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना हमारा लक्ष्यः डीएम
- सभी मतदान कार्मिक सौपें गए दायित्वो का निर्वहन पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से करें



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले में होने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष विश्वसनीय ढंग से, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में गुरुवार को मतदान कार्मिकों का तीसरे दिन का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से उदित नारायण इण्टर कालेज / उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना में संपन्न हुआ।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण कर रहे मतदान कार्मिकों से वार्ता कर प्रशिक्षण के दौरान मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील एवं रबर स्टैम्प ,मतदाता रजिस्टर (17क), एड्रेस टैग, लाख (लाह), मुहर पैड, एरोक्रास मार्क, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबुल मतदेय स्थल/मजरा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, समस्त फार्म एवं लिफाफे, डमी बैलेट यूनिट के बारे में प्रशिक्षणरत कर्मियों से जानकारी किया।

प्रशिक्षण के दौरान पी0पी0टी0 के अतिरिक्त ई0वी0एम0 के प्रयोग संबंधी समस्त जानकारी दी गई तथा मतदान कार्मिकों से निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों, विभिन्न तरह के लिफाफे, सील, पीठासीन डायरी तथा मॉकपोल के बाद अपनाए जाने वाली प्रक्रिया क्लोज रिजल्ट क्लियर (सीआरसी) के बारे में भी सरलता पूर्वक जानकारी देने के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों मतदान कार्मिकों से विभिन्न तरह के प्रश्न भी पूछे गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रतिकूल है तेज धूप से बचने के लिए सर पर कपड़ा अवश्य रखें तथा लगातार पानी -नींबू, ओआरएस पीते रहे जिससे कि शरीर में पानी की कमी ना रहे। हम सभी को पूर्ण मतदान बिल्कुल निष्पक्ष होकर संपन्न करना है। उन्होंने कहा की पार्टी रवानगी के दिन सुबह आकर अपने निर्वाचन संबंधी ईवीएम वीवीपीएटी, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट मशीन प्राप्त कर ले जिससे कि दोपहर की गर्मी से बचा जा सके तथा सभी मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए वाहनों (बस) की उचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे कि मतदान केंद्रों पर पहुंचने हेतु आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी को कोई डाउट/कन्फ्यूजन हो तो अपने मास्टर ट्रेनर से उसे तुरंत पूछे। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो मुझे भी अवगत कराए। आप सभी ट्रेनिंग का शॉर्ट नोट्स जरूर बनाए रखें जिससे कि प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करने और रिवीजन करने में आसानी होगी। मतदान प्रतिशत भरने हेतु एप के बारे में आगे जानकारी दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें। सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण के उपरांत स्वयं भी अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करें तथा अपने आसपास के घर, परिवार तथा समाज के लोगों को 01 जून को मतदान करने हेतु प्रेरित भी करें।

प्रशिक्षण को मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी मतदान कार्मिकों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन वेबसाइट पर पीठासीन अधिकारी मतदान कार्मिकों हेतु हैंडबुक उपलब्ध है जिसका अध्ययन आप लोग अवश्य करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्वाचन दौरान कार्मिकों की भूमिका उनके महत्व पर वार्ता की गई। प्रशिक्षण कुल चार दिवसों में चलेगा। जिसके अंतर्गत कुल 7170 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे प्रत्येक दिन 22 कमरों में 1793 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार, डीआईओएस रविंद्र तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग ने पांच रेहायशी झोपड़ियों को जलाकर राख कर दिया



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के बन्धू छपरा गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते पांच रेहायशी झोपड़ियां जल कर राख हो गई। तेज चल रही पछुआ हवा के चलते आये दिन जिले में आग लगने की घटनाएं घटित हो रही है।फायर ब्रिगेड की गाड़ी बचाव कार्य के लिए समय से मौके पर नहीं पहुंच रही है।

मिली जानकारी के अनुसार

खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बंधू छपरा में गुरुवार की दोपहर मे अज्ञात कारणों से आग लगी गई जिसके चलते पांच रिहायशी झोपड़ीया जलकर राख हो गई।झोपड़ी मे रखे गये किमती समान कपड़ा, अनाज, जेवरात सहित नगदी रुपये भी जल गये।

ग्रामीणों की अथक प्रयास से आग पर किसी तरह से काबू पाया जा सका । आग बुझ जाने के बाद फायर ब्रिगेड का वाहन मौके पर पहुंचा तब तक आग की घटना से खेल तमाम हो चूका था

इस आगजनी में बर्बरी पुत्र राम वृक्ष , अरविंद पुत्र रामवृक्ष, हरीकिशो, सुनील, अभिमन्यु आदि लोगो की झोपड़ियां सहित उसमे रखा गया लाखों का समान जल कर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची खड्डा थाने की पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का अथक प्रयास कार आग पर काबू पा लिया था।तब जाकर बहुत देर बाद फायर ब्रिगेड की वाहन पहुंची और स्थिति सामान्य देख मौके से बैरंग वापस लौट गई।

## मतदान जागरूकता हेतु चलाया गया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज विभिन्न ग्राम सभा में संबंधित बीएलओ एवं अध्यापकों द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। पथरदेवा विधानसभा के मुंडेरा ग्राम सभा में बीएलओ अभिषेक पांडेय ने प्रथम बार के मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क करके उन्हें एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।भटनी विकास खंड में भटनी ब्लाक के स्वीप नोडल मारुति नंदन ने ग्राम सभा छपिया जयदेव में ग्राम वासियों को मतदान की शपथ दिलाई। भलुअनी ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय भरौली की बीएलओ गीता सिंह एवं प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र चतुर्वेदी ने ग्राम सभा में जन संपर्क कर लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जाँचने एवं न होने की स्थिति में नाम जुड़वाने तथा एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

## प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1 को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1 विकास खण्ड-देवरिया नरेन्द्र मोहन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा गत 23 अप्रैल को विधान सभा क्षेत्र-देवरिया के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थल सं0 303, 304 प्राथमिक विद्यालय सरौरा नं0 1, विकास खण्ड-देवरिया के विद्यालय पर प्रधानाचार्य नरेन्द्र मोहन सिंह द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानक का अनुपालन करते हुए आदर्श एवं सराहनीय कार्य किया जाना पाया गया। जिलाधिकारी ने इसी प्रकार से अपने कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

## किसके सर बंधेगा सेहरा, मतदाता चुप




**जन एक्सप्रेस । सलेमपुर**

सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र से भाजपा से वर्तमान सांसद रविंद्र कुशवाहा इस बार भी चुनावी मैदान में है। रविंद्र कुशवाहा की पृष्ठभूमि ही राजनीतिक रही है। इनके पिता स्व. हरकेवल प्रसाद कुशवाहा कई बार लोकसभा और विधान सभा के सदस्य रहे। तो रविंद्र कुशवाहा भी लगातार दूसरी बार सांसद है। वहीं समाजवादी पार्टी ने पूर्व में बसपा से सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे रमाशंकर विद्यार्थी पर अपना दाव लगाया है। सपा को इण्डिया गठबंधन का भी साथ मिला है। इनकी उम्मीदवारी की घोषणा थोड़ी देर से हुई लेकिन ये भी पूरे दम खम से चुनावी मैदान में है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने भी अपने की प्रत्याशी की घोषणा बीते दिनों कर दी है। बसपा ने सलेमपुर लोकसभा से भीम राजभर को उम्मीदवार बनाया है भीम राजभर पूर्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष भी रहे है। यह मूल रूप से मऊ जिले के निवासी है इसके पहले आजमगढ़, मऊ से चुनाव लड़ चुके है। इनके उम्मीदवार बनने से राजभर वोटो में बंटवारा हो सकता है। वही सलेमपुर लोकसभा से भाजपा से टिकट मांग रहे अन्य प्रत्याशिओं के भी लोकसभा चुनाव में निर्दल चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही है।

## बसपा ने भीम राजभर को मैदान में उतारा

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने सलेमपुर से अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर यहां से चुनाव लड़ेंगे। वे मूलरूप से मऊ जनपद के रहने वाले हैं। भीम राजभर वर्तमान में महाराष्ट्र बसपा के प्रभारी हैं। वे 2012 में मऊ सदर से मुख्तार अंसारी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2022 में वह मुख्तार के बेटे के खिलाफ बसपा के प्रत्याशी रहे। बसपा के टिकट की घोषणा होते ही सलेमपुर का राजनीतिक परिदृश्य साफ हो गया। यहां से भाजपा ने निवर्तमान सांसद रविन्दर कुशवाहा को तीसरी बार मैदान में उतारा है जबकि सपा ने रमाशंकर राजभर को टिकट दिया है, ये बसपा से सांसद रह चुके हैं।

## सुभासप केन्द्र में प्रचण्ड बहुमत की बनवायेगी भाजपा वाली एनडीए सरकार : विजय कुमार राव

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प चार सौ पार को पूरा करने में प्रदेश व देश में सुभासपा पूरी तन्मयता के साथ चुनाव में एनडीए की सरकार बनवाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जूट गई है। केन्द्र में प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार बनवाने के लिए सुभासपा ने कमर कस लिया है।एनडीए गठबंधन से विपक्षी दल इंडिया गंठबंधन बौखला गई है।देशकी जनता ने विपक्षी पार्टियों को नकार दिया है। देश की जनता ने घोटाले बाजों से बने महा गंठबंधन को देश से उखाड़ फेंकना का मन बना लिया है। यह बातें सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने गुरुवार को जिले के एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



उन्होंने ने कहा कि यूपी में 80 सीटें भाजपा व एनडीए में सहयोगी पार्टी जीत रही है। उत्तर प्रदेश में सपा बसपा कांग्रेस व इनके साथ इंडिया गंठबंधन के साथ संगठन में आई हुई सभी दल पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। चुनाव में मोदी जी के 400 सौ पार का संदेश देश की जनता ने स्वीकार कर लिया है।दूर दूर तक विपक्षी दल नजर नहीं आ रहे हैं।इनका सूपड़ा साफ हो चूका है। इंडिया गंठबंधन के नेताओं के जनसभा में जूटने वाली भीड़ ही यह बताने के लिए काफी है कि देश की जनता ने इनको सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

राव ने कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा एनडीए को जिताने व चार सौ पार सीट कराने के लिए लगा दिया है। लोकसभा चुनाव में चल रही भाजपा एनडीए की तूफान को रोक पाना इंडिया गंठबंधन के बस की बात नहीं है।राव कुशीनगर व देवरिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से लगने की अपील करते हुए देश व प्रदेश के कोने कोने से चुनाव लड़ रहे सभी एनडीए उम्मीदवारों को जिताने के लिए एकजुट होकर काम करने के लिए आह्वान किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**जन एक्सप्रेस/संत कबीर नगर।** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमले के मुख्य आरोपी मोहम्मदपुर कठार निवासी राधेश्याम यादव को कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुर्गा मंदिर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। अभी भी तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पिछले दिनों एक वैवाहिक आयोजन में शामिल होने आए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ स्थानीय लोगों के साथ कुछ अन्य लोगों ने मारपीट की घटना कर दी थी। उनके नाक पर चोंट लग गई थी। उनके पीएसओ की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी।

### जेईई मेंस में गोरखपुर के हिमांशु यादव प्रदेश में अव्वल, जनिए कितने अंक हासिल किए

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** महाराजगंज में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर के बेटे हिमांशु यादव ने जेईई मेंस परीक्षा में प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया है। 100 पर्सेंटाइल स्कोर के साथ ऑल इंडिया 32वीं और ओबीसी कैटेगरी में देश में 7वीं रैंक हासिल की है। एकेडमिक ग्लोबल स्कूल से 12 वीं की पढ़ाई कर रहे हैं हिमांश की इसल उपलब्धि पर उन्हें उनके परिवार के साथ स्कूल की तरफ से भी ढ़ेरों शुभकामनाएं दी गई।

### पति को शराब पीने से मना करने की जिद पर अड़ी पत्नी गई मायके, पति ने लगाया फांसी

**जन एक्सप्रेस/भाटपाररानी।** पति की शराब पीने की लत से परेशान पत्नी ने कहासुनी के बाद मायके जाने की ठान ली। पति ने उसे समझाने की कोशिश, लेकिन वह अड़ी रही। यह देख पति ने जान देने की बात कही। पत्नी ने जिसे अनसुना कर दिया। इसके बाद युवक फंदे से लटक गया। इसकी जानकारी जब पत्नी को हुई तो वह बदहवास हो गई। पूरे परिवार में मातम छा गया। पत्नी सहित अन्य परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया था।खामपार थाने के छितरौली गांव निवासी मुकेश प्रसाद (28) पुत्र सुरेश प्रसाद गांव पर ही रहता था। उसकी शराब पीने की लत से उसके माता-पिता के साथ पत्नी निशा भी परेशान रहती थी। रोज-रोज शराब पीने की बात को लेकर मुकेश का विवाद नेहा से होता था। वह शराब पीने से मना करती रहती थी, लेकिन मुकेश मानने को तैयार नहीं था। मंगलवार की शाम मुकेश शराब पीकर घर आया तो पत्नी नेहा से कहासुनी हो गई।इसके बाद उनमें विवाद हो गया। नेहा ने मुकेश के साथ नहीं रहने की बात कह मायके जाने की ठान ली। वह रात में ही मायके जाने के लिए तैयार होने लगी। यह देख मुकेश ने रोका, नहीं मानने पर जान दे देने की बात कही। जिसे नेहा ने अनसुना कर दिया। इसके बाद मुकेश ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद रस्सी का फंदा बनाकर उससे लटकर कर जान दे दी।इसकी जानकारी जब नेहा को हुई तो उसका रोकर बुरा हाल हो गया। नेहा बार-बार यही कह रही थी काश वह मायके जाने की जिद नहीं पकड़ी होती तो मुकेश की जान नहीं जाती। इस घटना के बाद मृतक की मां शोभा देवी का भी रोकर बुरा हाल हो गया था।

### डीएम एवं एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव पूरे देश का पर्व है। मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को इसका एहसास होना चाहिए।जिलाधिकारी आज अपराह्न जूनियर हाई स्कूल खुखुंदू, प्राथमिक विद्यालय को खुखुंदू नंबर 1, कंपोजिट स्कूल नूनखार, आदर्श प्राथमिक विद्यालय सिसई, नगर पंचायत भटनी कार्यालय परिसर में बने मतदान केंद्र, सुभाष इंटरमीडिएट कॉलेज भटनी, श्री कृष्ण भगवान लाल माध्यमिक विद्यालय मजुरी बुजुर्ग, तिलक किसान लघु माध्यमिक विद्यालय कम्हरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, प्रकाश व्यवस्था, पंखा, फर्नीचर, रैंप इत्यादि के समय जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम प्रधानों को भोजपुरी भाषा में लिखित पाती भी सौंपी और उन्हें मतदान के दिन 1 जून को लोकतंत्र के उत्सव में प्रतिभाग करने का निमंत्रण दिया। इस दौरान एएसडीएम अंगद यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### जिलाधिकारी कल सोशल मीडिया प्लेटफार्म से करेंगे मतदाता संवाद

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह कल 27 अप्रैल को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनपदवासियों से सीधा संवाद करेंगे और उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत प्रशासन के स्तर पर की जा रही तैयारियों से अवगत कराएंगे। साथ ही जिलाधिकारी मतदान से जुड़ी विभिन्न जानकारी एवं लोकतंत्र में चुनाव का महत्व रेखांकित करते हुए जनपदवासियों को मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

### ऑटो-पिकअप की भिडंत में एक की गई जान, तीन लहूलुहान

**जन एक्सप्रेस/शिकारपुर (महराजगंज)।** घुघली थाना क्षेत्र के शिकारपुर मार्ग पर बेलवा टीकर के पास मंगलवार देर रात आइसक्रीम लदा ऑटो व पिकअप में टक्कर से पिकअप सवार युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। चार लोगों की हल्की चोटें आई हैं। पिकअप गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के लालपुर टीकर से महराजगंज जिले में पुरैना गांव आ रहा था। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर जिले से खोराबार थाना क्षेत्र के लालपुर टीकर से बारात पुरैना गांव में आई थी। इसमें शामिल होने के लिए पिकअप सवार आ रहे थे। विशुनपुरा थाना खोराबार, जिला गोरखपुर निवासी मनीष गौड़ पिकअप चला रहे थे। पिकअप में बड़का भटवा थाना खोराबार जनपद गोरखपुर निवासी विष्णुनाथ, अंकित, अमन, मनीष बैठे थे। इसके अलावा चार अन्य लोग भी सवार थे। बेलवा टीकर के पास आइसक्रीम लदे ऑटो से पिकअप टकरा गई। पिकअप पर सवार विष्णुनाथ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अंकित, अमन, मनीष घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दी है। घुघली थानाध्यक्ष योगेश सिंह के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आग लगने से तीन बछड़ों की मौत, एक व्यक्ति झुलसा

**जन एक्सप्रेस/चौक बाजार।** क्षेत्र के बड़हरा राजा के सिवान में गेंहू की डंठल से उठी आग की लपटों ने महेशपुर, धरमपुर, बरगदही बसंत नाथ, चौक बाजार में तांडव मचाया। धरमपुर मार्ग के एकला पेड़ से सोनाड़ी मार्ग पर बना उमेश वर्मा के डेरी में रखा करीब 50 ट्रॉली भूसा जल गया। डेरी में बधे तीन बछड़ों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

## मुआवजे के लिए किसानों को करना होगा आनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** अग्निकांड से प्रभावित किसानों को राजस्व विभाग की रिपोर्ट पर मंडी समिति द्वारा मुआवजा दिया जायेगा। सभी तहसीलों ने कलेक्ट्रेट स्थित आपदा विभाग को अपनी रिपोर्ट दी है। आपदा विभाग द्वारा मंडी समिति को राजस्व विभाग की रिपोर्ट भेजी जायेगी। मुआवजा पाने को अग्नकांड से प्रभावित किसानों को मंडी समिति की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें उन्हे अपना पूरा ब्योरा देना होगा। इसके बाद मंडी समिति द्वारा प्रभावित किसानों के खाते में या चेक के माध्यम से मुआवजे की राशि का भुगतान किया जायेगा।इस साल अधिक संख्या में किसानों की आग से फसलें जली हैं। राजस्व विभाग के आकलन रिपोर्ट पर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। इसके लिए किसानों को आनलाइन आवेदन करना होगा। अभी तक डेढ़ दर्जन किसानों ने आवेदन किया है। किसानों के खाते में या चेक के माध्यम से मुआवजे की राशि का भुगतान किया जायेगा।

## सिंचाई विभाग के दो डिवीजन होने के बावजूद भी पानी के लिए बेहाल है किसान

# जिले की नहरें किसानों के सिंचाई के लिए सफेद हाथी का दांत हो रहे साबित

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले की नहरों में पानी न होने से किसानों के गन्ना की फसल पानी के अभाव में सूख रही है। मजबूरी में किसान पम्पीगं सेट के सहारे गन्ना की फसल को बचाने में लगा हुआ है। अप्रैल व मई के महिने में खेतों में लगी गन्ना व मक्का सहित साग सब्जी की फसलों में भी अधिक मात्रा में पानी की किसानों को आवश्यकता पड़ती है। तेज धूप व भीषण गर्मी से फसलों को बचाने के लिए खेतों में नमी के लिए पानी बहुत जरूरी है।ऐन मौके पर नहरों सुखी है विभाग नहरों में पानी छोड़ने के लिए मई माह कर इंजतार कर रहा है। जबकि कुशीनगर जनपद गन्ना बाहुल्य व सर्वाधिक उपजाऊ कृषि वाला जनपद है। इस जिले में किसानों को समय समय पर पानी देने के लिए शासन स्तर से 2 अदद डिवीजन बनाए गए हैं।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई खंडों कुशीनगर प्रथम डिवीजन है। जिसके पास कुल नहरों की संख्या 88 है। जिसकी दो शाखा है और 12 राजवाहे व 74 माइनर शामिल हैं। इसी तरह जिले की दुसरी सिंचाई खंड़ द्वितीय है। जिसकी जिम्मेदारी 89 किमी से लेकर 135 किलोमीटर में संचालित होती है। सिंचाई खंड द्वितीय डिवीजन से कुल 121 नहरें संचालित होती है। जिसकी मुख्य 2 शाखा है और 23 राजवाहे 96 माइनर व छोटी नहरें संचालित होती है।दो दो सिंचाई विभाग के डिवीजन होने के बाद भी जिले के किसानों को विभाग जरूरत के समय पानी नहीं दे पाता है। दो डिवीजन नहरों के जाल बिछने के बावजूद भी किसान सिंचाई के लिए पम्पीगं सेट पर आश्रित है और डीजल जलाकर मंहगी खेती करने को विवश हैं। किसानों का कहना है कि मार्च से लेकर अप्रैल मई व जून माह के 15 तारीख तक खेतों में लगाई गई गन्ना की फसलों को एक एक सप्ताह पर लगातार पानी देकर गन्ना की पेड़ी व खुटी के फ़सल को बचाया सबसे चुनौतीपूर्ण है। नहरों में पानी न आने से फसलों की सिंचाई काफी महंगा हो गया है। किसानों का कहना है कि 15 जून तक मानसून के आने के बाद फसलों को लेकर राहत मिल जाती है।

सिंचाई विभाग अपने रोस्टर के मुताबिक नहरों में पानी छोड़ता है।



विभाग के रोस्टर के मुताबिक किसानों को लाभ नहीं मिल पाता है। कुसमय पानी छोड़े जाने से किसानों का कोई फायदा नहीं हो पाता है। विभाग मौसम के अनुसार नहरों में पानी छोड़े तो किसान नहर की पानी से भीषण गर्मी में भी अपनी गन्ना फसल को आसानी से बचाकर अच्छी उपज ले सकता है। बताते चलें कि जनपद के उत्तरांचल, पूर्वांचल व पश्चिमांचल तथा बीच के मध्य भाग कि उपजाऊ जमीन पर किसान गन्ना कि सर्वाधिक खेती करता है।

गन्ने के साथ मक्का,हरी सब्जियां व केला आदि फसलों को अपनी खेतों में बोआई कर अच्छी उपज पैदा करता। लेकिन दो दो सिंचाई विभाग के डिवीजन होने के बाद भी नहरों से समय समय पर पानी न मिलने के कारण किसानों की खेती में लागत की अधिक लगती है और मुनाफा कम होता है। किसानों का कहना है कि विभाग समय से सुचारू रूप से नहरों में पानी छोड़े तो पानी के लिए लगने वाला खर्च सुध रूप से बच जायेगा किसान फसल की अच्छी पैदावार हासिल कर बढ़िया मुनाफा कमा सकता है। किसानों के लिए जिले कि नहरें सिंचाई के लिए सफेद हांथी का दांत साबित हो रहा है।

सिंचाई विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता बुधई राम व सिंचाई विभाग द्वितीय के अधिशासी अभियंता डीएन राम ने बताया कि 25 मई तक नहरों में पानी छोड़ा जायेगा। नहरों में पानी छोड़ने के लिए विभागीय रोस्टर बने हुए उसी के मुताबिक विभाग समय-समय पर पानी छोड़ता रहता है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### साहिबाबाद सब्जी मंडी के कूड़े के ढेर में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/साहिबाबाद।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल के बाद अब साहिबाबाद सब्जी मंडी के कूड़े के ढेर में बुधवार सुबह आग लग गई। सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कूड़े में आग लगी रही। करीब चार घंटे तक लगी आग से पूरे मंडी में धुआं-धुआं हो गया। मंडी में बैठे दुकानदार और खरीदारी करने पहुंचे लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। धुएं की वजह से मंडी परिसर से बहुत से उम्रदराज आढ़ती दुकान बंद कर घर लौट गए। साहिबाबाद मंडी में रोजाना करीब 70 टन कूड़ा निकलता है। इस कूड़े का निस्तारण करने के लिए मंडी परिषद की ओर से एक फर्म को ठेका दिया हुआ है। वहीं, फर्म की ओर से मंडी का कूड़ा बाहर निस्तारित करने की बजाय मंडी परिसर में ही खाली प्लॉट पर इकट्ठा कर दिया जाता है। जब कूड़ा अधिक हो जाता है तो यहां आग लगा दी जाती है। बुधवार की सुबह भी कूड़े में आग लगा दी गई, जिससे पूरे मंडी परिसर में धुआं फैल गया। आढ़ती नूर ने बताया कि पुआल, फलों के कार्टून से निकले कागज के टुकड़ों को मंडी से बाहर न भेजकर परिसर में जमा कर दिया जाता है। उन्होंने बताया यह पहली बार नहीं जब कूड़े में आग लगा दी गई हो। आरोप है कि जब भी कूड़े का पहाड़ बनना शुरू हो जाता है तो उसमें आग लगा दी जाती है।

### घर में पंखे से लटका मिला छात्र का शव

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के भोवापुर में बुधवार दोपहर दसवीं कक्षा के छात्र का शव कमरे में लटका मिला। परिजन छात्र को निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता कर रही है। पुलिस ने बताया कि 17 साल का छात्र एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा की पढ़ाई करता था। बुधवार सुबह परिवार के लोग बाहर काम से गए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे छात्र की बहन घर पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी नहीं खोला तो पड़ोसियों को बुलाया। लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो देखा कि छात्र का शव पंखे से लटका हुआ था। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। कौशांबी पुलिस ने किशोर का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### गृह क्लेश के चलते व्यक्ति ने फंदा लगाया

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में गृह क्लेश के चलते एक व्यक्ति ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इंद्रपुरी शनि मंदिर मार्ग बी 12 स्थित में सुशील (40) परिवार के साथ रहते थे। किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह सुशील का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सुशील का शव देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। तभी आसपास के लोग घर पहुंचे। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। मौत के सही कारण का पता किया जा रहा है। शुरुआती जांच में गृह क्लेश के चलते मौत होना आया है।

# बुलंदशहर में मतदान आज

## जिले की सीमाएं सील, 18 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

**जन एक्सप्रेस । बुलंदशहर**



लोकसभा चुनाव के लिए आज मतदान होगा। सुरक्षा के मद्देनजर जनपद में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। जनपद की सीमाओं पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है। मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों पर अर्द्धसैनिक बलों की निगरानी में मतदान होगा। जनपद में बुलंदशहर लोकसभा सीट का संपूर्ण व गौतमबुद्धनगर सीट का आंशिक मतदान होगा। जनपद को 33 जोन और 191 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद की सभी सीमाओं पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है। एसएसपी श्लोक कुमार समेत सभी एसपी, सीओ जनपद में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ भ्रमण कर व्यवस्था संभालेंगे। मतदान को प्रभावित करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में तैनात व गैर जनपद से आए कुल सात हजार से अधिक पुलिसकर्मी समेत कुल 18 हजार सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। जनपद में 1498 मतदान केंद्रों में से 793 क्रिटिकल बूथ बनाए गए हैं। इन सभी केंद्रों और बूथों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गई है। सभी सुरक्षाकर्मी सुबह पांच बजे से अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात हो जाएंगे। इसके अलावा आठ कंपनी पीएसी बल भी जनपद में अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी जनपद वासियों से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

### दस मिनट में बूथ पर पहुंचेगी पुलिस

मतदान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ऐसा सुरक्षा चक्र बनाया है कि हर दस मिनट में पुलिस की टीमें बूथ पर पहुंचती रहेंगी। सुरक्षा के मद्देनजर कहीं भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सीमाओं पर लगाए गए बैरियर

जनपद की सीमाओं दनकौर बॉर्डर, औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद, गुलावठी बाईपास, हाईवे पर विभिन्न स्थानों पर, स्याना में गढ़ बॉर्डर, छतारी में अलीगढ़ बॉर्डर, अरनिया में अलीगढ़ बॉर्डर समेत विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है।

> सभी मतदान केंद्रों, बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है। अर्द्धसैनिक बल, पुलिस समेत करीब 18 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों के घेरे में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाएगा। जनपद की सीमाओं पर भी चेकिंग की जा रही है।
> **- श्लोक कुमार, एसएसपी**

## जेईई मेन में 500 से ज्यादा छात्रों ने हासिल की रैंक, एडवांस में बैठेंगे

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेंस सेशन-2 में जिले के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। करीब 500 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस के लिए क्वॉलिफाई किया है। भव्य तिवारी की 132 रैंक, अर्जुन अविनाश शिंदे की 286, अरमान चौधरी की 423, ईशान जैन की 406 रैंक आई है। अब यह छात्र एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं। इसके अलावा इसमें आराध्या गोयल 771, तनीश अग्रवाल 1212, अंकित मित्तल 1336, अमन गुप्ता 1645, शांतनु 1793, शुभम महेश बंसल 1933, सक्षम सिंह 2129, आयुष्मान मनोहर 2301, वंश गौतम 2348 ने रैंक हासिल की हैं। वहीं, जेईई मेंस की प्रस्तुति के आधार पर छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में दाखिला लेना आसान हो गया है। सेक्टर-78 एसोटेक सोसायटी निवासी भव्य तिवारी की132 वीं रैंक आई है। उन्होंने 9 वीं कक्षा से ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी।

## आगरा में पीएम मोदी के आने से पहले ये अधिवक्ता किए गए घरों में नजरबंद



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा के कोठी मीना बाजार में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में पीएम मोदी जनसभा से पहले अधिवक्ताओं को घरों में नजरबंद किया जा रहा है। दरअसल अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर पीएम मोदी से मिलने का एलान किया था। इसलिए सुबह से ही पुलिस अधिवक्ताओं के घर पहुंचना शुरू हो गई। आगरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले अधिवक्ताओं की बैठक पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण जनमंच संयोजक चौधरी अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस बैठक में एक स्वर से कहा गया कि 2013 में कोठी मीना बाजार में आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाईकोर्ट बेंच स्थापना का वादा किया था। लेकिन अब उनके यह बात जेहन तक में नहीं है। यह बड़ा सोचनीय विषय है। बैठक में एक स्वर से निर्णय लिया गया कि सभी अधिवक्ता अगर प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री से मिलने का समय नहीं दिलाया गया तो फिर अपनी आवाज को उठाने के लिए एकजुट हो कर प्रधानमंत्री की सभा के लिए कूच करेंगे। वी वांट हाईकोर्ट के नारे लगाते हुए सभा में पहुंचेंगे। अधिवक्ताओं के इस निर्णय के बाद सुबह से ही पुलिस ने उनके घर धावा बोलना शुरू कर दिया। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण जनमंच संयोजक चौधरी अजय सिंह को एसओजी व पुलिस टीम ने घर में नजर बंद किया। इसके अलावा पुलिस ने अधिवक्ता अरुण सौलंकी को भी घर में ही नजरबंद किया है।

# मां के लिए मैदान में डटी हैं अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**



अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव मां डिंपल यादव के लिए मैदान में डटी हैं। उन्होंने लोगों से मिलकर सात मई को वोट करने की अपील की है।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव लोकसभा चुनाव के लिए दोबारा मैदान में हैं। इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी मां के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रहीं हैं। पिछले एक महीने में वह कई बार डिंपल के साथ मंचों पर दिखाई दीं। बृहस्पतिवार को वह एक बार फिर वह जनता के बीच नजर आईं। वह कार्यकर्ताओं के बीच अकेली दिखीं। अदिति ने किशनी क्षेत्र के हीरापुर और धर्मनेर गांव में नुक्कड़ सभा की। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राजनीति में एंट्री लेने की तैयारी में नहीं बल्कि एंट्री ले चुकी हैं। उन्होंने एक नुक्कड़ सभा में हिस्सा लिया। सात मई को होने वाले मतदान में सपा को जिताने की अपील की।

इससे पहले कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वह भी कार्यकर्ताओं के बीच कॉन्फिडेंट दिखीं। बताते चलें कि सपा इस बार बड़ी जनसभाएं न करके नुक्कड़ सभाएं कर रही है। ऐसी ही एक नुक्कड़ सभा शुक्रवार को आयोजित थी। इसमें अदिति यादव शामिल हुईं और सपा को जिताने की अपील की।

## हनी ट्रैप में फंसे एचआर मैनेजर ने दी जान

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल किए जाने से परेशान एचआर मैनेजर ने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से प्रयागराज निवासी अभिषेक राज गुप्ता बरौला में किराये के मकान में रहते थे। मंगलवार रात को हुई घटना के बाद पिता फूलचंद गुप्ता ने कोतवाली सेक्टर-49 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर दी है जिससे एचआर मैनेजर के पास ब्लैकमेल करने के लिए फोन आ रहे थे। पुलिस को दी शिकायत में प्रयागराज के पुष्पांजलि नगर निवासी फूलचंद गुप्ता ने कहा है कि बेटा अभिषेक राज गुप्ता निजी कंपनी में एचआर मैनेजर था। आरोप है कि साइबर जालसाजों ने बेटे को फंसाकर अश्लील वीडियो बना लिया था। आरोपी अभिषेक के फोन पर कॉल कर और ई-मेल व मैसेज कर ब्लैकमेल कर रहे थे।

# मुठभेड़ में नीरज बवाना व नवीन बाली का शूटर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार रात रोहिणी में मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना व नवीन बाली गिरोह के शूटर राहुल डबास को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर पांच गोलियां चलाकर भागने की कोशिश की थी। आरोपी प्रेम नगर में हत्या के मामले में वर्ष 2019 से फरार था। इसके कब्जे से अत्याधुनिक पिस्टल, दो कारतूस, दो फोन और स्विफ्ट कार बरामद की गई है। आरोपी पहले हत्या के प्रयास, अपहरण, धमकी, शस्त्र अधिनियम आदि के आठ मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस उपायुक्त प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार, इंस्पेक्टर देवेंदर दाहिया को सूचना मिली थी कि शूटर राहुल डबास वारदात अंजाम देने सेक्टर-36, रोहिणी आएगा। एसीपी राहुल कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर देवेंदर और अनुज नौटियाल की टीम ने घेराबंदी कर दी। इस बीच एक संदिग्ध को स्विफ्ट में आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने गोलियां चला दीं।। एक गोली हवलदार अनिल रूहील को लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण उनकी जान बच गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुबारकपुर डबास निवासी राहुल (30) के बाएं पैर में गोली लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहुल ने स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, अलीपुर से बीए कर रखा है। कॉलेज के दौरान उसने जितेंदर गोगी और टिल्लू ताजपुरिया के बीच झगड़ा देखा था। इसके बाद कॉलेज के झगड़ों में शामिल हो गया। तिहाड़ में राहुल ने नीरज बवाना और टिल्लू ताजपुरिया से जुड़े बदमाशों से दोस्ती बढ़ाई और 2019 में सुल्तानपुरी के प्रेम नगर में एक युवक की हत्या करने के बाद भूमिगत हो गया।

सोशल मीडिया से संपर्क में आया वर्ष 2020 में फरारी के दौरान उसने टिल्लू ताजपुरिया के साथ रिश्ते मधुर कर लिए। टिल्लू की हत्या के बाद वह एप के जरिये नवीन बाली के संपर्क में आया। पांच वर्षों में वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर रहा और गिरोह के सदस्यों से संपर्क करने के लिए केवल वॉयस कॉल का इस्तेमाल किया।

# पैसे नहीं लौटाने पर 8वीं मंजिल से फेंककर हत्या

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

उधार के पैसे नहीं लौटाने पर अपहरण के बाद एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का अपहरण कर आरोपी लोधी कॉलोनी में एक इमारत की 8वीं मंजिल पर युवक को ले गए और पिटाई करने के बाद नीचे फेंक दिया। इस संबंध में पुलिस ने हत्यारोपी अहमद सलमान उर्फ राजा (29) और धर्मेश मलिक (33) को गिरफ्तार किया है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार, इंस्पेक्टर सुनील कालखंडेय की टीम में तैनात एसआई सुभाष को लोधी कॉलोनी में औरंगाबाद, बिहार निवासी चंदन (30) की हत्या के आरोपियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी/सेंट्रल रेंज, अपराध पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी और इंस्पेक्टर सुनील कालखंडेय, एसआई सुभाष, एसआई यशपाल सिंह व एएसआई मुनव्वर खान की टीम ने साया गोल्ड सोसाइटी इंदिरापुरम, गाजियाबाद के पास 24 व 25 अप्रैल की रात दोनों आरोपियों को दबोच लिया। धर्मेश ने पूछताछ में बताया कि चंदन फर्जी बैंक खाते खुलवाता था।

बैंक खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी और सट्टेबाजी में किया जाता था। चंदन ने अहमद के माध्यम से धर्मेश से ब्याज पर पैसे लिए थे। धर्मेश ने चंदन को ऊंचे ब्याज पर 8 से 9 लाख रुपये दिए थे, लेकिन वह पैसे नहीं लौटा रहा था। इस कारण धर्मेश और उसके साथी दबाव बना रहे थे।

पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे धर्मेश की स्कॉर्पियो कार में चंदन को सराय काले खां से अगवा किया गया। आरोपी उसे एनडीएमसी बिल्डिंग लोधी कॉलोनी में एक इमारत की 8वीं मंजिल पर ले गए और पैसे मांगे। चंदन पैसों का इंतजाम नहीं कर सका।

# पूर्व मंत्री के नाती पर 25 हजार का इनाम घोषित, गैर जमानती वारंट जारी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



पूर्व मंत्री के नाती ने शादी से मना करने पर युवती और उसके पिता को कार से कुचलकर जान लाने का प्रयास किया गया। इस मामले पीड़ितों द्वारा मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आरोपी फरार है। पुलिस ने उसे दबोचने के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया है। आगरा में पूर्व मंत्री के पौत्र दिव्यांश पर बुधवार को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही गैर जमानती वारंट भी पुलिस ने ले लिए हैं। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश भी तेज हो गई हैं। दो टीम को लगाया गया है। एक टीम आगरा से बाहर आरोपी की तलाश में लगी है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि गैर जमानती वारंट ले लिए गए हैं। पुलिस टीम ने दबिश दी थी। मगर, वो नहीं मिला। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। अगर, आरोपी पकड़ा नहीं जाता है तो उस पर इनामी राशि को बढ़ाया जाएगा। पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश ने बेटी को कार से कुचलने का प्रयास किया। पुलिस 10 दिन में भी गिरफ्तारी नहीं कर सकी। मोदी-योगी की सरकार में आज मेरी बेटी के साथ ऐसा हुआ, कल किसी और के साथ होगा। यह कहना है पीड़ित जूता कारोबारी का। वह पूर्व मंत्री के पौत्र की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने बुधवार को समाज के महिला-पुरुषों के साथ बैठक की। इस दौरान तीन दिन में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर सड़क पर आंदोलन करने का एलान किया। बैठक में महिलाओं ने नारेबाजी भी की। 15 अप्रैल को ऋषि मार्ग, शाहगंज में घर के बाहर जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने की कोशिश की गई थी। आरोप पूर्व मंत्री के पौत्र दिव्यांश चौधरी पर है। केस थाना शाहगंज में दर्ज है। वारदात को 10 दिन हो चुके हैं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी तो दूर गैर जमानती वारंट तक नहीं ले सकी है। मंगलवार को पीड़िता ने एक्स पर पोस्ट कर न्याय की गुहार लगाई थी। बुधवार को जयपुर हाउस स्थित महाजन भवन में पंजाबी समाज की महिला और पुरुषों ने पीड़ित परिवार के साथ बैठक कर आंदोलन की बात कही।

# चुनाव प्रचार के दौरान बसपा प्रत्याशी को मिली धमकी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एटा से बसपा प्रत्याशी को चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा फोन आया, जिसके बाद उनके पसीने छूट गए। बसपा प्रत्याशी को व्हाट्सएप पर कॉल कर कहा गया कि आपके बच्चे हमरा कस्टडी में हैं। यदि इन्हें बचाना है तो 60 हजार रुपये तुरंत भेज दो। एटा में साइबर ठगों ने एटा लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी मो. इरफान एडवोकेट को ठगने का प्रयास किया। खुद को पुलिस वाला बताकर धमकी दी कि आपके बच्चे हमारी कस्टडी में हैं। इन्हें छोड़ने के लिए 60 हजार रुपये देने होंगे। प्रत्याशी ने साइबर थाने में तहरीर और पुलिस अधिकारियों को सूचना दी है। आरोप भी लगाया है कि साइबर थाने में उनकी तहरीर नहीं ली गई। बसपा प्रत्याशी मो. इरफान एडवोकेट ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे उनके फोन पर 1408440518 नंबर से एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको एसआई उदयभान बताया। कहा कि आपके बच्चे मेरी कस्टडी में हैं। इनको मैं छोड़ दूंगा। इसके बाद कॉल काटकर व्हाट्सएप कॉल की। कहा कि हम चार पुलिस इंस्पेक्टर हैं जो आपकी मदद कर रहे हैं। आप हमें 15 हजार रुपये प्रत्येक के हिसाब से चारों का पैसा गूगल पे, फोनपे या किसी अन्य ऑनलाइन माध्यम से तुरंत भेज दीजिए। इसके लिए अंकित कुमार तिवारी नाम के व्यक्ति का नंबर बताया। शहर के न्यू रेवाड़ी मोहल्ला निवासी बसपा प्रत्याशी ने इसके बाद एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों को मैसेज कर सूचना दी। वहीं साइबर थाने में लिखित तहरीर भिजवाई। कहा कि यह लोग रुपये वसूल करके मुझे क्षति पहुंचाना चाहते हैं। ब्लैकमेल करके मेरी छवि खराब करना चाहते हैं ताकि मैं चुनाव से डिस्टर्ब हो जाऊं।

# अलीगढ़ में वोटिंग आज, 15 हजार जवान कराएंगे शांतिपूर्ण मतदान

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को है। शहर के सभी बूथों पर पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल मौजूद रहेगा, जबकि अन्य क्षेत्र में तीन बूथ वाले व संवेदनशील श्रेणी वाले मतदान केंद्र पर पैरामिलिट्री और पुलिस रहेगी।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान अलीगढ़ जिले में होने जा रहा है। इसके लिए पुलिस स्तर से सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और फोर्स को पूरी कमान सौंप दी गई है। एडीजी जोन ने ब्रीफ मीटिंग के बाद फोर्स को रवाना किया और साफ हिदायत दी गई कि किसी भी गड़बड़ी करने वाले से हर स्तर की सख्ती से निपटना है।

पुलिस फोर्स को रवाना करने के लिए 24 अप्रैल को नुमाइश मैदान में ब्रीफ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी शलभ माथुर, डीएम विशाख जी, एसएसपी संजीव सुमन आदि अधिकारियों ने फोर्स को संबोधित किया। पांच विधानसभा क्षेत्रों के लोकसभा क्षेत्र में 15 हजार से अधिक जवान चुनाव कराने के लिए मौजूद रहे। इन सभी को बताया गया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कोई कमजोरी नहीं रखनी है। हर स्तर पर सख्ती बरतनी है। चुनाव हर कीमत पर शांतिपूर्वक होना चाहिए। इस दौरान जोनल, सेक्टर प्रभारी, कमांडेंट स्तर के अधिकारी, राजपत्रित अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर बूथ वार ड्यूटी समझाई गई और जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। तय किया गया कि शहर के सभी बूथों पर पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल मौजूद रहेगा, जबकि अन्य क्षेत्र में तीन बूथ वाले व संवेदनशील श्रेणी वाले मतदान केंद्र पर पैरामिलिट्री और पुलिस रहेगी। इस मौके पर एसपी देहात पलाश बंसल, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेशचंद उत्तम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## 26.75 लाख मतदाता आज चुनेंगे सांसद

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** जिले को 26 जोन और 120 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में एक-एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जबकि नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में एक-एक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट होंगे। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर कल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनकी किस्मत का फैसला 26.75 लाख मतदाता करेंगे। गौतमबुद्धनगर की तीन और बुलंदशहर की दो विधानसभाओं के 2717 बूथों पर वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल के हाथों में रहेगी। हालांकि गुरुवार शाम से ही दोनों जनपदों के बूथों पर फोर्स तैनात कर दिया गया है। मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों ने गुरुवार की शाम बूथों पर मोर्चा संभाल लिया है।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction Catalogue No. | 02-CATERING-24 |
| Description of Work | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| Catalogue Published on | 23.04.2024 |
| Auction Start (All Lots) | 09.05.2024 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 09.05.2024 at 14:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी सूची संख्या-02-CATERING-24 के अनुसार नीलामी हेतु चिन्हित केटरिंग स्टाल का विवरण:–

| Sn. | Station | Lot No | Stall ID No | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJGAIN | Catg-LKO-AJ-GMU-15-24-2 | AJ/PF-1/66/ADDL/ | 09.05.24 12:30:00 | GMU | Nil |
| 2 | MUSAFIRKHANA | Catg-LKO-MFKA-GMU-14-24-2 | MFKA/PF-1/37/ADDL/ | 09.05.24 12:40:00 | GMU | Nil |
| 3 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-GMU-23-24-1 | HRN/PF-1/82/West End of PF | 09.05.24 12:50:00 | GMU | Women |
| 4 | MALIPUR | Catg-LKO-MLPR-GMU-8-24-2 | MLPR/PF-1/43/ADDL | 09.05.24 13:00:00 | GMU | Women |
| 5 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-GMU-17-24-1 | GRMR/PF-1/20/ADDL/West End of PF 1 | 09.05.24 13:10:00 | GMU | Nil |
| 6 | HARAUNI | Catg-LKO-HRN-SMU-24-24-1 | HRN/PF-1/81/East End of PF | 09.05.24 13:20:00 | SMU | Minority |
| 7 | AKBAR GANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-25-24-1 | AKJ/PF-1/68/ADDL/East End of PF | 09.05.24 13:30:00 | SMU | OBC |
| 8 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-12-24-2 | SAW/PF-1/52/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:40:00 | SMU | SC |
| 9 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-21-24-1 | AMS/PF-1/74/ADDL/West End of PF | 09.05.24 13:50:00 | SMU | Minority-Women |
| 10 | GARHI MANIKPUR | Catg-LKO-GRMR-SMU-48-24-1 | GRMR/PF-1/19/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:00:00 | SMU | SC-Women |
| 11 | SURIAWAN | Catg-LKO-SAW-SMU-13-24-2 | SAW/PF-1/50/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:10:00 | SMU | ST |
| 12 | AMAUSI | Catg-LKO-AMS-SMU-22-24-1 | AMS/PF-1/73/ADDL/East End of PF | 09.05.24 14:20:00 | SMU | OBC-FF/WW/WRE |
| 13 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-4-24-2 | DYD/PF-1/14/West end of PF | 09.05.24 14:30:00 | SMU | OBC-Women |
| 14 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13/East end of PF | 09.05.24 14:40:00 | SMU | ST |
| 15 | AKBARGANJ | Catg-LKO-AKJ-SMU-26-24-1 | AKJ/PF-1/69/ADDL/West End of PF | 09.05.24 14:50:00 | SMU | OBC-Women |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1242/24

# नए अस्पताल का संचालन शुरू होने के इंतजार में पूरनपुर की जनता



* पूरनपुर के 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के संचालन की उठ रही मांग
* पहले निर्माण कार्य पूरा करने और अब संचालन शुरू कराने हो रही लेटलतीफी



"पूरनपुर का 50 शैय्या से युक्त महिला अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर हो गया है। अस्पताल के लिए डाक्टर, स्टाफ और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में शासन को डिमांड भेजी जा चुकी है। जल्द ही अस्पताल के लिए स्टाफ मिलने और इसका संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

– डा. आलोक शर्मा
सीएमओ, पीलीभीत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

नगर में 50 बेड के मदर चाइल्ड बिंग का संचालन शुरू होने का पूरनपुर की जनता पिछले दो साल से इंतजार कर रही है। बताते हैं कि स्टाफ की डिमांड पूरी न होने से अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। पहले अस्तपाल भवन का निर्माण कार्य पूरा करने में कार्यदायी संस्था द्वारा लापरवाही बरती गई और अब नए भवन संचालन में लेटलतीफी हो रही है। इससे क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पूरनपुर देहात में महिला चिकित्सालय के पुराने भवन को ध्वस्त कर 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के नए भवन का निर्माण करीब 7.34 करोड़ रुपए की लागत से फरवरी 2019 में शुरू किया गया था। निर्माण कार्य जून 2021 में पूरा होना था लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते कार्य पूरा करने में बड़े पैमाने पर लापरवाही की गई। खास बात यह है कि जिला चिकित्साधिकारी ने कई बार निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए लेकिन इसका असर नहीं हुआ। दिसंबर 2022 में सीएमओ ने निरीक्षण किया। ताकि सब ठीक मिलने पर भवन हैंडओवर हो सके लेकिन उनको तमाम खामियां मिली थी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में भी अस्पताल का निरीक्षण किया लेकिन खामियां जस की तस पाई गईं। अस्पताल के भवन का निर्माण पूरा न होने से स्वास्थ्य विभाग इसे हैंडओवर नहीं लिया। हालांकि विभाग की तरफ से पिछले कुछ माह पहले ही डाक्टर, स्टाफ, बेड आदि संसाधनों की डिमांड शासन को भेजी जा चुकी है। वर्ष 2023 के नबंवर या दिसबंर माह में नए भवन में महिला अस्पताल शिफ्ट कर संचालन शुरू होने की बात कही गई। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि वर्ष 2023 में नए अस्पताल का संचालन शुरू हो जाएगा लेकिन यह उम्मीद भी टूट गई। लोगों का कहना है कि वर्ष 2022 से अस्पताल के संचालन का इंतजार कर रहे हैं। अस्पताल का संचालन न होने से क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। लोगों ने अस्पताल का संचालन शुरू कराने की मांग की है। ताकि महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं का बेहतर लाभ मिल सके।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




गुरुवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान आदि बिन्दुओं पर की गई समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय प्रयास करके इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग हैं। जो विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित कर रहे हैं।

अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेस (आईएलआई) क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों, मच्छरो का प्रजनन रोकने की कार्यवाही की जाये। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत वर्ष जिन क्षेत्रों में उक्त बीमारियों से सम्बन्धित केस पाए गए हैं, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा उन क्षेत्रों की आंगनबाडी, ऐनम, आशा बहुओं के साथ बैठक का आयोजन कर रोगों से बचाव के उपायों के प्रति संवेदित किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता हेतु आंगनबाडी, आशा बहुओं, कोटेदार व ग्राम प्रधानों का सहयोग लेते हुए लोगों को जागरूक किया जाये।बैठक के दौरान उन्होंने सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद की नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मलेरिया से पीडित मरीज पाये गये। उन्होंने क्षेत्रों में टीमों के माध्यम विशेष अभियान चलाया जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायत, पंचायतीराज सहित सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि गांव व नगरों में साफ सफाई के साथ जल भराव व गन्दगी के स्थानों पर लार्वा को नष्ट करने हेतु दवाईयों का छिडकाव कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि वृहद अभियान संचालित कर सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही साथ हेल्थ कैम्पों का आयोजन किया जाये, बुखार से पीडित मरीजों की जांच कराने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि कालेज/विद्यालयों में मच्छरों जनित रोगों से बचाव हेतु औषधिऐं पौधो का रोपण कराना सुनिश्चित करें। उथले हैण्डपम्पों का पानी न पीने हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। नगर पालिका को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि नियमित फोगिंग का कार्य कराया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य एमओआईसी उपस्थित रहे।

# पूरनपुर से लेकर शेरपुर तक अवैध लकड़ी का बाजार, विभागीय संरक्षण की कीमत ढाई हजार

* वन विभाग ने अवैध रूप से चल रहे लकड़ी के छह डिपो संचालकों को भेजे नोटिस
* शीघ्र रजिस्ट्रेशन न कराने पर कार्रवाई की चेतावनी

"अवैध रूप से चल रहे लकड़ी डिपो संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस में लकड़ी का भण्डारण करने के लिए रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए गए है। किसी भी दशा में अवैध लकड़ी डिपो का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

–पीयूष मोहन श्रीवास्तव
रेंजर, सामाजिक वानिकी पूरनपुर।

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

वन विभाग की बगैर अनुमति या फिर जंगल से चोरी से काटकर लाई गई लकड़ी को तस्कर अवैध रूप से चल रहे डिपो पर स्टाक कर रहे हैं। वन विभाग का संरक्षण होने के कारण बीते लंबे समय से चल रहे इन डिपो संचालकों पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। चर्चा है कि बीते दिनों मामले की शिकायत प्रभागीय निदेशक से की गई। हरकत में आए सेक्शन अफसर की ओर से अवैध रूप से चल रहे छह डिपो संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। जबकि पूरनपुर से शेरपुर तक एक दर्जन से अधिक लकड़ी के अवैध डिपों का संचालन किया जा रहा है। जनपद के पूरनपुर और शेरपुर को अवैध लकड़ी का हब माना जाता है।यहां बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी का व्यापार किया जाता है।विभागीय संरक्षण होने के कारण लकडकट्टों का धंधा खूब फल फूल रहा है। लंबे अरसे से चल रहे लकड़ी के अवैध धंधे में संलिप्तता होने के कारण विभागीय अफसर आंखें मूंदे हुए हैं। एक डिपो संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विभागीय अफसर संरक्षण के एवज में प्रति माह ढाई हजार रुपए की वसूली करते हैं। पूरनपुर से लेकर शेरपुर तक एक दर्जन से अधिक अवैध डिपो का संचालन किया जा रहा है।चर्चा है कि बीते दिनों मामले की शिकायत प्रभागीय निदेशक से की गई। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रभागीय निदेशक ने कड़ा रुख अख्तियार किया।जिससे विभागीय अफसरों में खलबली मच गई। हरकत में आए वन विभाग की ओर से छह अवैध डिपो संचालकों को नोटिस जारी किए हैं।वन विभाग की कार्रवाई से डिपो संचालक से लेकर आरा मशीन संचालको में खलबली मची हुई है। कार्रवाई से बचने के लिए तस्कर स्टाक की गई लकड़ी को ठिकाने लगाने में लगे हुए हैं।

# दो सप्ताह के बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

* पीड़ित पहुंचा कप्तान के दरबार

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**



थाना क्षेत्र के गांव भैसहा ग्वालपुर निवासी किशन कुमार पुत्र अनिल ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि वह अपने घर से इलाहाबाद देवल पर मेला देखने गया था। तभी थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडल निवास गोविंद पुत्र जगदीश प्रसाद ने गाली गलौज करते हुए देख लेने की धमकी दी। पीडित जब खरगपुर पुल के समीप पहुंचा तो गोविंद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ खरगपुर पुल पर आ धमका और कनपटी पर नाजायज तमंचा तानकर धमकी देने लगा तथा 7000 रुपए भी छीनकर धमकी देते हुए फरार हो गया है। वही पीड़ित ने बताया है की थाना बरखेड़ा पुलिस को तहरीर दिए हुए दो सप्ताह का समय बीत गया लेकिन बाबजूद इसके पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की है और बरखेड़ा पुलिस के द्वारा उल्टे पीड़ित को धमकी दि जा रही और पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# ग्रामीणों ने गौ तस्करों से बंधन मुक्त कराए दो गोवंश, हंगामा

* मौके पर जुटे ग्रामीणों ने दो तस्करों को पकड़ा
* पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की पशु क्रूरता की प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

खेतों के रास्ते गोवंशीय पशुओं को गोकसी की नीयत से पीटते हुए ले जा रहे दो तस्करों को घेराबंदी कर ग्रामीणों ने पकड़ लिया।ग्रामीण का आरोप है कि तस्करों से पशुओं को छुड़ाने का प्रयास किया तो वह धक्का मुक्की करने लगे। जिस पर ग्रामीणों ने तस्करों की जमकर पिटाई की। मौके पर जुटे ग्रामीण ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज की है।

बुधवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा के पास तस्कर दो गोवंशीय पशुओं को गोकसी की नीयत से मारते पीटते खेतों के रास्ते आ रहे थे। इसी दौरान खेतों में मौजूद हुसैनापुर निवासी विशाल अग्निहोत्री, अभिषेक मिश्रा, विशेष मिश्रा ने गोवंशीय पशुओं के साथ मारपीट का विरोध किया। ग्रामीणों को देख तस्कर पशुओं को छोड़ मौके से भागने लगे। रात के अंधेरे में ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को मौके से दबोच लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने तस्करों के साथ जमकर मारपीट की।हंगामा होता देख मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ में अपना नाम नाजिम पुत्र कल्लू ,मोहल्ला कुरैशियान शेरपुर कला, महमूद पुत्र महबूब निवासी कुरैशियान शेरपुर कला का निवासी बताया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे हरीपुर चौकी प्रभारी संतोष यादव, कस्बा चौकी प्रभारी प्रद्युम्न कुमार गुस्साए ग्रामीणों को बमुश्किल शांत कराया। ग्रामीणों ने तस्करों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस को मौका पर भेजा गया था। शेरपुर निवासी दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# घर-घर जाकर मतदाताओं से करें संपर्क, वोटिंग के लिए करें प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने बीएलओ को प्रेरित किया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में जौनपुर सदर, मल्हनी व जफराबाद विधानसभा की बीएलओ के साथ बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने प्रेरित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर अब तक बीएलओ का कार्य सराहनीय रहा है, लेकिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अब बीएलओ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, इसलिए सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरुकता के अभियान संचालित करें। इसमें स्थानीय विद्यालयों का सहयोग भी ले। क्षेत्रवासियों को आगामी 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाय। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे सघन स्वीप गतिविधिया संचालित करें। घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें तथा घर आजा परदेसी कार्यक्रम के तहत जो मतदाता किन्हीं कारणों से गांव से बाहर है उन्हें मतदान हेतु आमंत्रण पत्र व्हाट्सअप करें और उनसे वॉयस या विडियो काल करके बात करते हुए उन्हें 25 मई को आकर मतदान करने के लिए आग्रह करें तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि बीएलओ समय से मतदाता पर्ची व मतदाता गाइड को वितरित करें, तथा मतदान दिवस के दिन बूथ पर मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वोटर टर्न आउट को बढ़ाने में बीएलओ की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। लिहाजा सर्वश्रेष्ठ मतदान प्रतिशत वाले बूथ के बीएलओ को आई फोन से सम्मानित किया जायेगा, तथा अच्छा कार्य करने वाले 34 अन्य बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व अलग से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर पवन सिंह, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, तहसीलदार सदर आदि सहित सदर, मल्हनी, जफराबाद के बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र


समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश

ज्ञापन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

जनपद जौनपुर के पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाल शर्मा सत्तारूढ़ दल भाजपा के लिए कार्य कर रहे है तथा समाजवादी पार्टी के निर्दोष व प्रमुख कार्यकर्ताओं का अकारण उत्पीड़न कर रहे है। लोकसभा चुनाव-2024 निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए श्री अजय पाल शर्मा का जौनपुर जनपद से बाहर स्थानान्तरण किया जाना अत्यन्त जरूरी है।

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर जौनपुर जिले में पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात डॉक्टर अजय पाल शर्मा को हटाने की मांग किया है सपा ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर अजय पाल शर्मा सत्ताधारी पार्टी से जुड़कर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान कर रहे हैं और उनके रहते हुए जौनपुर में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकता है इसलिए इनका स्थानांतरण कर दिया जाय। गौरतलब हो कि रामपुर में कप्तान रहने के दौरान भी सपा ने अजय पाल पर लगाया था आरोप।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय का कारनामा: जय श्री राम और क्रिकेटरों के नाम लिखने पर चार छात्र पास, जांच में दो शिक्षक दोषी




* जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना से मामले का हुआ खुलासा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में शिक्षकों का अजब गजब कारनामा सामने आया है।

फॉर्मेसी की परीक्षा में चार छात्रों को उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर की जगह 'जय श्री राम' और क्रिकेट खिलाड़ियों का नाम लिखने पर 56 फीसदी अंक देकर पास कर दिया गया मामले के जांचोपरांत दोनों आरोपी शिक्षक डॉ विनय वर्मा और डॉ आशुतोष गुप्ता पर कुलपति द्वारा कार्रवाई की बात की जा रही है गौरतलब हो कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में संचालित डी-फार्मा के पहले और दूसरे समेस्टर के छात्रों को उत्तरपुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर की जगह जय श्रीराम और क्रिकेटरों के नाम लिखने पर पास कर दिया गया विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र दिव्यांशु ने सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी तब जाकर मामले का खुलासा हो सका और पूर्व छात्र ने पुनर्मूल्यांकन कराने की मांग की थी।

पूर्व छात्र दिव्यांशु द्वारा 3 अगस्त 2023 को डी-फार्मा प्रथम सेमेस्टर के 18 छात्रों के रोल नंबर उपलब्ध कराते हुए उनकी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा 58 उत्तरपुस्तिकाओं की प्रति उपलब्ध कराने को कहा गया था, लेकिन केवल 42 उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति उपलब्ध कराई गई।

### सूचना अधिकार के तहत मांगी गई

जानकारी के जवाब में छात्र को जो उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं, उनमें बार कोड संख्या 4149113 की कॉपी में छात्र ने लिखा था 'जय श्री राम पास हो जाएं' इसके अलावा विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या आदि खिलाड़ियों के नाम लिखे थे। उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों के उत्तर लिखने के बजाय जय श्री राम और क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम लिखने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा इस छात्र को 75 में से 42 अंक यानि 56 फीसदी अंक देकर पास किया गया था। ऐसा ही मामला बार कोड 4149154, 4149158, 4149217 की कॉपियों में भी मिला। इन छात्रों को भी पास कर दिया गया था।

### पूर्व छात्र दिव्यांशु ने शपथपत्र के साथ राजभवन में शिकायत की थी

शिकायती पत्र में आरोप है कि पैसे लेकर छात्रों को पास कर दिया गया था। राजभवन द्वारा शिकायत को संज्ञान लेते हुए 21 दिसम्बर 2023 को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया गया था।

### जांच में दोषी पाए गए दो शिक्षक

राजभवन के आदेश पर विश्वविद्यालय ने शिकायत की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित की। जांच में जो सामने आया वह सब को हैरान कर दिया. राजभवन को भेजी गई उत्तर पुस्तिकाओं में 80 में से 50 उत्तर पुस्तिका में अधिक अंक दिए किए गए थे। जब उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराया गया तो बाह्य परीक्षकों द्वारा शून्य अंक प्रदान किए गए। ऐसे में पूर्व छात्र की शिकायत सही पाई गई। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग के प्रोफेसर डॉ विनय वर्मा का छात्रों से पैसे मांगने का वीडियो वायरल हुआ था, इसके बाद कार्रवाई की बात कही जा रही थी। लेकिन आरोप है कि केवल कागजी कार्रवाई करके खानापूर्ति कर ली गई थी। इन सब के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा डॉ विनय वर्मा को कई प्रशासनिक कार्यों में नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### बोले जिम्मेदारान

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ वंदना सिंह ने बताया कि फॉर्मेसी विभाग के दो शिक्षकों को गलत मूल्यांकन में दोषी पाया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

# पिटाई से घायल झोलाछाप डॉक्टर की अस्पताल में मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



खेतासराय दबंगों की पिटाई से घायल एक झोला छाप डाक्टर की वाराणसी ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार की रात शव घर लाए जाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के शव के साथ थाने पहुंचने पर दीदारगंज पुलिस ने चार नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

क्षेत्र के शाहापुर गांव निवासी 38 वर्षीय महेंद्र बिंद पुत्र स्व.तिलकधारी बिंद डिस्पेंसरी खोलकर लोगों का इलाज करता था। सोमवार को वह आजमगढ़ जिले के लौसा गांव एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। शाम को बारात जाते समय दीदारगंज थाना क्षेत्र के पुष्पनगर बाजार में उसकी बाइक से एक महिला को धक्का लग गया। इस पर दबंगों ने पेशे से चिकित्सक महेंद्र बिंद की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से बेसुध पड़े घायल महेंद्र को दीदारगंज पुलिस ने मार्टीनगंज पीएचसी पहुंचाकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे जौनपुर जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देख डाक्टर ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

वाराणसी में उपचार के बाद महेंद्र बिंद की मंगलवार को दोपहर बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। अगले दिन बुधवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर देर शाम घर पहुंचे। घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। परिजन संग ग्रामीण शव लेकर दीदारगंज थाना पहुंच कर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। मृतक के बड़े भाई राजेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की। मुकदमा दर्ज होने पर देर रात्रि शव लेकर ग्रामीण घर लौटे और श्मशानघाट पर शव ले जाकर अंतिम संस्कार किए।

# दुगौली गांव में अवैध कब्जे की जमीन पर चला बुलडोजर, माफिया में हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



केराकत क्षेत्र के अंतर्गत दुगौली (हनुआडीह) गांव में सरकारी भूमि पर चुन्नू सिंह द्वारा किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती ने नायब तहसीलदार, अमित कुमार सरोज, भू राजस्व निरीक्षक हनुमान तिवारी, व हल्का लेखपाल एवं गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर किए गए सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को ध्वस्तीकरण कराकर खाली करा दिया गया। प्रशासन द्वारा किए गए इस ध्वस्तीकरण कार्रवाई से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। उपजिलाधिकारी सुनील भारती ने बताया कि चुन्नू सिंह द्वारा 24 एअर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। जिसे आज ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करके सरकारी भूमि को खाली करा दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो अगर वह सरकारी भूमि पर किसी तरह का अवैध कब्जा किया है तो वह तत्काल्स स्वतङः खाली कर दे। अन्यथा ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई से प्रशासन पीछे नहीं हटेगा।

# उपभोक्ता फोरम ने कसा शिकंजा

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**

उपभोक्ता फोरम ने नौ वर्ष पुराने मामले में एलआईसी को पॉलिसी के चार लाख 50 हजार रुपये देने का आदेश दिया है। यह आदेश उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह सदस्य सुरेंद्र कुमार व सुमन दूबे ने दिया है। शिवपुर के गिलट बाजार ऊंचवा लॉज निवासी मनोज कुमार सिंह की पत्नी चित्रलेखा सिंह ने दो पॉलिसी दो लाख और ढाई लाख की ली थी। 3 मई 2013 चित्रलेखा सिंह की बीमारी के चलते मौत हो गई। चित्रलेखा सिंह की मृत्यु के बाद मनोज कुमार सिंह ने भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय में पॉलिसी के रुपये मांगे, जिस पर अधिकारियों ने कहा कि चित्रलेखा सिंह ने अपनी बीमारी छुपाते हुए और अपने को कामकाजी महिला बताकर पॉलिसी ली थी।

# शातिर तरीके से छिपाकर ले जा रहे थे 45 लाख का गांजा

**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर**



एसटीएफ और अहरौरा पुलिस ने अहरौरा टोल प्लाजा के पास से बीती शाम को डीसीएम में नारियल के पीछे छिपा कर रखे 45 लाख के गांजा को बरामद किया। साथ ही दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा गुरुवार को सीओ मड़िहान अमर बहादुर ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता कर किया। एसटीएफ प्रयागराज के उप निरीक्षक रणेन्द्र कुमार सिंह टीम को सूचना मिली कि डीसीएम से गांजा लेकर तस्कर जाने वाले हैं। एसटीएफ टीम ने अहरौरा पुलिस के साथ टोल प्लाजा के पास नाकेबंदी की। वाहन चेकिंग कर एसटीएफ ने डीसीएम में सवार दो आरोपी राम सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ व धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम बरी पोस्ट किच्छा थाना फुलवट्टा जनपद उधमपुर उत्तराखंड को पकड़ा। डीसीएम की तलाशी ली तो पता चला कि कच्चे नारियल के पीछे छिपाकर गांजा रखा हुआ है। पुलिस ने 152 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों कोजेल भेज दिया। गाड़ी को सीज कर दिया।

# डिंपल को हराने में कम मज़ा आया था, अखिलेश को हराने का ज्यादा आएगा : केशव प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दिन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा की। यहां उन्होंने अखिलेश यादव को टारगेट करते हुए कहा कि लाल टोपी और जालीदार टोपी वाले गुंडों के अखिलेश सरदार हैं, और जब मैं इनको गुंडा बोलता हूं तो ये भड़क जाते हैं और फिर गलत भाषा का इस्तेमाल करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सदन में मेरे पिता के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल किया, लेकिन मैने बुरा नहीं माना। क्योंकि जो अपने पिता का सम्मान नहीं कर सकता, वो मेरे पिता का क्या सम्मान करेगा। इनके चाचा शिवपाल हों या रामगोपाल हों या फिर उनके साथी राहुल गांधी हों, इन सब की गालियों का जवाब जनता भाजपा के पक्ष में वोट कर के देगी। अब भाजपा की सरकार है। इसलिए न तो वो लोग वोटरों को डरा सकते हैं और न ही बूथ लूट सकते हैं। उन्होंने कहाकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मैं सुब्रत पाठक का नामांकन कराने आया था और तब सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को भाजपा ने चुनाव हरा दिया था। अब 2024 के चुनाव में मैं फिर सुब्रत पाठक को नामांकन कराने आया हूं। इस बार अखिलेश यादव को चुनाव हराकर भेजेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि डिंपल को चुनाव हराने में कम मजा आया था। इस बार अखिलेश को चुनाव हराएंगे तब असली मजा आएगा।

### जनता नहीं भूली सपा की अराजकता

केशव प्रसाद मौर्य ने कहाकि सपा शासन में किस तरह से पूरे प्रदेश में अराजकता फैली थी, उसको जनता भूली नहीं है। अखिलेश यादव की अराजकता को जनता के सामने लाना है। कन्नौज जिले के नरुड्या गांव के प्रधान अरुण शाक्य की हत्या करवा दी गई थी। यहां के रहने वाले नीरज मिश्रा का सिर कटवा दिया गया था। उन्होंने कहाकि यूपी में भाजपा की सरकार आने के बाद से सपाइयों की गुंडागर्दी खत्म हो गई। घर-घर खुशहाली लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी हर दिन 18-18 घण्टे काम कर रहे हैं।

### इस तरह से गिनाईं उपलब्धियां

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से कहा कि आपके एक वोट की बदौलत हमने कश्मीर में धारा 370 हटाई। आपके एक वोट की बदौलत गरीबों को पक्का मकान मिला। आपके एक वोट की बदौलत किसानों को सम्मान निधि मिली, आपके एक वोट की बदौलत तमाम लखपति दीदी बन गईं। और आपके ही एक वोट मिलने से हम लोग पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने का काम करेंगे।

# अखिलेश के कन्नौज से लड़ने का मतलब इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत : रामगोपाल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



इत्र नगरी कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज नामांकन किया। नामांकन से पूर्व पार्टी के बड़े नेता और पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओं का कन्नौज पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। जनपद में सबसे पहले सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं प्रोफेसर राम गोपाल यादव पहुंचे उन्होंने मीडिया से बात की और अखिलेश यादव के नामांकन और पार्टी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कन्नौज से अखिलेश यादव के नामांकन कराने का मतलब है कि उप्र की सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। रामगोपाल यादव ने पहले चरण में आठ सीटों पर हुए मतदान को लेकर कहा कि जिस तरह से पश्चिम में चुनाव की शुरुआत में रुझान मिला है, अब आगे के मतदान में उससे भी बेहतर होगा। सपा और गठबंधन के पक्ष में हवा चल रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुब्रत पाठक द्वारा लगातार कन्नौज सीट पर सपा प्रत्याशी के हराने वाले बयान को लेकर कुछ बोलने से इंकार दिया। फिलहाल अखिलेश यादव के नामांकन को देखते हुए कन्नौज में सियासी पारा चढ़ गया है। स्थानीय सपा नेताओं के साथ कई जगहों से पार्टी नेता भी यहां रहे हैं। वहीं नामांकन में चाचा शिवपाल यादव, पहुंच रहे हैं। वहीं नामांकन में चाचा शिवपाल यादव, मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल यादव समेत कई पदाधिकारियों के पहुंचने की संभावना है। सपा और भाजपा उम्मीदवार के एक ही दिन नामांकन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले में मुस्तैदी बढ़ा दी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मतदाता जागरूकता को लेकर कॉलेजों में आयोजित की गई वाद-विवाद प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वतंत्र भारत इंटर कालेज सहायल,नारायण इंटर कालेज मल्हौसी,किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर,स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सहार,जनता महाविद्यालय अजीतमल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिबियापुर,प्रकाश चंद्र महाविद्यालय ककोर,शेम फोर्ड फ्यूचरिस्टिक के12 औरैया,आत्माराम इंटर कॉलेज क्योंटरा,जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, राजकीय हाई स्कूल लखुनो, इंदिरा गांधी उत्तर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर,जनता इंटर कॉलेज रुरुगंज,गुलजारी बालिका इंटर कॉलेज फफूंद,जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता,राजकीय हाईस्कूल मानपुर आदि में आम जन में मतदाता जागरूकता हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसके माध्यम से आमजन में अपने मताधिकार के लिए जागरूकता आये और वह आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाकर एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र के सहभागी बने।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्वयं अपने परिवार व आसध्पड़ोस के मतदाताओं को जागरुक कर मतदान के लिए प्रेरित करने को भी कहा गया।

### डीएम ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित व्यवस्था करने के संबंधित को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्षता के साथ निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0ध्रा0),उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मतदान सुनिश्चित कराने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को मतदाता पर्ची, वोटर गाइड को उपलब्ध कराने तथा ऐसे 85 प्लस व दिव्यांग मतदाता जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट से अपने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया गया है के संबंध में पर्याप्त टीमों के गठन तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं जिससे किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई असुविधा न हो और वह आसानी से मतदान कर सके। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित कराये जिससे किसी प्रकार की कोई भ्रम की कोई संभावना न रहने पाए। उन्होंने कहा कि कार्य के संपादन हेतु ड्यूटी पर लगाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को यह स्पष्ट निर्देश निर्गत करें कि किसी भी स्थिति में निर्वाचन की सुचिता प्रभावित न हो और निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य समय से सुव्यवस्थित ढंग से संपादित हो सके।बैठक में उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार, उप जिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र, तहसीलदार अजीतमल, तहसीलदार औरैया, तहसीलदार बिधूना आदि उपस्थित रहें।

### ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रैली,गोष्ठी, हस्ताक्षर अभियान,पोस्टर, आमंत्रण पत्र आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सदर ब्लॉक के कस्बा खानपुर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता गोष्ठी,हस्ताक्षर अभियान व रैली का आयोजन किया गया।जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह,एसआरजी सुभाष रंजन दुबे,संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापकों तथा ग्राम सभा की महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं ने बड़ी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जागरूकता कार्यक्रम में जहाँ लोगों ने हस्ताक्षर कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ ली,वहीं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। इस दौरान बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि कहा कि संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर ने देश के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के अमूल्य वोट का अधिकार दिया।इसके तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रत्येक समुदाय के प्रत्येक वर्ग के लोगों को वोट का अधिकार प्राप्त है। मतदान समस्त नागरिकों का मौलिक अधिकार है,किसी नागरिक को अपने अमूल्य मताधिकार को नहीं छोड़ना चाहिए।हमें प्राथमिकता के तौर पर सर्वप्रथम कर्म और गुण के आधार पर अच्छे प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि बनाने में योगदान करना चाहिए।खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह विद्यालय के बच्चों को मोटिवेट करते हुए उन्हें मतदान के दिन टोली के रूप में घूम कर आस पास के लोगो को मतदान करने के कहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

### जेईई-2024 की मेंस परीक्षा में 99.6 अंक प्राप्त करके कस्बा का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस/औरैया। कहते है कि मेहनत करने बालों की कभी हार नही होती।अर्थार्थ सच्ची लगन और मेहनत से किया गया कार्य सफलता की मंजिल तक अवश्य पहुंचा देता है।कस्बा कंचौसी निवासी कृष्ण कुमार पोरवाल कन्हैया,कोटेदार के पुत्र हर्षित पोरवाल ने जेईई 2024 की मैंस परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कस्बे का नाम रोशन किया है।कस्बे के लोगो ने होनहार बालक की सफलता पर शुभकामनाएं और ढेर सारी बधाइयां दी है।मालूम हो कि हर्षित पोरवाल ने हाई स्कूल की परीक्षा सेंट जॉन्स स्कूल दिबियापूर से 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण की थी तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा गैल डी ए वी स्कूल दिबियापूर से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पूरे जनपद में नाम रोशन किया था। हर्षित पोरवाल का कहना है कि मेरी इस सफलता का राज मेरे माता पिता और गुरुजनों का सही मार्ग दर्शन और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद है।

### प्रत्याशी अपने व्यय लेखा रजिस्टर का कराएं परीक्षण

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 का निर्वाचन लड़ रहे उम्मीदवारों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-77 के अन्तर्गत प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन के दौरान किये गये व्यय को दैनिक लेखा रजिस्टर में दर्शाते हुये उसे व्यय प्रेक्षक के समक्ष 03 निर्धारित तिथियों में प्रस्तुत कर परीक्षण कराना होगा, प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर के परीक्षण हेतु दि.26,30 अप्रैल एवं 04 मई की तिथियां निर्धारित की गयी हैं।लोकसभा सामान्य निर्वाचन लड़ रहे प्रत्याशी निर्धारित उक्त तिथियों पर स्वयं या अपने निर्वाचक एजेंट के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर का परीक्षण प्रातः 10 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होकर कराना सुनिश्चित करें।

# बीते चुनाव में मतदान नही करने वालो से कारण पूछ कर उन्हें मतदान के लिए समझाएं : प्रेक्षक

**मतदान दिवस पर संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों की वेबकास्टिंग कराने के साथ ही निगरानी करने के निर्देश दिए**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं निष्पक्षपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन अयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के साथ कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में संयुक्त रूपसे अधिकारियों/ नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 1950 एवं सीविजिल एप पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी की तथा निर्देश दिए 100 मिनट के अंदर शिकायतों का निस्तारण किया जाये। उन्होंने जनपद में तैनात एफ0एस0टी0/ एस0एस0टी0 टीमों के माध्यम से जनपद की सीमाओं/चैकपोस्ट पर वाहनों की शत प्रतिशत जाँच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दिवस पर संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों की वेबकास्टिंग कराने के साथ ही निगरानी करने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान दिवस के दिन पोलिंग बूथ पर तैनात पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदाताओं के साथ मधुरता रखेंगे और उन्हें बूथकेंद्र तक पहुंचने में भी मदद करेंगे द्य कहा कि पूर्व में जिन पोलिंग बूथों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है वहाँ पर जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाये और इसके साथ ही यह भी जानने का प्रयास करें कि पूर्व में क्यों नहीं आया मतदाता मतदान करने अवैध शराब पर बेहतर निगरानी कर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों /प्रतिनिधियों की जहां पर आवश्यकता हो यथा रैंडमाईजेशन, ई0वी0एम0 मोबलाईजेशन आदि में उनकी उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाये तथा इसके संबंध में प्रत्याशियों को सूचना पत्राचार के माध्यम सुनिश्चित करें । उन्होंने प्रत्याशियों द्वारा आयोजित की जाने वाली रैलियों/जनसभाओं/रोड-शो में प्रयोग की जाने वाली प्रचार सामग्री यथा झण्डा, बैनर, पोस्टर, पम्फ्लेट्स के अलावा फर्नीचर, टेंट, फूड्स पैकेट्स, रैलियों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की सम्पूर्ण वीडियोग्राफी कराते हुए व्यय विवरण पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए। उपजिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स आदि समन्धित उपस्थित रहें।

# इंडिया पाकिस्तान का मुकाबला बताकर सुब्रत ने चढ़ाया सियासी पारा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

चौथे चरण के नामंकन के आखिरी दिन कन्नौज का सियासी तापमान शबाब पर पहुंच चुका है। आज ही अखिलेश यादव यहां से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन को लेकर सांसद और भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक ने कहा है कि अब यहां इंडिया-पाकिस्तान का मुकाबला होगा। तेज प्रताप होते तो मुकाबला इंडिया-नेपाल जैसा होता। उनके इस बयान पर सपा नेता प्रो. रामगोपाल यादव ने पलटवार करते हुए इसे उनका दिमागी फितूर करार दिया है। आज नामांकन का आखिरी दिन है। अखिलेश के नामांकन से पहले भाजपा उम्मीदवार और सांसद सुब्रत पाठक ने अपना नामांकन पत्र भरा। अखिलेश यादव के नामांकन को लेकर यहां सपा कार्यालय में जश्न का माहौल रहा। अखिलेश के नामांकन को लेकर यहां सपा के कई बड़े नेता पहुंचे। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

### सुब्रत पाठक अपना नामांकन कराने पहुंचे

प्रोफेसर रामगोपाल यादव के अलावा कानपुर के विधायक अमिताभ बाजपेयी, अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पांडेय, शिव कुमार बेरिया, रेखा वर्मा सहित कई और विधायक भी पहुंचे।

### 'मुकाबला इंडिया और पाकिस्तान जैसा होगा'

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि सपा ने पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। इससे यहां का मुकाबला कमजोर पड़ गया था। ऐसा लग रहा था कि इंडिया का मुकाबला नेपाल या जापान से हो रहा है। वहीं, अब अखिलेश यादव चुनाव लड़ेंगे तो मुकाबला इंडिया और पाकिस्तान के मुकाबले जैसा होगा।

# अंता गांव में चारा मशीन से दो वर्षीय बच्चे के हांथ की छंगुनी कटी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 8:00 बजे 2 वर्षीय बच्चे को लेकर पिता और चाचा रोते बिलखते पहुंचे वहां पर मौजूद स्टाफ ने मलहम पट्टी कर देखा कि उसकी छंगुनी उंगली चारा मशीन से कट गई है। पिता ने बताया कि घर में बारात है जिसके चलते हम लोग समान को हम मोटरसाइकिल पर लाद रहे थे तभी यह चारा मशीन के पास पहुंच गया और उसमें उंगली दब गई जिसमें हाथ की छोटी उंगुली की मुख्य नस कट गई है। वहीं पर मौजूद चिकित्सक ने और फार्मासिस्ट रविंद्र सिंह व बार्ड व्याय राम प्रकाश ने पट्टी और टेपिंग कर कानपुर के लिए और रेफर करने के लिए कहा लेकिन घायल अमन 2 वर्षीय के पिता अमित , अंता गांव निवासी ने बताया कि घर में शादी है जिसकी वजह से हम कानपुर नहीं जा पाएंगे यही प्राइवेट श्रीश हॉस्पिटल में डॉक्टर शैलेंद्र को दिखाने चले गये फार्मासिस्ट रविंद्र सिंह ने बताया कि अगर ऑपरेशन समय से हो जाएगा तो उंगली बच सकती है। अस्पताल में एक्स-रे मशीन अभी तक चालू नहीं हो सकी है अगर एक्स-रे हो जाता तो बच्चे की प्लास्टर आदि किया जा सकता था जिससे उसकी प्राइवेट नर्सिंग होम में भागना नहीं पड़ता।

# नारकीय जीवन जी रहे कृष्णा नगर वासी करेंगे मतदान का बहिष्कार

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मोहल्ला कृष्णानगर, अकबरपुर सरायघाध, शहर कन्नौज के निवासियों ने नागरिक सेवाओ के अभाव और अपनी नियमित उपेक्षा से लिया मतदान बहिष्कार का निर्णय। बस्ती वासियों ने बताया कि यह बस्ती 15-20 वर्ष पुरानी है तथा 100 से अधिक परिवार यहाँ निवास कर रहे हैं। इन लोगों से गृहकर जलकर भी ससमय वसूल किया जा रहा है, लेकिन बुनियादी जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मोहल्ले में सड़क, गली, पेयजल, सीवर लाइन, जल निकासी, रोशनी की कोई भी व्यवस्था नहीं है और बस्ती के वाशिंदे नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। सुविधाओं के अभाव में कई बार नगर पालिका परिषद व प्रशासनिक उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई और हमेशा कोरा आश्वासन देकर टाल दिया गया. इस अनदेखी से बेहद दुखी व निराश और क्षुब्ध मोहल्लेवासियों ने सामान्य निर्वाचन लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में मतदान न करने का सामूहिक निर्णय लिया है और इसके लिए शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियो को ही जवाबदेह बताया है।

शनिवार को मोहल्ले के सभी लोग और महिलाएं शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन देंगे।

# बाल विवाह निषेध के तहत बालिकाओं को जागरूक किया गया

जन एक्सप्रेस । इटावा

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बाल विवाह निषेध जागरूकता अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को जागरूक किया गया।जिला प्रोबेशन कार्यालय के निर्देश पर यहां आयोजित उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन हम सभी को अपने आस पड़ोस व सगे संबंधियों में भी यह सुनिश्चित करना होगा कि कहीं कोई बाल विवाह न होने पाए।

यदि कहीं ऐसा लगे तो तत्काल इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानून अपराध भी है इसके अंतर्गत दोषियों को कारावास व अर्थदंड का भी प्रावधान है।पीएलवी रामसुंदर दुबे ने कहा कि बालिकाओं को 18 वर्ष की उम्र से पहले किसी भी कीमत पर शादी नहीं करनी है यदि कोई परिजन दबाव डालें तो उन्हें समझाएं अथवा चाइल्डलाइन पर शिकायत करें ताकि उन अभिभावकों को समझाया जा सके। यदि नहीं मानेंगे तो उन पर विधिक प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। लालमन बाथम ने लोक अदालत के माध्यम से सुलह समझौता प्रक्रिया तथा निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। चाइल्ड लाइन कर्मी अर्पित शर्मा ने बताया कि किस प्रकार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर आसानी से शिकायत करें तथा उस पर होने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने बताया कि यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सेवा में रहता है इस पर कभी भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रधानाचार्या प्रज्ञा सिंह के संयोजन में शिक्षिकाओं व बालिकाओं को यह शपथ भी दिलाई गई कि वे अपनी जानकारी में कोई भी बाल विवाह नहीं होने देंगे और न ही किसी बाल विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान कॉलेज की शिक्षिकाएं डिंपल पालीवाल, संध्या बबेडिया, गायत्री यादव, प्रीती सिंह आदि भी मौजूद रहीं।

# बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा बहू गर्भवती महिलाओं की जिंदगी संग कर रही खिलवाड़

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह





**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में आशा बहू एक ऐसा पद है जिसमें तैनात महिलाएं अपनी उंगलियों पर गर्भवती महिलाओं को नचाती रहती हैं कब उनकी जांच कहां करानी है कहां अल्ट्रासाउंड कराना है और कहां ले जाकर उनका ऑपरेशन कराकर बच्चा पैदा करवाना है? यह इन दोनों व्यवसाय चरम पर है जिसके चलते आशा बहू मनमानी करती नजर आती हैं। आशा बहू अगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी करवाती हैं जो पैसा सरकारी खाते में आता है उससे उनका पेट नहीं भरता है। कम पैसा मिलता है लेकिन अगर यही प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाकर ऑपरेशन करवा देती हैं तो मरीज का प्रवेश करते ही ?3000 का पैकेट उनको काउंटर से मिल जाता है और वह चुपचाप अपने घर चली जाती हैं रात में नर्सिंग होम 35000 से 40000 का बिल बना देता है मजबूरी में गरीब आदमी को पैसा देना पड़ता है गर्भवती महिला व पारिवारिजनों को कितना भयभीत कर देती हैं आशा बहू और स्टाफ नर्स की तुरंत यहां से ले जाओ नहीं तो जच्चा बच्चा की जान खतरे में है आखिरकार इस पर लगाम कब लगेगी?महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिम्मेदार डॉक्टर ना होने की वजह से आशा बहू की अपनी मनमानी चलती है! इसका जीता जागता उदाहरण 23 तारीख को देखने को मिला, जहां हिलालपुर गांव निवासी आशा बहू के द्वारा गर्भवती पूजा ने नवजात शिशु जन्म दिया था जन्म के बाद तबीयत बिगड़ने पर वहां पर मौजूद डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया था। लेकिन आशा बहू ने अपनी शादी कार्यक्रम में जाने की वजह से नवजात शिशु को और उसकी मां पूजा को बरगलाकर घर ले गई दो दिन बाद गुरुवार को सुबह जब पर्चा लेकर वह आई तो वहां की महिला अस्पताल के स्टाफ ने दूसरा पर्चा बनवाने के लिए अस्पताल में डॉक्टर के पास भेजा जहां मौजूद सुबह 8:30 पर फार्मासिस्ट रामेंद्र सिंह ने आशा बहू को फटकार लगाते हुए कहा कि आप बच्चे की जान के साथ खिलवाड़ करती हैं तीन दिन पहले रेफर का कागज बन चुका था इसके बाद क्यों नहीं ले गई तो वह गोलमाल जवाब देने लगी। आखिरकार यह लापरवाही की जिम्मेदार आशा बहू के साथ क्या स्टाफ की नहीं है अगर है तो क्या आशा बहू पर या जिम्मेदार पर कार्रवाई होगी,? वहीं पर बच्चों के ताऊ चंदन ने बताया कि भगवान राम राम करे 2 दिन कटे हैं हमारे बच्चे की जान भी जा सकती थी अब गांव की बात है तो हम क्या कहें इसके बाद रेफर कागज बनाकर आनन फानन में बच्चे और मां को को कानपुर भेजा गया है।

# योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के छात्रों ने लहराया परचम

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद को आवंटित 160 सीटों के सापेक्ष 159 सीटों पर उत्तीर्ण होकर विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया। उक्त छात्रवृत्ति परीक्षा परिषदीय एवं सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8 में पढ़ने वाले निम्न आय वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने पर जो बच्चे सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में ही आगे पढ़ाई जारी रखते हैं उनको कक्षा 9 से कक्षा 12 तक प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति के हिसाब से कुल 48000 रुपये सहायता के रूप में सरकार द्वारा उनके खातों में अंतरित किए जाते हैं। जनपद के मंडलीय नोडल एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने बताया कि गत सत्र में यह परीक्षा 5 नवंबर 2023 को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जनपद को आवंटित 160 सीटों में से 157 छात्रवृत्ति पर कब्जा किया था। इस बार का परिणाम शत प्रतिशत है केवल अनुसूचित जनजाति को आवंटित एक सीट खाली गई है। जनपदीय नोडल एसआरजी अनन्त त्रिवेदी ने बताया कि जारी परिणाम में विकासखंड अकबरपुर के संविलियन विद्यालय बिवाइन के छह छात्रों, झींझक के संविलियन विद्यालय खम्हैला के छह छात्रों, विकासखंड सरवन खेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय किसरवल के पांच छात्रों, अकबरपुर के संविलियन विद्यालय रोशनमऊ के पांच छात्रों सहित कई विद्यालयों के छात्रों ने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने समस्त चयनित छात्रों उनके अभिभावकों और उनके साथ मेहनत करने वाले शिक्षकों को इस सफलता पर शुभकामनाएं दी।

## पीएम मोदी बोले, कांग्रेस को अपने परिवार की चिंता, इन्होंने चोरी छिपे ओबीसी का आरक्षण छीना

# इंदिरा की प्रॉपर्टी बचाने के लिए राजीव ने कानून बदला, राहुल फिर लाना चाहते हैं

* पीएम ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुरैना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। पीएम ने कहा, देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा, कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं चाहिए।

### एक गोली आती है तो 10 गोली चल जानी चाहिए

कांग्रेस की पॉलिसी है जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही इसे लागू किया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की भी चिंता की। कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें खुली छूट दे दी। अगर एक गोली आती है, 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।

### कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी

कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज पहली बार देश के सामने एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। जब देश की पीएम बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी जो उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले कानून था कि उनको मिलने से पहले एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिराजी नहीं रहीं और उनके बेटे राजीव को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी तो प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के पीएम राजीव गांधी ने पहले के इंहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं। पीएम ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। इन्होंने कर्नाटक में जितने भी मुस्लिम समाज के लोग हैं, उन सभी को ओबीसी घोषित कर दिया है। यानी, वहां कांग्रेस ने शिक्षा और सरकारी नौकरी में पहले जिन ओबीसी लोगों को आरक्षण मिलता था, उस ओबीसी समाज में इतने सारे नए लोग डाल दिए कि उन्हें जो आरक्षण मिलता था, वो उनसे चोरी छिपे छीन लिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर कुर्सी के लिए छटपटा रही है। कुर्सी पाने के लिए भांति-भांति के खेल, खेल रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं।

### इन नामदारों से कुछ मत कहो, हम कामदार सहन करेंगे

कांग्रेस के शहजादे को मोदी के लिए भला-बुरा कहने में मजा आ रहा है। सोशल मीडिया और टीवी पर लोग चिंता जताते हैं कि ऐसी भाषा पीएम के लिए बोलना ठीक नहीं है। मेरी विनती है आप दुखी मत होइए, आपको पता है, वे नामदार हैं, हम तो कामदार हैं। नामदार तो कामदार को सदियों से ऐसे ही गाली-गलौज करते आए हैं। मैं तो गरीबी से निकला हूं, पांच-पचास गालियां पड़ जाएंगी तो पड़ जाएंगी।

### कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी

पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है।



### कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ

पीएम मोदी ने कहा- मप्र के लोगों ने कांग्रेस के समय का वो काला दौर भी देखा है। भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है और कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सबकुछ है। कांग्रेस की पॉलिसी है, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान, मेहनत और समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए, कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पैनशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही वन रैंक वन पैनशन को लागू किया।

### लोगों ने कांग्रेस का काला दौर देखा

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने एमपी को बीमारू राज्यों की लाइन में खड़ा कर दिया था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस के बनाए गड्ढों को भरने के बाद मध्य प्रदेश और चंबल को नई और गौरवपूर्ण पहचान दिलाई है। भाजपा सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के वो लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का काला दौर देखा है। 4 जून के बाद हमारे तेज तर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश का विकास और स्पीड पकड़ने जा रहा है।

### समस्या से दूर रहना चाहिए

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत सियाराम के जयघोष से की। उन्होंने कहा- मुरैना ने हमेशा उन्हीं का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। आप सबका उत्साह देखकर मैं कह सकता हूं कि मुरैना आज भी न अपने संकल्प से डिगा है और न ही कभी डिगेगा। मुरैना ने मन बना लिया है- फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के लोग जानते हैं कि समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो फिर उस समस्या से दूर ही रहना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ऐसी ही विकास विरोधी और एक बहुत बड़ी समस्या है।



# पटना के होटल में आग 6 की मौत, 20 घायल

### पीएमसीएच में भर्ती, 45 का रेस्क्यू, कई लोगों ने कूदकर बचाई जान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर पाल होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। इसमें 3 महिला और 3 पुरुष हैं। सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि 20 लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है। आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया। आग लगने के कारण पटना स्टेशन जाने वाले रास्ते को बंद किया गया था। बिल्डिंग 4 मंजिला थी। सभी फ्लोर पर आग फैली हुई थी। बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन का भी सहारा लिया गया। बताया जाता है कि आग लगने से होटल में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुए, इससे आग भड़क गई।

### दहल उठा इलाका भागने लगे लोग

आग लगने के साथ ही होटले में रखे सिलेंडर ब्लॉस्ट होने लगे। इससे दहशत फैल गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। 6 से ज्यादा सिलेंडरों में ब्लॉस्ट हुए। करीब तीन घंटे तक स्टेशन जाने वाली रोड को बंद कर दिया गया।

### फायर सर्विसेज के कमांडेंट ने कहा, ...तो 50 मौतें होतीं

रेस्क्यू टीम को लीड कर रहे फायर सर्विसेज के कमांडेंट मनोज कुमार ने बताया कि हाईड्रोलिक प्लेटफॉर्म की वजह से आग पर काबू पाया गया। अगर यह नहीं होता तो 50 लोगों की डेथ हो सकती थी।

### 51 गाड़ियां के पानी से बुझाई आग

फायर ब्रिगेड और बिहार होमगार्ड आईजी एम सुनील नायक ने बताया कि अब तक 35 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 15 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। आग पर काबू पाने के लिए अब तक 51 गाड़ियां लग चुकी हैं।

# पठानकोट में आर्मी स्टेशन के पास नहर किनारे धमाका



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पठानकोट

पठानकोट के आर्मी स्टेशन से मात्र 30 मीटर की दूरी पर नहर किनारे गुरुवार सुबह धमाका होने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना पठानकोट-सुजानपुर रोड पर बने नए पुल अबरोल नगर सुबह करीब 11ः35 बजे हुई। धमाका इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज आसपास के करीब दो किलोमीटर दूर लोगों के घरों तक पहुंची, जिसके चलते लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना का पता चलते ही डीएसपी सिटी सुमीर सिंह मान भी भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अलग-अलग पहलूओं से जांच शुरू कर दी। राहत की बात यह रही है कि किसी भी तरह का कोई जानी माली नुक्सान नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आसपास लगे घरों और दुकानों के पुलिस ने सीसीटीवी भी खंगालने शुरू कर दिए है और आर्मी के उच्च अधिकारियों से तालमेल करके संयुक्त रूप से मामले की जांच करवाई जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं कोई जानबूझ कर धमाकानुमा वस्तु तो नहीं फेंक कर गया। 2016 में एयरफोर्स स्टेशन के अटैक के बाद अब यह आर्मी बेस के निकट दूसरा धमाका देखने को मिला है।

### बच्चे और बड़े नहर किनारे करते है सुबह शाम सैर

जिस जगह धमाका हुआ है वहां पर रोजाना सुबह-शाम बड़े और बच्चे सैर करने के लिए आते जाते है। जहां तक कि दोपहर के समय भी कछ लोग नहर किनारे लगी सीमेंट की कुर्सियों पर बैठे दिखाई देते है। ऐसे में अगर कोई धमाके वाली जगह के निकट होता तो जानी माली नुक्सान होना संभव था। पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी की है। एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने कहा कि अबरोल नगर नहरी पुल के नीचे हुए ब्लास्ट का मुख्य कारण कांच की बीयर बोतल का फटना था। जिससे कोई भी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुबह जैसे ही ब्लास्ट होने की बात उन तक पहुंची तो तत्काल पुलिस पार्टी को मौके पर भेजा गया। पुलिस पार्टी ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया तो पता चला कि वहां पहले ही ही डंप किये गए कूड़े के ढेर पर कोई बोतल नुमा वस्तु ही फटी थी, जिससे ब्लास्ट होने की आवाज आई थी।

### पुलिस के हाथ लगे कुछ टुकड़े, फारेंसिक टीम जांच के लिए लगाई

घटनास्थल पर जैसे ही पुलिस टीम पहुंची तो देखा कि धमाके वाली जगह पर करीब एक फीट गहरा गड्ढा हो चुका था। उसके आसपास पुलिस ने एक वस्तु के टुकड़े भी बरामद किए है। हालांकि पुलिस ने इस बात को गुप्त रखा है और आगे की जांच फारेंसिक विभाग की टीम को सौंप दी गई है जो प्रत्येक पहलू से जांच में जुट चुकी है। धमाके की वजह से आसपास झाड़ियों को भी आग लग गई थी। पुलिस के हाथ लगे कुछ टुकड़े, फारेंसिक टीम जांच के लिए लगाई घटनास्थल पर जैसे ही पुलिस टीम पहुंची तो देखा कि धमाके वाली जगह पर करीब एक फीट गहरा गड्ढा हो चुका था। उसके आसपास पुलिस ने एक वस्तु के टुकड़े भी बरामद किए है। हालांकि पुलिस ने इस बात को गुप्त रखा है और आगे की जांच फारेंसिक विभाग की टीम को सौंप दी गई है जो प्रत्येक पहलू से जांच में जुट चुकी है। धमाके की वजह से आसपास झाड़ियों को भी आग लग गई थी।

# गुजरात में दूसरा स्टील ब्रिज लॉन्च

### अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्टः जमीन से 15.5 मी. की ऊंचाई पर बना पुल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



गुजरात के नडियाद के पास अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए दूसरा 100 मीटर लंबा स्टील ब्रिज लॉन्च किया गया है। 1486 मेट्रिक टन स्टील ब्रिज का निर्माण भुज जिले में स्थित वर्कशॉप में किया गया है। इस ब्रिज को जमीन से 15.5 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। इस पुल को भारतीय रेलवे लाइन की पावर ब्लॉक और ट्रैफिक की योजना को देखते हुए बनाया गया है।

### स्टील ब्रिज की लंबाई 60 मीटर से 130 मीटर तक

अधिकारियों ने बताया कि स्टील के प्रत्येक उत्पादन बैच का अल्ट्रासॉनिक टेस्टिंग (यूटी) के जरिए निर्माता के परिसर में परीक्षण किया गया है। कॉरिडोर के लिए यह 28 में से दूसरा ब्रिज है। पहला स्टील ब्रिज को सूरत के नेशनल हाईवे 53 पर लॉन्च किया गया है। इन स्टील ब्रिज के निर्माण में 70,000 एमटी निर्दिष्ट स्टील का उपयोग किया गया है। इन स्टील ब्रिज स्पैन की लंबाई 60 मीटर से 130 मीटर तक है। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे लाइनों, एक्सप्रेसवे और हाइवे को पार करने में स्टील के ब्रिज उपयुक्त हैं। बता दें कि भारत के पास 100 से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के लिए स्टील ब्रिज बनाने की विशेषज्ञता है। अब इसी विशेषज्ञता को 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली एमएएचएसआरसी (मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर) पर भी लागू की जा रही है।

### 2017 में शुरू हुआ था बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

बता दें कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को 1.08 लाख करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मुंबई से अहमदाबाद की 508 किमी की दूरी महज दो घंटे में पूरा करना है। बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा है। इस ट्रेन के लिए करीब 24 नदी पुल, 28 स्टील ब्रिज और सात पहाड़ी सुरंग बनाई जा रही है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम 2017 में शुरू किया गया था। केंद्रीय रेलवे मंत्री ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

### अरुणाचल में एनएच-313 पर भूस्खलन, दिबांग घाटी का संपर्क कटा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन की वजह से दिबांग वैली में हुनली और अनिनी के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 313 क्षतिग्रस्त हो गया है। बता दें कि लगातार भारी बारिश की वजह से पहाड़ी जिले की इस सड़क पर भूस्खलन हुआ। इस वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया और जिला मुख्यालय से दिबांग घाटी का संपर्क टूट गया। यह राजमार्ग भारत-चीन सीमा से लगभग 83 किलोमीटर दूर स्थित दिबांग घाटी में रोइंग को अनिनी को जोड़ता है। एक अधिकारी का कहना है कि हाईवे को दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है और जिला प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि बुधवार रात हुए भूस्खलन की वजह से दिबांग घाटी के हुनली और अनिनी के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे सीमावर्ती जिले का संपर्क कट गया है। अतिरिक्त जिला उपायुक्त ध्रुबज्योति बोरा का कहना है कि सड़क पर यातायात शुरू करने में कुछ दिनों का समय लग सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार शाम तक सड़क को हल्के वाहनों के लिए खोला जा सकता है।

### अपील

लोकतंत्र के पर्व का
वंदन है, अभिनंदन है।
जन-जन से करबद्ध अपील
हमारे मत में है इतना दम!
आज देश के राजा हैं हम!
इस लोकतंत्र के पर्व में हर वर्ग
की सहभागिता जरूरी है।
प्रत्येक महिला और पुरुष को
अपने विचार व्यक्त करने का
महत्वपूर्ण अवसर है।
सभी लोग मतदान केंद्र जाकर
अपने मत का प्रयोग करें।
एक सच्चे देशवासी होने
का कर्त्तव्य पूरा करें।

जय हिन्द!
जय भारत!



डॉ. अनीता चौधरी
वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा से

# पीएम हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहे

### 'धन पुनर्वितरण-विरासत कर' पर भाजपा के बयानों पर जयराम रमेश का पलटवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की बुधवार को विरासत कर की बात करके कांग्रेस को एक बार फिर फंसा दिया है। उनके इस बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा लगातार कांग्रेस को घेर रही है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के घोषणापत्र में विरासत कर और धन पुनर्वितरण का कहीं भी कोई जिक्र नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस के घोषणापत्र का प्रचार कर रहे हैं।

### विरासत कर को लेकर जयराम रमेश का पलटवार

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयराम रमेश ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में विरासत कर को समाप्त किया था। उन्होंने कहा, ÷मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमारे घोषणापत्र में कहीं भी विरासत कर के बारे में कोई बात नहीं कही गई है। सच्चाई यह है कि 1985 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर को समाप्त किया था। हमने विरासत कर के बारे में कोई जिक्र नहीं किया और यह हमारा एजेंडा नहीं है। जयराम रमेश ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि हमारे घोषणापत्र में धन पुनर्वितरण की बात कही गई है। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि हमारे 50 पन्नों के घोषणापत्र में कहीं भी धन पुनर्वितरण का जिक्र भी नहीं किया गया है।

### पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र का कर रहे प्रचारः रमेश

कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, भाजपा मुश्किल में है। प्रधानमंत्री भी हैरान है। 19 अप्रैल के बाद वह पूरे एजेंडा को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। वे हमारे घोषणापत्र को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे हैं। वह ऐसे मुद्दों को उठा रहे हैं जिसका जिक्र हमारे घोषणापत्र में भी नहीं है। जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में पीएम मोदी हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने इसे गलत बताया। उन्होंने आगे कहा कि पहली बार कोई प्रधानमंत्री विपक्ष के घोषणापत्र का प्रचार कर रहा है।

# शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के जन्मदिन पर महारक्तदान शिविर संपन्न



जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

* प्रताप फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आठ पत्रकारों ने भी किया रक्तदान

**भाईंदर।** मीरा भायंदर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था प्रताप फ़ाउंडेशन द्वारा आज शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के जन्मदिन के अवसर पर मीरा रोड के शिवार गार्डन में महारक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। सैकड़ो रक्तदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस महारक्तदान शिविर में आठ पत्रकारों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक तथा प्रताप फाउंडेशन के अध्यक्ष,विधानसभा चुनाव प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों के रूप में जि़ला प्रमुख राजु भोईर, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली,वरिष्ठ समाजसेवी विकास पाटिल,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अजय दुबे, उत्तर भारतीय महिला मोर्चा की जिला प्रमुख एडवोकेट अरुणा पांडे, शिवसेना यूनियन नेता मुस्तफा वनारा, ज्योति शर्मा, सत्यप्रकाश पांडे, राजबहादुर सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रिसेन सिंह (शिवा), कपिल परमार ,धर्मेंद्र सिंह, जगदीश नायक, पिंटू सिंह, सुधीर सिंह, रूपेश आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि प्रताप फाउंडेशन ने महारक्तदान द्वारा लोकनेता प्रताप सरनाईक के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्पलेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)